NA
Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN
METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 16 जून, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु.| वर्ष-6 | अंक-167

### आईएसआईएस की पत्रिका वॉयस ऑफ खुरासान में जेहाद का नारा

# हिंदुओं को रौंदो, बम से उड़ाओ, चाकू से चीर डालो

**वॉयस ऑफ खुरासान पत्रिका में छपा इस तरह का लेख भारत की आतंरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। वॉयस ऑफ खुरासान पत्रिका टेलीग्राम चैनलों के साथ फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल की जाती है। इसी वजह से नासमझ मुस्लिम युवक गुमराह होते हैं और सार्वजनिक स्थानों के साथ कुछ नामी-गिरामी हस्तियों पर हमले की आशंका बढ़ जाती है। इससे पैदा हुए हालात देश में अस्थिरता का माहौल बनाते हैं। सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।**

शुभ-लाभ सरोकार




आईएसआईएस समर्थित पत्रिका वॉयस ऑफ खुरासान ने हिंदुओं के कत्लेआम का खुला ऐलान किया है। इस नरसंहार के लिए भारत के साथ-साथ दुनिया भर के मुस्लिमों को उकसाया गया है। महमूद गजनवी और मोहम्मद बिन कासिम जैसे आक्रांताओं की तारीफ करते हुए इस पत्रिका में भारत के भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं को इस्लाम का दुश्मन घोषित किया गया है। इसी संस्करण में राम मंदिर पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है।आईएसआईएस समर्थित पत्रिका वॉयस ऑफ खुरासान ने अपने कवर पेज पर दी गई हेडलाइन में लिखा, हे बहुदेववादी भारतीय राजा। महमूद गजनवी का फिर से सामना करने के लिए तैयार हो जाओ। इसके बाद उन्होंने लिखा, भारत के मुशरिकों को कारों से मारो। चाकुओं से उनके पेट चीरो। इनके मंदिरों, घरों, कारों, सम्पत्तियों और फसलों में आग लगाओ। भीड़-भाड़ वाली जगहों को निशाना बनाओ। उन्हें दिखाओ कि पैगंबर मुहम्मद का उम्माह अभी जिंदा है।

**राम मंदिर पर भी की आपत्तिजनक टिप्पणी**

लेख यहीं खत्म नहीं हुआ। इसमें आगे लिखा गया, अगर भारत के मुसलमान हिंदुओं पर हमला करने में असमर्थ हैं तो दुनिया भर के मुस्लिमों को एक साथ मिलकर भारत पर हमला करना चाहिए। अगर तुम इसके बावजूद मुशरिकों पर काबू नहीं पा सके तो इस्लामिक विलायत के दरवाज़े तुम्हारे लिए खुले हैं। पश्चिम के देशों का जिक्र करते हुए इस लेख में उनको नास्तिक और मुस्लिमों को खत्म करने की कोशिश करने वाला बताया गया है।

**प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेता निशाने पर**

मुस्लिमों को भड़काने के लिए इस लेख में कहा गया है कि गैर मुस्लिम उनकी जमीनों पर कब्जा और महिलाओं का अपमान करते हुए शरिया कानूनों का मज़ाक उड़ा रहे हैं। आज के अधिकतर मुस्लिमों को इस दुनिया से मोहब्बत हो गई है, इसलिए वो जेहाद की राह में मरने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। ▶10 पर

### जी-7 समिट में छा गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# अहम मसलों पर भारत के साथ विश्व

**अपुलिया (इटली), 15 जून (एजेंसियां)।**

इटली के अपुलिया में हुए जी-7 सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रभावशाली मौजूदगी दर्ज हुई। प्रधानमंत्री मोदी कई अहम मसलों पर विश्व नेताओं को अपने विचार से सहमत कराने में सफल रहे। खास तौर पर चीन के खिलाफ जी-7 के सदस्य देशों ने सख्त पाबंदियां लगाने पर विचार किया। विश्व नेताओं का चीन विरोधी रुख भारत के पक्ष में रहा। जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिडिसी एयरपोर्ट से भारत के लिए रवाना हो गए।





कई अहम मसलों पर विश्व के नेता मोदी के विचार से सहमत

जी-7 नेताओं की ग्रुप फोटो में मोदी की प्रभावशाली उपस्थिति

इटली में उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पोप फ्रांसिस सहित कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, युक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की समेत कई नेताओं से हुई। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो से पीएम मोदी की मुलाकात काफी चर्चा में रही। क्योंकि पीएम मोदी ने खालिस्तानियों से दूर रहने की त्रूदो को सलाह दी। ▶10 पर

### मेक इन इंडिया मिशन के तहत रक्षा उत्पाद निर्यात बढ़ेगा

# रक्षा उत्पाद के निर्यात का लक्ष्य 50 हजार करोड़: राजनाथ




**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा के क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयां छू रहा है। इसी क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस साल के लिए रक्षा निर्यात के लिए लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। उन्होंने मेक इन इंडिया मिशन के तहत 50,000 करोड़ रुपए अधिक के देसी सैन्य उत्पाद के निर्यात का लक्ष्य रखा है। रक्षा क्षेत्र के उत्पादन को मेक इन इंडिया के तहत हासिल किया जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडीजीनस रिसर्च एंड डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई प्रमुख डिफेंस प्रोडक्शन इनिशिएटिव्स और प्रमुख योजनाओं की समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की। उन्होंने आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना को तैयार करने के लिए समीक्षा बैठक की। राजनाथ सिंह ने पिछले साल 2023-24 में हुए रक्षा निर्यातों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले साल 21,083 करोड़ रुपए के रक्षा उत्पादों का निर्यात किया गया था। यह अपने आप में ऐतिहासिक रक्षा निर्यात था। रक्षा मंत्री कहते हैं कि अब हमारा लक्ष्य 2028-29 तक 50,000 करोड़ रुपए से अधिक के रक्षा निर्यात का है। रक्षा मंत्री ने इस बात की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों को और अधिक अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित करना ही हमारा लक्ष्य है ताकि वे बड़ी से बड़ी चुनौतियों का आसानी से सामना कर सकें। राजनाथ ने कहा, हमारा लक्ष्य सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत करना है, जिसमें रक्षा और विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दिया जाएगा।

जानकारी मिली है कि आर्मेनिया, फिलीपींस और वियतनाम जैसे कई देशों की तरफ से मिली मांग के मुताबिक सैन्य निर्यात पाइपलाइन में है। जल्द ही कई अन्य रक्षा सौदों पर भी हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। ▶10 पर

## मोदी की पहल: चीन के खिलाफ विश्व नेताओं में एकजुटता



**अपुलिया (इटली), 15 जून (एजेंसियां)।**

जी-7 शिखर सम्मेलन में चीन के विरोध में यूरोपीय देशों में गजब की एकजुटता दिखी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय पहल इस मामले में रंग लाई। सम्मेलन के दूसरे दिन जी-7 के मेजबान देश इटली ने अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी तथा कनाडा के साथ एकजुट होकर चीन पर कड़े प्रतिबंध लगाने का मसौदा पेश किया। कम्युनिस्ट ड्रैगन के विरुद्ध दो प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। इनमें ऐसी कंपनियों पर पाबंदी की बात की गई है, जिन्होंने रूस को पाबंदियों से बचाने के लिए धोखे से तेल की ढुलाई की है। जी-7 में दुनिया के सात सबसे बड़ी तथा विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देश इस समय एकजुट होकर ▶10 पर

## पीएम मोदी और मेलोनी की सेल्फी और अहम वार्ता चर्चा में



**अपुलिया (इटली), 15 जून (एजेंसियां)।**

इटली के अपुलिया में 13 से 15 जून तक जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने एक सेल्फी क्लिक की। इस तस्वीर में दोनों नेता काफी प्रसन्न दिखे। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सेल्फी का वीडियो भी साझा किया। पांच सेकंड का यह वीडियो शनिवार को मेलोनी ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी हंसते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो को फिर से शेयर किया और लिखा, भारत-इटली की दोस्ती अमर रहे! इस सम्मलेन के बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में ▶10 पर

### स्विट्जरलैंड में जुटे भारत समेत विश्व के 100 प्रतिनिधि

# स्विस शांति वार्ता रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने की पहल




**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड), 15 जून (एजेंसियां)।**

रूस-यूक्रेन संघर्ष पर स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन के लिए भारत ने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजा है। रूस और यूक्रेन के बीच बीते दो साल से भी ज्यादा समय से युद्ध चल रहा है। कोशिश है कि स्विट्जरलैंड शांति शिखर सम्मेलन की पहल से रूस-यूक्रेन संघर्ष रुके। दुनियाभर के 100 से अधिक नेता रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए शांति योजना बनाने के लिए शनिवार को स्विट्जरलैंड में जुटे हैं। इस जमावड़े में अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और यूरोपीय संघ, दक्षिण अमेरिकी, मध्य पूर्व और एशियाई देशों के राष्ट्र-प्रमुख भी शामिल हैं। यह रूस-यूक्रेन के लिए शांति योजना बनाने के अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी प्रयासों में से एक है। इसी साल मार्च में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भारत को भी औपचारिक शांति शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया था। जनवरी 2024 में स्विस सरकार ने घोषणा की थी कि देश रूस-यूक्रेन युद्ध के शांति फार्मूले पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। ▶10 पर

### दिल्ली के एलजी ने आपराधिक मामला चलाने की मंजूरी दी

# भारत विरोधी अरुंधति रॉय पर यूएपीए के तहत कार्रवाई

**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)।**

दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने कश्मीर को भारत से अलग बताने वाली लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और कथित पत्रकार आरफा खानम शेरवानी जैसे राष्ट्र विरोधी लोग अरुंधती रॉय के पक्ष में खड़े हो गए हैं। महबूबा मुफ्ती ने कहा, अरुंधति रॉय विश्व प्रसिद्ध लेखिका और एक बहादुर महिला हैं, जो फासीवाद के खिलाफ एक शक्तिशाली आवाज के रूप में उभरी हैं। उन पर कठोर यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। भारत सरकार मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए अपनी क्रूरता जारी रखे हुए है। कश्मीर के एक पूर्व लॉ प्रोफेसर पर मामला दर्ज करना भी हताशा का काम है।



तमाम भारत विरोधी तत्व अरुंधति के पक्ष में खड़े हुए

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा, अगर अरुंधति रॉय पर यूएपीए के तहत मुकदमा चलाकर भाजपा यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि वे वापस आ गए हैं तो ऐसा नहीं है। वे कभी भी उस तरह वापस नहीं आएंगे जैसे वे पहले थे। इस तरह के फासीवाद के खिलाफ भारतीयों ने वोट दिया है।

कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने कहा, मैं अरुंधति रॉय पर मुकदमा चलाने के लिए एलजी की मंजूरी की कड़ी निंदा करता हूं। वह एक शानदार, अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्ध लेखिका और एक अग्रणी बुद्धिजीवी हैं।

बुद्धिजीवियों, कलाकारों, लेखकों, कवियों और कार्यकर्ताओं की असहमति को कुचलने पर फासीवाद पनपता है। भाजपा असहमति जताने वालों को विचलित करने और अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए प्रतिदिन उनके लिए संकट पैदा करती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर यह हमला अस्वीकार्य है।


इस्लामी कट्टरपंथ पर चुप्पी साधे रहने वाली कथित पत्रकार आरफा खानम शेरवानी ने भी अरुंधती रॉय का पक्ष लिया है। ▶10 पर

## मुठभेड़ में मारे गए आठ नक्सली, एक जवान शहीद, दो जख्मी

**नारायणपुर, 15 जून (एजेंसियां)।**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में अबूझमाड़ के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ आठ नक्सली मारे गए। मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया और दो जवान घायल हैं। खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी थी। अबूझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सीमावर्ती जिलों के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया है। जवानों का संयुक्त ऑपरेशन अबुझमाड़ के कुतुल फरसबेड़ा कोड़तामेटा क्षेत्र में जारी है। संयुक्त ऑपरेशन में नारायणपुर-कोंडागांव-कांकेर-दंतेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ और आईटीबीपी की 53वीं बटालियन बल शामिल हैं। ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $33^0$
न्यूनतम : $25^0$

**खालिस्तानी कर रहे गांधी पर हमला, पर चुप हैं मोहब्बत के दुकानदार**

# इटली में भी तोड़ दी महात्मा गांधी की प्रतिमा

**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)।**

महात्मा गांधी पर खालिस्तानियों और अन्य राष्ट्र विरोधी तत्वों पर लगातार हमला किया जा रहा है और उनकी प्रतिमाएं तोड़ कर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। लेकिन महात्मा गांधी की विरासत संभालने का दावा करने वाले मोहब्बत के दुकानदार, फर्जी लिबरल्स और गांधी-भक्त शातिराना चुप्पी साधे बैठे हैं। इटली में भी महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से होना था। लेकिन प्रतिमा तोड़ दिए जाने के कारण गांधी प्रतिमा का अनावरण नहीं हो सका।

जून 2023 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर थे। सैन फ्रांसिस्को के एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा था कि वे नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। उसी आयोजन में कुछ खालिस्तानी समर्थक आए और उन्होंने खालिस्तान के समर्थन और भारत के विरोध में नारे लगाए। उसका वीडियो अभी भी देखा जा सकता है। उस आयोजन में उन नारों के बीच राहुल गांधी ने फिर से मुहब्बत की दुकान का उल्लेख किया था।




मोदी को करना था गांधी प्रतिमा का अनावरण, नहीं हो पाया

उन्होंने न खालिस्तानी नारों का विरोध किया और न ही भारत विरोधी नारों का। अपने संबोधन में उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री मोदी एवं भारत में कथित असहिष्णुता का अवश्य उल्लेख किया था। पूरे देश को यह बात खटकती है कि आखिर महात्मा गांधी के नाम पर मोदी सरकार पर निशाना साधने वाला कांग्रेसी एवं कथित गांधीवादी वर्ग खालिस्तानियों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा के अपमान पर चुप्पी क्यों साधे रहता है?

कांग्रेस पार्टी स्वयं को महात्मा गांधी का वैचारिक एवं स्वाभाविक उत्तराधिकारी मानती है। और इसी के साथ गांधीवादी विचारकों का एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा है, जो यह मानता है कि महात्मा गांधी की उत्तराधिकारी कांग्रेस पार्टी ही हो सकती है। फिर भी पिछले दिनों कई ऐसी घटनाएं विदेशी जमीन पर हुई हैं, जिन पर न ही गांधी वादियों का विरोध सामने आया है और न ही कांग्रेस का।

खालिस्तानी समर्थकों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमाओं का लगातार विदेशी भूमि पर अपमान किया जा रहा है। ▶10 पर

TIBCON
CAPACITORS
It's all about
SAVING ENERGY
AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

# भारत से नहीं चीन से 1 बिलियन डॉलर कर्ज लेगा बांग्लादेश

## तीस्ता मास्टर प्लान में होगा इस्तेमाल, शेख हसीना ने संसद में किया ऐलान

**ढाका, 15 जून (एजेंसियां)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना इसी महीने 21 जून को भारत दौरे पर आएंगी। वो भारत यात्रा के बाद जुलाई में चीन का दौरा कर सकती हैं। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस यात्रा के दौरान वो चीन से तीस्ता मास्टर प्लान को लेकर डील कर सकती हैं।

तीस्ता मास्टर प्लान के तहत बांग्लादेश बाढ़ और मिट्टी के कटाव पर रोक लगाना और गर्मियों में जल संकट से निपटना चाहता है। इसके साथ ही बांग्लादेश एक विशाल बैराज निर्माण कर तीस्ता के पानी को एक सीमित इलाके में कैद करना चाहता है ताकि वहां हासिल की गई जमीन का इस्तेमाल कर सके।

इस प्रोजेक्ट के लिए चीन बांग्लादेश को 1 बिलियन डॉलर की रकम सस्ते कर्ज के तौर पर देने के लिए तैयार हो गया है। हालांकि बांग्लादेश को कर्ज देने के लिए भारत भी तैयार है। पिछले महीने भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने ढाका की यात्रा के दौरान तीस्ता मास्टर प्लान में सहयोग करने की इच्छा जताई थी। भारत की तरफ से संकेत मिलने



के बावजूद शेख हसीना की दिलचस्पी चीन से कर्ज लेने में दिखाई दे रही है। बीते बुधवार को शेख हसीना ने संसद में कहा कि बांग्लादेश तीस्ता मास्टर प्लान को लागू करने के लिए चीन से आसान शर्तों पर कर्ज हासिल करने की कोशिश कर रहा है। जानकारों का कहना है कि कि चीन लंबे समय से तीस्ता मास्टर प्लान के लिए बांग्लादेश को कर्ज देने की कोशिश कर रहा है मगर भारत की नाराजगी की वजह से वह अब तक ऐसा नहीं कर पाया था। अब अचानक बांग्लादेश ने चीन के कर्ज प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या बांग्लादेश को इसके लिए भारत की सहमति मिली है या फिर बांग्लादेश की नीति में कोई बदलाव आ गया है।

बांग्लादेश के लिए भारत की सहमति के बिना तीस्ता मास्टर प्लान पर काम करना इतना आसान नहीं होगा। दरअसल इसके लिए बांग्लादेश को भारत के साथ तीस्ता नदी जल बंटवारा समझौता करना होगा। हालांकि ये इतना आसान नहीं है। साल 2011 में जब कांग्रेस की सरकार थी तब भारत, तीस्ता नदी जल समझौता पर दस्तखत करने को तैयार हो गया था। लेकिन ममता बनर्जी की नाराजगी की वजह से मनमोहन सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी पीएम बने। एक साल बाद वो बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के साथ बांग्लादेश गए। इस दौरान दोनों नेताओं ने बांग्लादेश को तीस्ता के बंटवारे पर एक सहमति का यकीन दिलाया था। लेकिन 9 साल बीतने के बावजूद अब तक तीस्ता नदी जल समझौते का समाधान नहीं निकल पाया है।

तीस्ता नदी के जल का बंटवारा भारत-बांग्लादेश के बीच सबसे बड़ा विवाद है। तीस्ता हिमालय से निकलती है और सिक्किम के रास्ते भारत में प्रवेश करती है। यह नदी पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश पहुंचती हैं जहां पर वह असम से आ रही ब्रम्हपुत्र नदी में मिल जाती है। बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र नदी को जमुना कहा जाता है। इस लंबी यात्रा के दौरान तीस्ता नदी की 83% यात्रा भारत में और 17% यात्रा बांग्लादेश में होती है। इस दौरान सिक्किम, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तीनों क्षेत्रों में रहने वाले करीब 1 करोड़ लोगों की पानी से जुड़ी जरुरतें ये नदी पूरा करती है। बंग्लादेश तीस्ता का 50 फीसदी पानी पर अधिकार चाहता है। जबकि भारत खुद नदी के 55 फीसदी पानी का इस्तेमाल करना चाहता है। जानकारों के मुताबिक अगर तीस्ता नदी जल समझौता होता है तो पश्चिम बंगाल इसके पानी का मनमुताबिक इस्तेमाल नहीं कर पाएगी। यही वजह है कि वह इसे टालती रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत नहीं चाहता कि तीस्ता मास्टर प्लान प्रोजेक्ट चीन को मिले। इसकी वजह रणनीतिक और सुरक्षा से जुड़ी वजहें हैं। दरअसल चीन को मिले अधिकांश प्रोजेक्ट वहां की सरकारी कंपनियों को मिलते हैं। ऐसे में भारत को डर है कि वो जल प्रवाह से जुड़ा डेटा और नदी से जुड़ी कई जानकारी चीनी सरकार को दे सकते हैं। इसके साथ ही यदि चीन को तीस्ता प्रोजेक्ट मिल जाता है तो उसकी लोगों की उपस्थिति भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर जिसे चिकन नेक भी कहा जाता है, उसके करीब होगी। सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास भारत-तिब्बत-भूटान ट्राई-जंक्शन है। ये जगह भारत को शेष पूर्वोत्तर भारत से जोड़ती है। यही वजह है कि भारत नहीं चाहता कि इतनी महत्वपूर्ण जगह के समीप चीन की मौजूदगी हो।

# फिलीपींस में जनवरी से अब तक डेंगू ने 197 लोगों की जान ली




**मनीला, 15 जून (एजेंसियां)।** फिलीपींस में इस वर्ष जनवरी से एक जून तक डेंगू के कारण 197 लोगों की जान चली गयी। स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने शनिवार को बताया कि एक जनवरी से एक जून तक डेंगू के लगभग 70,500 मामले दर्ज किये गये। उन्होंने कहा कि प्रति सप्ताह डेंगू के नए मामलों की बढ़ती संख्या पर निगरानी रखी जा रही है, क्योंकि पहले की गिरावट का रुझान अब स्थिर होने लगा है।

स्वास्थ्य विभाग ने उल्लेख किया कि मुख्य लूजोन द्वीप के उत्तरी भाग और दक्षिणी फिलीपींस के सात क्षेत्रों में हाल के तीन से चार सप्ताह में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखी गई। मौसम ब्यूरो ने बताया कि 29 मई को फिलीपींस में वर्षा की शुरुआत होने के आसार हैं।

स्वास्थ्य मंत्री टेओडोरो हर्बोसा ने कहा, एक जगह पर एकत्र पानी से मच्छरों की संख्या में वृद्धि होती है। लोगों से आग्रह है कि अपने आसपास पानी एकत्र नहीं होने दें।

## लाल सागर में जहाजों पर हमले के बाद 21 फिलीपींस नाविक सुरक्षित बचाए गए

**मनीला, 15 जून (एजेंसियां)।** लाल सागर में इस सप्ताह की शुरुआत में एक मालवाहक जहाज पर हमले के बाद उसमें सवार फिलीपींस के 22 नाविकों में से 21 को बचा लिया गया है और वे सुरक्षित हैं। फिलीपींस के प्रवासी श्रमिक मंत्री हंस कैकडैक ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संयुक्त अंतराष्ट्रीय बलों ने जहाज पर बुधवार को हुए हमलों से 21 फिलिपिनो नाविकों को बचाया है। तथा बचाव दल अभी भी जहाज के अंदर लापता नाविक की तलाश कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि फिलीपींस सरकार ने अप्रैल में भू-राजनीतिक संघर्षों के कारण देश के नाविकों को लाल सागर से गुजरने वाले अन्य जहाजों पर तैनात रहने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बावजूद भी वे यहां से गुजरने वाले जहाजों में शामिल होने का खतरा मोल लेते हैं।

## भूमध्य सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे रूस, मिस्र



**मॉस्को, 15 जून (एजेंसियां)।** रूस के प्रशांत बेड़े के दो युद्धपोत मिस्र की नौसेना के साथ भूमध्य सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लेंगे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की।मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल क्रूजर वैराग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित प्रशांत बेड़े के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में शामिल होने के लिए मिस्र के बंदरगाह अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है। अभ्यास के दौरान मिस्र की नौसेना का प्रतिनिधित्व फ्रिगेट ईएनएस अल-कादिर द्वारा किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि अभ्यास उस विशेष प्रारूप में आयोजित किये जायेंगे, जो विभिन्न देशों के बेड़े के बीच युद्ध समन्वय तकनीकों में महारत हासिल करने पर केंद्रित है। संचार प्रशिक्षण और निरीक्षण कार्रवाई संयुक्त युद्धाभ्यास के हिस्से होंगे।

### 2045 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा

## चीन के साथ मिलकर रूस चंद्रमा पर अनुसंधान स्टेशन बनाने पर सहमत

एजेंसी, बीजिंग

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीन के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह एक महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष परियोजना है, जिसकी घोषणा पहले की गई थी। अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन (आईएलआरएस) से जुड़ा दस्तावेज बुधवार को रूसी आधिकारिक कानूनी सूचना पोर्टल पर प्रकाशित किया गया था। चीन के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के मुख्य डिजाइनर वू वीरेन ने अप्रैल में कहा था कि आईएलआरएस को दो चरणों में बनाया जाएगा। वू के अनुसार, आईएलआरएस निर्माण परियोजना के पहले चरण में 2035 तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बुनियादी स्टेशन बनाया जाएगा। दूसरे चरण में स्टेशन का विस्तार किया जाएगा, जिसे 2045 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राज्य अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के उप महानिदेशक सर्गेई सेवलीव ने कहा कि लगभग 12 और देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस महत्वाकांक्षी पहल पर हस्ताक्षर किए हैं।

### सफलतापूर्वक पहुंचा चीनी यान

इससे पहले मार्च में, रूसी सरकार ने चीन के साथ समझौते की पुष्टि के लिए संसद के निचले सदन में एक विधेयक प्रस्तुत किया था। चंद्रमा से नमूना एकत्र करने के लिए चीन की ओर से भेजे गए मिशन के वहां सफलतापूर्वक पहुंचने के बाद यह फैसला सामने आया है।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## प. अफ्रीकी देश नाइजर के अपदस्थ राष्ट्रपति बजूम पर चलेगा मुकदमा

एजेंसी, नियामी

पश्चिमी अफ्रीका का देश नाइजर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के कारण सुर्खियों में है। नाइजर की सुप्रीम कोर्ट ने अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद बजूम के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। अदालत ने देश के राष्ट्रपति को मिली हुई सुरक्षा को खत्म करते हुए यह अहम फैसला पारित किया। उल्लेखनीय है कि एक साल पहले उन्हें विद्रोही सैनिकों द्वारा शासन से हटा दिया था। एक वकील ने कहा कि अब उनके खिलाफ कथित उच्च राजद्रोह के लिए मुकदमा चलाय जा सकता है। बजूम और उनका परिवार सैन्य तख्तपलट के बाद से ही घर में नजर बंद हैं। जुंटा अधिकारियों का कहना है कि वे उन पर उच्च राजद्रोह और राष्ट्रीय सुरक्षा को कम करने के लिए केस चलाना चाह रहे हैं। बता दें, बजूम के वकील रीड ब्रॉडी ने फैसले की आलोचन की है। उन्होंने इसे कानून का मजाक बताया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने मुवक्किल से बात करने का मौका भी नहीं मिला। यह मजाक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बजूम के वकील पिछले अक्टूबर से उनसे संवाद करने में असमर्थ हैं।

### टीवी पर लाइव आकर किया था एलान

विदेशी मीडिया के अनुसार, जुलाई 2023 को नाइजर के राष्ट्रीय चैनल पर सैनिकों ने आकर तख्तापलट का एलान किया था। कर्नल अमादौ अब्द्रमाने अपने साथी सैनिकों और अधिकारियों के साथ टीवी पर आए। उन्होंने टीवी पर बजौम की सरकार को पलट देने का एलान किया। कर्नल ने टीवी पर लाइव आकर कहा कि देश की बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था और खराब शासन के कारण हम राष्ट्रपति शासन को खत्म कर रहे हैं। नाइजर के बॉर्डर सील हैं। अब न तो कोई देश से बाहर जा सकता है और न ही बाहर से देश में प्रवेश कर सकता है। पूरे देश में कर्फ्यू है। सरकारी अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने नाइजर की सत्ता पर कब्जा करने के लिए सेना की निंदा की थी। मिलर ने कहा कि अमेरिका नाइजर को लेकर चिंतित है।

### अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत में संपन्न चुनाव प्रक्रिया को सराहा

## भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को देख प्रभावित हुआ अमेरिका, सभी नागरिकों को दी बधाई

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिका ने कहा कि भारत के चुनाव किसी भी देश की तुलना में चुनावी मताधिकार की सबसे बड़ी कवायद हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा, '' हम भारत में हुए चुनाव से बेहद प्रभावित हैं। यह इतिहास में किसी भी देश में चुनावी मताधिकार की सबसे बड़ी कवायद थी।'' मिलर ने भारत में हुए चुनावों और भारतीय संसद में मुसलमानों के प्रतिनिधित्व पर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। मिलर ने हालांकि स्पष्ट तौर पर सवाल का जवाब देने से परहेज किया और कहा कि इस पर भारत के लोगों को निर्णय करना है। उन्होंने कहा, '' मैं भारत में




हुए चुनाव के संबंध में कुछ भी नहीं कहूंगा सिवाय उसके जो हमने पहले कहा था कि चुनाव से जुड़े मुद्दों के बारे में निर्णय भारत की जनता को लेना है। अमेरिका में भारत-केंद्रित व्यापार एवं व्यवसाय समूह 'द बोर्ड ऑफ अमेरिका-भारत स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम' ने चुनाव को लेकर कहा था, ''हमारी संस्था राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 2024 के आम चुनावों में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देती है।'

### किसी भी प्रकार दखल से इनकार

मैथ्यू मिलर इससे पहले भारत में हुए चुनाव को लेकर प्रतिक्रिया दे चुके हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था, ''अमेरिका की ओर से, हम भारत सरकार और वहां के मतदाताओं को इतने बड़े चुनाव का आयोजन सफलतापूर्वक करने और उसका हिस्सा बनने के लिए बधाई देते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं चुनाव जीतने और हारने वालों पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा जैसा कि दुनियाभर में किया जाता है। हमारे लिए महत्वपूर्ण यह है कि हमने इतिहास में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद को देखा, जहां भारत के लोग मतदान के लिए घरों से बाहर निकले।'' मैथ्यू मिलर ने अमेरिका सहित पश्चिमी देशों की तरफ से भारत के चुनावों में दखल को लेकर तमाम खबरों का भी खंडन किया था।

### ओपिनियन पोल में सुनक की पार्टी को मिला तीसरा स्थान

## ब्रिटेन में आए ओपिनियन पोल में सुनक की पार्टी को विपक्षी दल ने किया पराजित

एजेंसी, लंदन

ब्रिटेन में चार जुलाई को चुनाव होने वाला है। इस चुनाव से पहले जारी एक ओपिनियन पोल में नाइजेल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी ने ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को पीछे छोड़ दिया। स्थानीय मीडिया के ओपिनियन पोल के अनुसार, रिफॉर्म यूके को 19 फीसदी, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी को 18 प्रतिशत वोट मिले। वहीं लेबर पार्टी 37 प्रतिशत वोट के साथ शीर्ष पर रही। इस ओपिनियन पोल के अनुसार, सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी तीसरे स्थान पर है।

**सख्त आव्रजन कानून जैसे मुद्दों का समर्थन:** यह सर्वेक्षण 12-13 जून को किया गया, जिसमें 2,211 लोगों ने हिस्सा



लिया था। नाइजेल फराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, "यह एक अहम मोड़ है। यहां केवल कंजर्वेटिव वोट बर्बाद होने वाला है। हम लेबर पार्टी को चुनौती दे रहे हैं।" फराज को यूरोपीय संघ से ब्रिटेन को बाहर निकालने के लिए उनके सफल अभियान के लिए जाना जाता है। बता दें कि इस छोटी दक्षिणपंथी पार्टी की स्थापना 2018 में ब्रेक्जिट पार्टी के तौर पर की गई थी।

### समर्थन भौगोलिक क्षेत्रों में ज्यादा है

डी-डे स्मारक कार्यक्रम से अन्य विश्व स्तरीय नेताओं से पहले निकल जाने के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। अन्य ओपिनियन पोल में कंजर्वेटिव पार्टी को रिफॉर्म से आगे बताया जा रहा है। गुरुवार को जारी ओपिनियन पोल में कंजर्वेजिव पार्टी को पीछे छोड़ने के बावजूद कई संसदीय सीट ऐसे हैं, जहां रिफॉर्म के जीतने की उम्मीद नहीं है। रिफॉर्म का समर्थन पूरे देश में फैला हुआ है, जबकि कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी का समर्थन भौगोलिक क्षेत्रों में ज्यादा है।



## रामाफोसा एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति चुने गए, जूलियस मालेमा को बड़े अंतर से हराया

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीकी संसद ने सिरिल रामाफोसा को एक बार फिर से 5 सालों के लिए राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया है, जबकि उनकी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) ने एक कुछ पहले हुए आम चुनावों में केवल 40 प्रतिशत वोट ही हासिल किए थे। रामफोसा ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों नेता जूलियस मालेमा के खिलाफ जोरदार जीत हासिल की, जिसे संसद में भी नामांकित किया गया था। रामफोसा को 283 जबकि मालेमा को सिर्फ 44 वोट मिले। ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि रामफोसा बुधवार को अपने मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। शुक्रवार रात जैसे ही चुनाव का परिणाम आया वैसे ही कई दिनों से चली आ रही चुनावी अटकलें भी खत्म हो गईं। कुछ लोगों ने दक्षिण अफ्रीकी राजनीति में एक नए युग के रूप में गठबंधन का स्वागत किया, जिनका मानना है कि ये गठबंधन भाईचारे को बढ़ाएगा और बीमार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। एएनसी महासचिव फिकिले मबालुला ने मीडिया से कहा कि हमको 60 लाख लोगों ने वोट दिया है, जो चाहते हैं कि हम लोगों के जीवन को बहेतर बनाने के लिए परिवर्तन लाएं। उन्होंने कहा कि एएनसी अकेले ये काम नहीं कर सकती है।

### कॉस्को शिपिंग पोर्ट्स चांके में करीब 3.6 अरब डॉलर की लागत से बना रहा बंदरगाह

## दक्षिण अमेरिका में चीन के मेगापोर्ट से बिगड़ेंगे दोनों देशों के रिश्ते

एजेंसी, बीजिंग

चीन की एक बड़ी कंपनी कॉस्को शिपिंग पोर्ट्स लीमा से 80 किलोमीटर दूर यहां चांके में एक मल्टीपरपस पोर्ट टर्मिनल यानी मेगापोर्ट (बंदरगाह) बना रही है। माना जा रहा है कि ये ऐसा ढांचा होगा जिसके जरिए चीन पेरू में अपनी मौजूदगी बना सकेगा। अपने बड़े विस्तार और कार्यक्षमता के कारण ये बंदरगाह जल्द ही यहां से होने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बन सकता है। हालांकि, इन सबके बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बंदरगाह का उद्घाटन इस के अंत तक हो सकता है। इसके तैयार होते ही चीन तथा अमेरिका के बीच और अधिक रिश्ते खराब हो सकते हैं।

**3.6 अरब डॉलर से बन रहा:** चीन का कॉस्को शिपिंग पोर्ट्स चांके में बंदरगाह को करीब 3.6 अरब डॉलर की लागत से बना रहा है। यहां की सरकार को उम्मीद है कि इससे एशिया और दक्षिण अमेरिका के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य निर्यातों के लिए नए बाजार खोल सकता है। वहीं, पेरू की सरकार को उम्मीद है कि इस बंदरगाह से हर साल चीन और दक्षिण अमेरिका के बीच अरबों डॉलर का व्यापार हो सकेगा।




### नए रास्ते खोलेगा

पेरू के तट पर ब्लूबेरी और एवोकैडो उगाने वाले डैनियल बस्टामांटे ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि बंदरगाह फलों के लिए नए एशियाई बाजार खोलेगा, जिन्हें वर्तमान में वह ज्यादातर यूरोप और अमेरिका में भेजते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह बंदरगाह एशिया के लिए एक खिड़की होगा।

### इसलिए छिड़ सकता है विवाद

रिपोर्ट के अनुसार, बंदरगाह ने अमेरिका के लिए एक चुनौती खड़ी कर दी है, जो लैटिन अमेरिका में चीन के उदय को रोकना चाहता है। अमेरिका को चिंता है कि बंदरगाह के जरिए बीजिंग को दक्षिण अमेरिका के संसाधनों पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने का मौका मिल जाएगा। अमेरिकी दक्षिणी कमान की प्रमुख जनरल लॉरा रिचर्डसन के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, इससे चीन के लिए क्षेत्र से इन सभी संसाधनों को निकालना और भी आसान हो जाएगा, इसलिए यह चिंता का विषय होना चाहिए। गौरतलब है, अमेरिका और चीन के बीच संबंध पिछले कुछ दशकों में काफी खराब हो गए हैं। हालांकि, दोनों देशों ने कूटनीतिक रूप से फिर से जुड़ने के लिए कदम उठाए हैं।

### अमेरिकी सांसदों की बाइडेन प्रशासन से मांग

## 'डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स' की मदद करे सरकार

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिका में दोनों पक्षों के 43 सांसदों ने जो बाइडेन प्रशासन से ढाई लाख से अधिक 'डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स' के संरक्षण के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है, जिनमें बड़ी संख्या भारतीयों की हैं। 'डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स' वह विदेशी नागरिक हैं जो अपने माता-पिता के अस्थायी, गैर-आप्रवासी वीजा, सामान्य तौर पर कामकाजी वीजा के तहत आश्रित के रूप में अमेरिका में आए है। ये लोग अपने माता-पिता के वीजा के माध्यम से प्राप्त अस्थायी कानूनी दर्जा समाप्त होने के बाद आत्म-निर्वासन के लिए मजबूर होंगे। पत्र में कहा गया है, ''इसका कारण यह है कि, आंशिक रूप से, उनके परिवारों के दर्जे के समायोजन आवेदन व्यापक रूप से लंबित हैं और इस कारण उन्हें स्थायी निवासी का दर्जा हासिल करने में कठिनाई आ रही है।

### सीनेटर एलेक्स पाडिला ने किया अभियान का नेतृत्व

इस पूरे अभियान का नेतृत्व प्रवासन, नागरिकता और सीमा सुरक्षा पर सीनेट न्यायपालिका उपसमिति के अध्यक्ष सीनेटर एलेक्स पाडिला और प्रतिनिधि डेबोरा रॉस ने किया, जिन्होंने अमेरिका के बाल अधिनियम के माध्यम से 2,50,000 से अधिक 'डॉक्यूमेंटेड ड्रीमर्स' के संरक्षण के लिए द्विदलीय विधायी उपाय पेश किया है।

---

## संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

### इटली की संसद में बहस के दौरान झड़प



**रोम।** एक विवादास्पद सरकारी प्रस्ताव पर बहस के दौरान इटली के निचले सदन में अराजकता फैल गई। इस दौरान हुई झड़प के बाद एक विपक्षी सांसद को अस्पताल भेजना पड़ा। यह घटना उस समय हुई जब विपक्षी सांसद लियोनार्डो डोनो ने क्षेत्रीय मामलों के मंत्री रॉबर्टो काल्डेरोली को राष्ट्रीय ध्वज भेंट करने का प्रयास किया। घटना से संसद में हड़कंप मच गया और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव किया। बुधवार को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। खबरों के अनुसार, डोनों के सिर और सीने में चोट आई है, उन्हें व्हीलचेयर पर अस्पताल ले जाया गया।

### मस्क के 56 अरब डॉलर सालाना वेतन को मिली मंजूरी



**न्यूयॉर्क।** इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के शेयरधारकों ने एलन मस्क के 56 अरब डॉलर (करीब 4.64 लाख करोड़ रुपये) सालाना वेतन पैकेज को मंजूरी दे दी। यह अमेरिका के कॉरपोरेट इतिहास में किसी सीईओ का अब तक का सबसे बड़ा पैकेज होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एलन मस्क ने ट्वीट कर शेयरधारकों को उनका साथ देने के लिए धन्यवाद किया। शेयरधारकों ने बैठक में इस पैकेज को मंजूरी दी थी। अब देर रात टेस्ला के मुख्यालय में होने वाली बैठक में इसकी घोषणा की।

### परमाणु क्षमता का विस्तार कर रहा ईरान



**तेहरान।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि ईरान अपनी परमाणु क्षमताओं का और अधिक विस्तार कर रहा है। उसका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब एजेंसी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने एक सप्ताह पहले संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के साथ तेहरान के सहयोग की कमी की आलोचना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नहीं दिखेंगे लाइक्स



**न्यूयॉर्क।** मीडिया मंच एक्स पर अब लाइक्स को भी प्राइवेट करने का विकल्प दिया है। यानी अब यूजर्स एक-दूसरे को मिलने वाले लाइक्स नहीं देख पाएंगे। यह सिर्फ पोस्ट करने वाले को ही दिखेगा। एक्स के मालिक एलन मस्क ने बुधवार को एक पोस्ट में कहा, महत्वपूर्ण बदलाव-आपके लाइक्स अब प्राइवेट हैं। इसमें बताया गया है कि यदि आप कोई कंटेंट एक्स पर लाइक करेंगे तो वह सिर्फ आपको ही दिखेगा और अन्य दूसरे लोग इसे नहीं देख पाएंगे।

### ओरेगन में झूले में खराबी आने के बाद हवा में लटके 30 लोगों को सुरक्षित बचाया गया



**पोर्टलैंड।** अमेरिका के ओरेगन राज्य में आपात सेवा के किमयों ने एक विशाल झूले में खराबी आने के कारण बीच हवा में करीब आधे घंटे तक लटके रहे 30 लोगों को सुरक्षित बचा लिया।

# टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा 13 की मौत, 13 घायल

**रुद्रप्रयाग, 15 जून (एजेंसियां)।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में आज शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। दिल्ली नोएडा के यात्रियों को टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में जा गिरा। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 13 घायल है। छह गंभीर घायलों को पांच हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया गया है, जहां एक घायल ने दम तोड़ दिया। जबकि सात अस्पताल में भर्ती है।

नोएडा से 26 यात्रियों को लेकर रात को वाहन निकला था। जानकारी के अनुसार रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ हाईवे पर रैतोली के पास एक टेंपो ट्रैवलर पैरापिट को तोड़ते हुए अलकनंदा नदी में गिर गया। हादसे का कारण ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है।

सूचना पर पुलिस प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन, डीडीआरएफ समेत अन्य टीम मौके पर रेस्क्यू के लिए पहुंची।



वाहन के नदी में गिरने पर यहां रेलवे लाइन पर काम कर रहे तीन लोग भी यात्रियों को बचाने के लिए कूदे, जिनमें से एक की मौत हो गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन चारधाम यात्रा का नहीं था। इसलिए वाहन का ट्रिप कार्ड नहीं बनाया गया था। साथ ही यात्रियों का पंजीकरण भी नहीं था। ट्रिप कार्ड व पंजीकरण की बाध्यता सिर्फ चारधाम वाहनों व यात्रियों के लिए है। बताया जा रहा है कि जब ब्रह्मपुरी में वाहन को पंजीकरण जांच के लिए रोका गया तो चालक ने चोपता तुंगनाथ ट्रिप पर जाने की बात कही। जिस पर वाहन को चेक पोस्ट से छोड़ दिया गया।

वाहन में सभी सवार युवक थे। जो चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला की ट्रिप पर पर निकले थे। वाहन हरियाणा का था। जिसका एक साल पहले ही पंजीकरण किया गया था। वाहन के सभी दस्तावेज पूर्ण थे। वाहन में यात्री दिल्ली से बैठाए गए थे।

हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है। घायलों को नजदीकी चिकित्सा केंद्र पर उपचार के लिए भेज दिया गया है। जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बाबा केदार से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ हैं। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

रुद्रप्रयाग घटना पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मृतकों की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं और जो घायल हैं उनके स्वास्थ्य के लिए कामना करता हूं। उनको बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए राज्य सरकार से याचना करता हूं। इस समय पर्वतीय क्षेत्रों में दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। इस पर चिंता करने की आवश्यकता है।

### कश्मीर में बकरीद की तैयारियां

# बाहरी राज्यों से तीन लाख भेड़ें मंगवाई गईं

**जम्मू, 15 जून (एजेंसियां)।** कश्मीर में इस बार बकरीद के लिए बाहरी राज्यों से 3 लाख से अधिक भेड़ें मंगवाई गईं हैं। भेड़ों के आने का सिलसिला लगातार जारी है।



ईद-उल-अजहा के नजदीक आने के साथ ही, कश्मीरी बाजारों में कई तरह की बेहतरीन गैर-स्थानीय भेड़ें आ रही हैं, ताकि ग्राहकों को कुर्बानी के लिए सर्वश्रेष्ठ चुनने का विकल्प मिल सके। काजूवाला से लेकर जैसलमेरी, मारवाड़ी और अन्य, इस ईद-उल-अजहा की मांग को पूरा करने के लिए विभिन्न राज्यों से भारी मात्रा में भेड़ें कश्मीर मंगवाई जा रही हैं। मटन डीलरों के अनुसार, ईद-उल-अजहा पर भेड़ों की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार किया गया है, ताकि लोगों को कुर्बानी के लिए स्वस्थ और बेहतर भेड़ की नस्ल चुनने का बेहतर विकल्प मिल सके।

ऑल कश्मीर मटन डीलर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता खजीर मोहम्मद रिगू का कहना था कि हमारे पास इस समय बाजार में कई तरह की भेड़ें हैं। स्थानीय नस्लों से लेकर गैर-स्थानीय तक, बाजार में पर्याप्त मात्रा में कुर्बानी के जानवर उपलब्ध हैं, ताकि इस सप्ताह जब कुर्बानी के जानवरों की मांग बढ़ेगी, तो किसी तरह की कमी न हो। वे कहते हैं कि लोगों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए काजूवाला, जैसलमेरी, मारवाड़ी गरोला और अन्य बेहतरीन नस्लें मंगवाई गई हैं।

रिगू कहते हैं कि ये भेड़ों की सबसे अच्छी नस्लों में से एक हैं, जो वजन और मांस बढ़ाने के लिए चने खाती हैं। कुछ लोग काजूवाला की बलि देना पसंद करते हैं, जो थोड़ा महंगा है। कुछ लोग अधिक पुरस्कार पाने के लिए बलि के जानवर पर जितना पैसा खर्च करना चाहते हैं, उतना खर्च करते हैं। कश्मीरी बाजारों में काजूवाला, जैसलमेरी की मांग अच्छी है। रिगू के मुताबिक बलि के जानवरों की मांग को पूरा करने के लिए भेड़ों से लदे कुल 40 ट्रक प्रतिदिन कश्मीर में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 40 से अधिक ट्रक कश्मीर में प्रवेश करते हैं। प्रत्येक ट्रक में 140 भेड़ें होती हैं, जिसका मतलब है कि प्रतिदिन विभिन्न राज्यों से 6 हजार भेड़ें कश्मीर में आयात की जा रही हैं। और एक अनुमान के अनुसार, कश्मीर में अभी तक 3 लाख से ज्यादा भेड़ें आ चुकी है। गौरतलब है कि श्रीनगर में लोग बलि के लिए भेड़ों को प्राथमिकता देते हैं।

भेड़ों के अलावा, ऊंट और बकरियों को भी भारत के विभिन्न बाजारों से डीलरों द्वारा आयात किया गया है। भेड़ पालन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 40 प्रतिशत मांग स्थानीय स्तर पर कश्मीर के बकरवाल और किसानों द्वारा पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि बकरवाल पहले ही मैदानी इलाकों की ओर चले गए हैं और वे कश्मीर के विभिन्न बाजारों में भेड़ें बेच रहे हैं। इसी तरह, हमारे पास ऐसे किसान भी हैं जिन्होंने अपनी इकाइयां स्थापित की हैं और ईद की मांग को पूरा करते हैं।

### सुनीता केजरीवाल को गिरफ्तार करने की मांग

# दिल्ली हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां)।** दिल्ली शराब घोटाले के मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। अदालत की कार्यवाही का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने के आरोप में सुनीता केजरीवाल के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की गई है।



इस मामले में सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनीता समेत अन्य सभी लोगों को अदालत की कार्यवाही का वीडियो सोशल मीडिया से हटाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी को इस मामले में नोटिस भी जारी किया है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट की जस्टिस नीना बंसल और अमित शर्मा की पीठ ने की। बहरहाल, अब इस मामले में अदालत अगली सुनवाई 9 जुलाई को करेगी।

दिल्ली शराब घोटाले के मामले में अरविंद केजरीवाल की निचली अदालत में सुनवाई हो रही थी, उसी दौरान का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया। इसके बाद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। कथित तौर पर इस रिकॉर्डिंग को कई सोशल मीडिया चैनलों में वायरल किया जा रहा है। इसी को लेकर दिल्ली के ही एक वकील वैभव सिंह ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक पीआईएल फाइल कर दी। वैभव सिंह ने अदालत से इस रिकॉर्डिंग को वायरल करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ जांच कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए एसआईटी गठित करने की मांग की।

याचिकाकर्ता वकील वैभव सिंह का तर्क है कि आरोपियों की इन हरकतों ने ट्रायल कोर्ट के जज की जान को खतरे में डाल दिया है। गौरतलब है कि केजरीवाल के कोर्ट को संबोधन वाली रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में वैभव सिंह (याचिकाकर्ता) ने जिन लोगों के खिलाफ शिकायत की है, उनमें अक्षय मल्होत्रा, सोशल मीडिया यूजर इंडिया जीतेगा, प्रोमिला गुप्ता, विनीता जैन, डॉ अरुणेश कुमार यादव समेत कई और लोगों के नाम शामिल हैं।

### 40 साल से रामनवमी पर पाबंदी लगी है झारखंड के गांव में

# हिंदू कार्यकर्ता ने निकाली शोभायात्रा तो पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची, 15 जून (एजेंसियां)।** झारखंड पुलिस ने शुक्रवार 14 जून को हजारीबाग जिले के हिंदू कार्यकर्ता अमन कुमार उर्फ अमन बाबा को गिरफ्तार कर लिया। अमन पर 12 अप्रैल 2024 को रामनवमी की शोभा यात्रा निकालने का आरोप है। 40 वर्षों से बड़कागांव-महुदी में कभी भी रामनवमी की शोभा यात्रा नहीं निकली थी, लेकिन इस साल अमन ने यह यात्रा निकाली थी। इसके कारण कांग्रेस-जेएमएम सरकार की पुलिस ने अमन सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

अमन की गिरफ्तारी के बाद उनकी मां ने बताया कि रास्ते को लेकर हो रहे विवाद के चलते पिछले 40 वर्षों से बड़कागांव में रामनवमी का जुलूस नहीं निकल पा रहा था। अमन को सनातन धर्म के लिए समर्पित बताते हुए उनकी मां का दावा है कि उनके बेटे ने एक रथ बनाकर उसे अपने हाथों से हजारीबाग से रांची तक खींचा था। उनकी मां का कहना है कि अमन की लोकप्रियता सरकार और कुछ नेताओं को नहीं पच रही थी।



अमन की मां पूनम देवी का आरोप है कि अमन के प्रयासों से मिली प्रसिद्धि से बड़कागांव विधायक सहित कुछ अन्य लोगों को जलन हुई।

बाद में अंचल अधिकारी बालेश्वर राम के कहने पर दर्जनों लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया गया, जिसमें अमन भी शामिल हैं। अमन इस से पहले भी बड़कागांव क्षेत्र में हिंदुत्व के मुद्दे उठाते रहे हैं। पूनम देवी ने पुलिस से उम्मीद जताई है कि जो तेजी उन्होंने उनके बेटे को पकड़ने में दिखाई वैसी ही कार्रवाई अवैध बालू खनन, भूमि घोटाले, आतंकियों और अपराधियों को पकड़ने में भी दिखाई जाए।

पूनम कुमारी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमन की पत्नी डिम्पल मिश्रा, भाई ईशु कुमार और पिता सुबोध भी मौजूद थे। लोकसभा चुनावों को देखते हुए अमन की गिरफ्तारी टाल दी गई थी। अमन की मां ने कहा कि झारखंड में लोग अपनी धार्मिक मान्यताओं को भी ठीक से नहीं पूरा कर पा रहे हैं। पूनम ने कहा, क्या भारत में जय श्रीराम का नारा लगाना भी अपराध की श्रेणी में आता है? यह साफ़ है कि राज्य सरकार को अमन कुमार से खतरा था, क्योंकि वह लगातार हिंदुत्व के लिए काम कर रहा था। उसने चुनावों के दौरान हजारीबाग, चतरा, दुमका, गोड्डा, रांची लोकसभा और कई अन्य जगहों पर भाजपा का प्रचार किया, जिससे प्रदेश का प्रशासन डर गया।

पूनम का दावा है कि जेएमएम सरकार को डर सता रहा था कि कहीं आगामी विधानसभा चुनावों में अमन कुमार कोई उलटफेर न करवा दे। उन्होंने झारखंड सरकार को सलाह दी कि वो चतरा के बिरहोर परिवार के दो सदस्यों की कट्टरपंथियों द्वारा की गई निर्मम हत्या पर कार्रवाई करे। इसी के साथ पूनम ने हजारीबाग में माहेश्वरी परिवार की हत्या, सुजीत देव की हत्या और विश्वकर्मा परिवार के सदस्यों की मौत के मामलों में झारखंड पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की भी जानकारी मांगी।

अप्रैल 2024 में निकली जिस शोभा यात्रा को निकालने के आरोप में अमन को गिरफ्तार किया गया है, उसे रोकने के लिए प्रशासन ने तमाम तैयारियां की थीं। प्रशासन ने रास्ते में बैरिकेड लगा कर पुलिस बल तैनात कर दिया था। इस दौरान पुलिस और श्रद्धालुओं में झड़प हुई थी। वाहनों में तोड़फोड़ के साथ पत्थरबाजी की गई थी, जिसमें कुछ लोग घायल हुए थे। पराली में आगजनी हुई थी, जिसे बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ा था। इस हिंसा के चलते महुदी गांव को छावनी में तब्दील कर दिए गया था।

तब अनुमंडल पुलिस अधिकारी कुलदीप कुमार ने दावा किया था कि किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकला था। उन्होंने बताया था कि कुछ लोगों ने पूजा करने के बहाने विवादित मार्ग प्रयोग करने का प्रयास किया था। बताया जा रहा है कि जुलूस उसी प्रतिबंधित मार्ग से निकला था, लेकिन वापसी के दौरान पुलिस ने नाकेबंदी कर दी थी। इस नाकेबंदी को देख कर श्रद्धालु भड़क गए थे। इसी दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया था, जिस से हालत और खराब हो गए थे। गुस्साए लोगों ने पत्थर फेंक कर कुछ झोपड़ियों में आगजनी कर दी थी।

गौरतलब है कि मुस्लिम बहुल बड़कागांव महुदी में साल 1985 से ही हिंदुओं की शोभा यात्रा नहीं निकलती। तब यह आदेश स्थानीय प्रशासन ने जारी किया था, जिसे अब तक लागू किया जाता है।

अक्सर हिंदू कार्यकर्ता इस प्रतिबंध को तोड़ने का प्रयास करते हैं। साल 2017 में भाजपा नेता यशवंत सिन्हा अपने लगभग 100 समर्थकों के साथ इस रास्ते से नवरात्रि की शोभा यात्रा निकालना चाहते थे। तब पुलिस ने उन्हें समर्थकों सहित गिरफ्तार कर लिया था। उस समय भी शोभा यात्रा में शामिल लोगों की पुलिस से झड़प हुई थी।

# धार्मिक उन्माद फैलाने वाला हारून पकड़ा गया

**मुजफ्फरनगर, 15 जून (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में बकरीद को लेकर भड़काऊ रील बनाना एक युवक को भारी पड़ा। यूपी पुलिस की कार्रवाई के बाद अब वो जेल में बंद है।

उसने भड़काऊ रील सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी थी। वीडियो में वो धमकियां दे रहा था, लेकिन जैसे ही पुलिस ने पकड़ा उसकी हेकड़ी निकल गई। इसके बाद वो माफ़ी मांगते हुए कहने लगा कि उससे गलती हो गई। आरोपित हारून ने कहा कि दोस्तों के कहने पर उसने ये वीडियो बना दिया, एक बार उसे माफ़ कर दिया जाए।

मामला दर्शन बुढ़ाना कोतवाली थाना क्षेत्र का है। ये वीडियो शुक्रवार (14 जून, 2024) का है। वो बड़कता गांव का रहने वाला है। वीडियो में उसने कहा था, ईद पर ग़दर फिल्म से भी तगड़ा बना देंगे सीन। जिन्होंने भी रोकटोक की, टांग पर टांग रख कर देंगे चीर। हिंदुस्तान के कोने-कोने पर अल्लाह-हू-अकबर नारा गूंजेगा। हालांकि, अब वो कह रहा है कि आइंदा उससे ऐसी गलती नहीं होगी। उसका कहना है कि उसे इस रील के बारे में कुछ पता नहीं था।

एसपी (ग्रामीण) आदित्य बंसल ने अपील की कि सब कोई आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाएं, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर भी यूपी पुलिस पूरी तरह से सक्रिय एवं सतर्क है, किसी भी प्रकार का भड़काऊ वीडियो या सन्देश कोई भी व्यक्ति प्रसारित करता है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी कीमत पर त्यौहारों के मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि सामुदायिक तनाव बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास करने वालों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बकरीद सोमवार 17 जून को मनाया जाना है।

### सैलानियों को भाया उत्तर प्रदेश

# टाइगर रिजर्व में बढ़ी पर्यटकों की संख्या

**लखनऊ, 15 जून (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश सैलानियों को खूब भा रहा है। पर्यटन सत्र 2023-24 में उत्तर प्रदेश के टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई।

पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भारतीयों के साथ ही बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी उत्तर प्रदेश पहुंचे। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 36 हजार से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश के टाइगर रिजर्व में आनंद लेने पहुंचे। पर्यटकों की आमद देखते हुए पर्यटन सत्र 10 दिन और बढ़ा दिया गया। 15 नवंबर से प्रारंभ हुए पर्यटन सत्र को पहले 15 जून तक चलाने की घोषणा हुई थी पर अब इसकी समयावधि बढ़ाकर 25 जून तक कर दिया गया है।

2022-23 की अपेक्षा 2023-24 (14 जून) तक उत्तर प्रदेश के टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई। दुधवा टाइगर रिजर्व में 2022-23 में 41815 भारतीय और 137 विदेशी पर्यटक आए थे। 2023-24 में यह संख्या बढ़कर क्रमशः 56770 और 292 हो गई। पीलीभीत में 2022-23 में 23525 और 54 विदेशी पर्यटक पहुंचे थे।

2023-24 में यहां 38183 भारतीय और 164 विदेशी पर्यटकों ने वन्यजीवों व क्षेत्रों का आनंद उठाया। अमानगढ़ में पिछले वर्ष 3066 भारतीय और दो विदेशियों की अपेक्षा इस वर्ष 4084 भारतीय और छह विदेशी पर्यटकों की संख्या दर्शाई गई। रानीपुर टाइगर रिजर्व में 2022-23 में 4180 भारतीय पर्यटक पहुंचे थे। 2023-24 में यहां आने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या 9170 रही।

योगी सरकार ने यूपी को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में स्थापित किया है। योगी सरकार के कुशल मार्गदर्शन में यह देश के सर्वश्रेष्ठ वन क्षेत्रों में शामिल हैं। इस कारण यहां सैलानियों का आकर्षण बढ़ा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022-23 की अपेक्षा 2023-24 में अब तक लगभग 36 हजार पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। दुधवा टाइगर रिजर्व में इस वर्ष 15110 पर्यटक बढ़े हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 14,768 पर्यटकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में 1022 और रानीपुर टाइगर रिजर्व में 4990 पर्यटक बढ़े हैं।

मौसम को देखते हुए वन विभाग की ओर से इस वर्ष टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र 10 दिन और बढ़ा दिया गया। 15 नवंबर 2023 से पर्यटन सत्र प्रारंभ हुआ था। पहले यह सत्र 15 जून तक ही चलना था पर अब 25 जून तक इसे बढ़ा दिया गया है। इससे पर्यटन उद्योग से जुड़े समस्त लोगों को रोजगार के और अधिक अवसर प्राप्त होंगे। प्रदेश के चारों टाइगर रिजर्व पीलीभीत, अमानगढ़, दुधवा व रानीपुर टाइगर रिजर्व अब 25 जून तक खुलेगा।

उत्तर प्रदेश वन निगम स्तर से प्रदेश के विभिन्न टाइगर रिजर्व दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व, पीलीभीत में पर्यटकों के स्थगन लग्जरी टाटा जीनॉन सफारी बोट सफारी इत्यादि सुविधाएं कई वर्षों से लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिगत प्रकृति से रूबरू होने तथा जंगल भ्रमण का आनंद लेने हेतु उत्तर प्रदेश वन निगम, ईकोटूरिज्म की वेबसाइट के माध्यम से भी ऑनलाइन बुकिंग सुविधा उपलब्ध है। पर्यटकों में वन्य जीवों के प्रति आकर्षण तथा जागरूकता बढ़ाने तथा इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष पर्यटकों के स्थगन की दरों में काफी कमी की गयी है।

# सरिस्का को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के प्रयास : यादव

**अलवर, 15 जून (एजेंसियां)।** केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को कहा कि अलवर के सरिस्का को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और पर्यटन के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे।

श्री यादव ने आज यहां सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत एक पेड़ जरुर लगाए। अगर पांच साल तक उसे पेड़ को संभाल कर रखें तो निश्चित रूप से विकसित होगा और मां की याद भी स्थाई रूप से रहेगी। उन्होंने कहा कि यहां अधिकारियों की बैठक में पेयजल संकट को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अलवर में 6 करोड़ 30 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है जबकि 03 करोड़ लीटर पानी आपूर्ति हो रही है। अलवर में 340 नलकूप है जिनमें 140 टंकी के माध्यम से पानी सप्लाई हो रहा है जबकि दो 200 डायरेक्ट नलकूप हैं जहां पानी आपूर्ति हो रही है। अलवर में 59 जोन हैं जिनमें अलग-अलग लेवल पर पानी सप्लाई हो रहा है और यहां पानी की समस्या का समाधान करने के लिए अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए गए हैं कि पानी की समस्या का समाधान किया जाए।



उन्होंने कहा कि अधिकारियों से वार्ता कर कर भू गर्भ के पानी की स्थिति जानने के प्रयास किए गए हैं। यहां वाटर रिचार्ज और नलकूप की संख्या बढ़ाने पड़ेंगे। गर्मी के अवसर पर पानी को लेकर बैठक में 40 मसले सामने आये हैं जिसमें तीन प्रमुख रूप से हैं कि पानी की आपूर्ति किस तरीके से की जाए।

सरिस्का अभ्यारण क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण और होटल के निर्माण को लेकर श्री यादव ने कहा कि एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार सारा काम किया जाएगा। इको सेंसेटिव जोन का खाका तैयार किया जा रहा है और जल्दी इसको फाइनल किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि अतिक्रमण किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। भले ही वह नेताओं का हो या अधिकारियों का। उन्होंने कहा कि जब वह पिछली बार केंद्रीय मंत्री थे तो राजस्थान की कांग्रेस सरकार को सरिस्का को लेकर कई बार पत्र लिखे लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। नहीं तो अब तक इको सेंसेटिव जोन का खाकार तैयार हो जाता और फाइनल हो जाता। सरिस्का से गांवों के विस्थापन को लेकर उन्होंने कहा कि नए तरीके से विस्थापन का कार्य किया जाएगा और जो भी नया पैकेज होगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

एनसीआर में अलवर के शामिल होने पर आमजन को हो रहे नुकसान के संबंध में उन्होंने कहा, हर तरीके से अलवर का विकास किया जाएगा। सिलीसेढ़ से जयसमंद में पानी आने के बीच नहर में तीन विधायकों के फार्म हाउस और अधिकारियों के पास फार्म हाउस के बारे में उन्होंने तथ्यों के संज्ञान लेने और निश्चित रूप से कार्रवाई की जाने की बात कही।

## साई तिरुपति विश्वविद्यालय ने लांच किया बीसीए कोर्स

**उदयपुर, 15 जून (एजेंसियां)।** दक्षिण राजस्थान के विद्यार्थियों के करियर को नयी उड़ान देने के लिये साई तिरुपति विश्वविद्यालय उदयपुर ने एक नया बेचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन (बीसीए) कोर्स लांच किया है।

वर्तमान समय की मांग को देखते हुये यहां पर प्रायोगिक शिक्षा पर आधारित इस कोर्स के सत्र 2024-25 के लिये प्रवेश प्रारम्भ हो गये हैं। विश्वविद्यालय के चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने शनिवार को यहां पत्रकारों को बताया कि आज का समय कम्प्यूटर का है, कई विद्यार्थी बीसीए कोर्स करना चाहते हैं, लेकिन ज्यादातर स्थानों पर पारम्परिक शिक्षण विधि से ही पढ़ाया जाता है। इस कारण विद्यार्थियों को अच्छी जॉब नहीं मिल पाती है। हमारा लक्ष्य है विद्यार्थियों को प्रयोगिक ज्ञान देना ताकि उनका करियर अच्छा बन सके।

विभागाध्यक्ष देवर्षि मेहता बताया कि साई तिरुपति यूनिवर्सिटी के तहत पीआईएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्युटर साइंस में तीन साल का डिग्री कोर्स बीसीए करवाया जायेगा। इसमें मार्केट की मांग को देखते हुये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंडस्ट्री आधारित ट्रेनिंग, मशीन लर्निंग, नवीनतम प्रोगामिंग, भाषाओं का ज्ञान, डिजिटल मार्केटिंग का विशेष रूप से ज्ञान दिया जाएगा। कोर्स में किसी भी संकाय से 12वीं पास विद्यार्थी प्रवेश ले सकता है। डायरेक्टर डॉ. रिमझिम गुप्ता ने बताया कि बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन इंटरनेशनल बिजनेस (बीबीए-आईबी) में अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर, विदेश दौरा, ई-कॉमर्स और विदेशी भाषा सीखने का अवसर और एमबीए हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन एंड हेल्थ केयर मैनेजमेंट जिसमें विभिन्न हॉस्पिटल के कार्य एवं सॉफ्टवेयर के साथ संचालित किया जा रहा है, इसके अलावा इसमें हॉस्पिटल के एडमिन संबंधित जॉब से संबंधित काफी अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

## राजस्थान में 95 माइनर मिनरल प्लॉटों की ई-नीलामी 25 जून से

**जयपुर, 15 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में 190.13 हैक्टेयर क्षेत्रफल के 95 माइनर मिनरल प्लॉटों की नीलामी ई-पोर्टल एमएसटीसी पर 25 जून से आरंभ होगी। खान एवं भूविज्ञान विभाग के निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि माइनर मिनरल के इन प्लॉटों की ई-नीलामी भारत सरकार के पोर्टल एमएसटीसी पर 25 जून से 10 जुलाई के दौरान होगी। विभाग द्वारा ई-नीलामी की सूचना जारी कर दी गई है। ई-नीलामी प्रक्रिया एवं विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट व भारत सरकार के ई पोर्टल पर देखा जा सकता है। माइनर मिनरल के इन प्लॉटों की ई नीलामी पारदर्शी तरीके से एमएसटीसी पोर्टल पर होगी।



श्री कलाल ने बताया कि जैसलमेर, जालौर, बालोतरा, राजसमंद, भीलवाड़ा, सलुम्बर, नीम का थाना, जोधपुर ग्रामीण, डीग, नागौर एवं ब्यावर में माइनर मिनरल क्वार्टज, फेल्सपार, सेंडस्टोन, मेसेनरी स्टोन आदि के 95 खनिज प्लॉटों के 50 वर्ष की अवधि के लिए माइनिंग लाइसेंस ई नीलामी से जारी होंगे। उन्होंने बताया कि इनमें 72 प्लॉट मेसेनरी स्टोन, 13 प्लॉट क्वार्टज फेल्सपार और 10 प्लॉट सेंड स्टोन के नीलाम होंगे।

## रोडवेज की बस से टकराई कार तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत

**कुरुक्षेत्र, 15 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एनएच-152 पर इस्माईलाबाद के पास रोडवेज बस के साथ टकराने से कार सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीन दोस्त जिला सोनीपत के दुभेटा गांव के रहने वाले थे। मृतकों की शिनाख्त दिनेश 37, रमेश 40 और अनिल 32 के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिए।




जानकारी के मुताबिक तीनों दोस्त कार में सवार होकर अपने गांव से घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली जा रहे थे। रात करीब 12 बजे एनएच-152 पर बगैर कोई संकेत के खड़ी रोडवेज की बस से उनकी कार टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे ने अस्पताल पहुंचते हुए दम तोड़ दिए। रोडवेज की बस अगला टायर निकलने के कारण रोड पर खड़ी थी।

## कानूनगो 14 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**पंचकूला, 15 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने कैथल जिले के राजौंद हलका में पदस्थ कानूनगो को 14 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपी रणधीर सिंह की ओर से राजस्व रिकॉर्ड में एंट्री करने के बदले में शिकायतकर्ता से 14 हज़ार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इस संबंध में मामला दर्ज करने के बाद योजनाबद्ध ढंग से उसे रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया ।

## भाजपा को वोट की चोट का ट्रेलर, अक्टूबर के चुनाव में पूरी फिल्म दिखाए जनता :सैलजा

**जींद/फतेहाबाद, 15 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा में सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वोट की चोट का जो ट्रेलर मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दिखाया है, वही मतदाता अक्टूबर के प्रस्तावित विधानसभा चुनावों में उसकी पूरी फिल्म भी दिखा दें।



सुश्री सैलजा शनिवार नरवाना और फतेहाबाद के समर्थकों और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए उन्हें संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा, एक करड़ा सा जोट्टा आपने विधानसभा चुनाव में मार दिया तो फिर सत्ता आपकी देहली, आपके दरवाजे पर लाने की गारंटी हम लेते हैं। भाजपाइयों ने 10 साल के राज में जितने भी जनविरोधी फैसले लिये हैं, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही उन्हें जनहितैषी में बदलने का काम हम करेंगे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों ने देश का लोकतंत्र और संविधान बचाने के यज्ञ में अपने वोट की बखूबी आहुति दी। भाजपाइयों ने जनता को झांसे में लेने की खूब कोशिश की, लेकिन सजग जनता ने अपने मत के जरिये इनके जुमलों पर करारी चोट की। इस जोश को अगले चार महीने के लिए बरकरार रखना है। भाजपाइयों को विधानसभा में उसी आंकड़े पर लाकर छोड़ना है, जो साल 2014 से पहले इन्हें हासिल होता था।

## कांपी हरियाणा की धरती, झज्जर में रहा भूकंप का केंद्र

**झज्जर, 15 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा के झज्जर में शनिवार शाम को बेरी के महराणा के पास 4 बजकर 53 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता 2.3 दर्ज की गई है। किसी प्रकार का कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। धरती के पांच किलोमीटर नीचे हलचल हुई है। भूकंप का केंद्र झज्जर शहर से 10 किमी उत्तर में और नई दिल्ली से 53 किमी पश्चिम में रहा है।

भूकंप वैज्ञानिकों के अनुसार देहरादून से महेंद्रगढ़ तक जमीन के नीचे एक फॉल्ट लाइन है। इसमें अनगिनत दरारें हैं। इन दिनों इन दरारों में गतिविधियां चल रही हैं। इसके तहत प्लेट मूवमेंट करती हैं। इसके आपस में हल्की सी टकराने पर ही कंपन पैदा होता है। यह कभी भी कहीं भी हो सकता है। इसी वजह से भूकंप के झटके महसूस होते हैं। ऐसे में क्षेत्र में लोगों को भूकंप रोधी पदार्थ से मकान बनाने चाहिए। लोगों को दो या तीन मंजिल से अधिक ऊंचे मकान नहीं बनाने चाहिए। मकान बनाने से पहले मिट्टी की जांच व भूकंप संबंधी अन्य बातों को जानना जरूरी है। मकान हल्के व मजबूत होने चाहिए। भूकंपीय जोनिंग मैप के अनुसार रोहतक-झज्जर जोन तीन और जोन चार में आता है। भारत में भूकंप को चार जोन में बांटा गया है। जिसमें जोन दो, तीन, चार और पांच शामिल है। इसको खतरों के हिसाब से आंका जाता है। जोन दो में सबसे कम खतरा और जोन पांच में सबसे अधिक खतरा होता है। मैप में जोन दो को आसमानी रंग, जोन तीन को पीला रंग, जोन चार को संतरी रंग और जोन पांच को लाल रंग दिया गया है। इसमें रोहतक जिले का दिल्ली साइड का क्षेत्र जोन चार व हिसार साइड का क्षेत्र जोन तीन में आता है।

## अलौकिक श्रृंगार: हांसी में 50 लाख के नोटों से सजाया श्याम बाबा का दरबार

**हांसी, 15 जून (एजेंसियां)।** श्री श्याम मंदिर हांसी के 52वें महोत्सव के दौरान शनिवार को श्याम बाबा का 50 लाख के नोटों से दरबार सजाया गया है। सजावट में 10 के नोट से लेकर 500 तक के नोटों का प्रयोग किया गया है। बाबा के दरबार में नोटो की गड्डियां भी रखी गई है। श्री श्याम मंदिर कमेटी का दावा है कि आज से पहले हरियाणा में श्याम बाबा का इतना भव्य लक्ष्मी श्रंगार कहीं नहीं हुआ है। दिल्ली से आए कारीगरों द्वारा 20 दिन में नोटों की मालाओं को तैयार करवाया गया है।

श्री श्याम मंदिर हांसी के 51वें महोत्सव में 20 लाख रुपए का लक्ष्मी श्रंगार हुआ था। पिछले साल हुए लक्ष्मी श्रंगार की पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी चर्चा हुई थी। बता दें कि छोटी



खाटू नगरी के नाम से प्रसिद्ध हांसी में श्याम बाबा का महोत्सव चल रहा है। हर साल होने वाला सालाना वार्षिक महोत्सव में पूरे देश में प्रसिद्ध है। श्याम बाबा के इस महोत्सव में पूरे भारत से अलग-अलग स्थानों से लोग यहां पहुंचते हैं। श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम भवन ट्रस्ट के प्रधान जगदीश राय मित्तल ने बताया कि अबकी बार श्याम बाबा का 52 वां महोत्सव आठ दिवसीय मनाया जा रहा है।आज सातवें दिन श्याम बाबा का लक्ष्मी श्रृंगार किया गया है।

## विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन गिरोह के सक्रिय दो सदस्य अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार

**जयपुर, 15 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने जयपुर के मानसरोवर थाना क्षेत्र में विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन गिरोह से जुड़े दो सक्रिय सदस्यों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ एवं अपराध)दिनेश एमएन ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार बदमाश राहुल बड़ावास उर्फ अटैक (29) गांव बड़ावास थाना कोटपूतली एवं विशाल यादव उर्फ विक्की (33) गांव लाड़ीपुरा थाना रायसर जिला जयपुर ग्रामीण हाल दिव्या रेजिडेंसी मांग्यावास थाना मानसरोवर क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि बदमाश राहुल बड़ावास के पास से एक पिस्टल, दो तमंचे, दो कारतूस, एक मैगजीन एवं औरा कार तथा विशाल यादव उर्फ विक्की के पास से एक पिस्टल मय मैगजीन, एक कारतूस एवं अर्टिगा कार बरामद की गई हैं। अवैध हथियार के साथ जयपुर में पकड़े गए यह दोनों बदमाश किसी वारदात की फिराक में थे। इस संबंध में पुलिस उनसे पूछताछ की जा रही है। श्री एमएन ने बताया कि पकड़े गए दोनों बदमाश लूट, डकैती, मारपीट, फिरौती, जानलेवा हमला, फायरिंग आदि की घटनाओं में शामिल है। इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। अवैध हथियारों के संबंध में पूछताछ में सामने आया कि इन दोनों बदमाशों को लॉरेंस बिश्नोई एवं विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन के गुर्गे हरि बॉक्सर ने मध्यप्रदेश के खंडवा में देशनोक के एक व्यक्ति से व्हाट्सएप पर कॉल कर हथियार दिलवाए थे।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज व्यापार मे व्यस्तता ज्यादा रहेगी साथ मे आमदनी मे बढोत्तरी होगी नौकरीपेशा जातकों को पदोन्नति के साथ स्थानांतरित किया जा सकता है. आप दोस्तों के साथ एक नया कारोबार शुरू कर सकते हैं और आपको उनका पूरा समर्थन मिलेगा. वित्तीय मामले आसानी से आगे बढ़ेंगे और शेयरों में कुछ निवेश भी किया जा सकता है. सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी. आज आप यात्रा में किसी व्यक्ति विशेष से मिल सकते है अपने स्वास्थ्य को हल्के मे लेना हानिकारक हो सकता हैं ।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आप को आज के दिन अपने व्यवहार मे कुछ बदलाव करना पडेगा जिससे काम पूरे होते हुए दिखेंगें आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा. छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा. जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा. आपकी सेहत बेहतर बनी रहेगी. आज आप की जानपहचान किसी स्त्री विशेष होगी, जो आप को लाभ पहुंचाएगी. कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे. दोस्तों के साथ बेहतर दिन बीतेगा. भगवान शिव का पंचाक्षर मंत्र जप करें आप आसपास सकारात्मक वातावरण रहेगा।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज महामृत्युंजय मंत्र का जप करें शिवजी का अभिषेक करें स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा आप को भोजन भी अपनी शारीरिक क्षमता से ही करना चाहिए । काम के मामले में आप भाग्यशाली रहेंगे. आपकी योजनाएं फलीभूत हो कर आप के हक में फैसला सुनाएंगी. गृहस्थ जीवन में जीवन साथी धार्मिक रवैया अपनाएगा. घर में कोई पूजा पाठ बड़े स्तर पर हो सकती है. प्रेम विवाह करने की योजना हैं तो अपनी कार्यवाही जारी रखें नये मुकाम पर पहुंचेंगे और भविष्य मे रिश्ते में गहराई आएगी।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज परिवार के साथ जरूरी यात्रा पर जा सकते हैं यात्रा का उद्देश्य पूरा होगा आप अपने कार्य स्थल पर वाहवाही लूटेंगे जो आपकी संतुष्टि को बढ़ाएगा. आर्थिक सन्दर्भ में त्वरित पैसा बनाने की योजनाओं या आकर्षक प्रस्तावों से दूर रहना बेहतर है. इससे आने वाले महीनों में समस्या हो सकती है. परिवार के सदस्यों के साथ कुछ गलतफहमी घरेलू माहौल को कड़वा बना सकती हैं बच्चों को मौसमी बिमारी से बचाना होगा बच्चों के शरीर का तापमान बड़ सकता हैं ।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज के दिन को सफलताओं से भरना हैं तो शिवजी का कच्चे दूध से अभिषेक करें आपका दिन करवट लेगा आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है. परिवार के साथ डीनर का प्लान बना सकते हैं. पैसों के लेन- देन करने से आपको बचना चाहिए. अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा. किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए. कामकाज की स्थिति मजबूत रहेगी. आप को अपने व्यवसाय के प्रति जिम्मेदार होना होगा ।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

दाम्पत्यजीवन की खुशहाली के लिए आप को दैनिक शिवपार्वती का पूजन करना चाहिए जिससे गृहस्थ जीवन खुशनुमा रहेगा । साझेदारी का कारोबारी सफलता देगा , बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा प्रेम जीवन बिता रहे लोग अपने रिश्ते के भविष्य को लेकर बहुत सोचेंगे और आज का दिन ज्यादातर सोचने में ही बिताएंगे.शरीर की तंदरुस्ती के लिए पौष्टिक आहार लेते रहें । हड्डियों का दर्द तकलीफ दे सकता हैं । गाय की सेवा करनी चाहिए ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

व्यापारियों के लिए कुछ तकलीफे बन सकती हैं. सरकारी कर्मचारियों के साथ मेलझोल बना कर रखें लाभदायक रहेगा आपके दुश्मन आपके लिए मुसीबतें खड़ी कर सकते हैं. आपकी आय कम हो सकती है और आपके निवेश ठहराव के चरण में जा सकते हैं. इस अवधि के दौरान व्यवसाय के संबंध में यात्रा उचित फल नहीं देगी. आपको शीघ्र पैसा कमाने की योजनाओं में निवेश करने से से बचना चाहिए. दोस्त मददगार नहीं रहेंगे. इसलिए आपको कमिटमेंट करने से पहले दो बार सोचना श्रेयकर रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज सुबह उठते ही हथेलियों के दर्शन करें आपका दिन बेहतरीन रहेगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं. आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है. व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है. आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं. वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा. ऑफिस का बढ़िया माहौल आपको खुश कर सकता है.व्यायाम करते रहे तंदूरस्ती बरकरार रहेगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आपके लिए समय अनुकूल नही हैं नक्षत्र थोड़ा सा कमजोर है, इसलिए शांति और समझदारी से ही दिन गुजारना सही रहेगा. खर्चों में थोड़ी तेजी आने से मानसिक चिंताएं बढ़ेंगी लेकिन यह अल्पकालीन है, इसलिए ज्यादा परेशान मत हों.

काम के मामले में आपकी सोच आपके काम आएगी. व्यापार भी तेजी से बढ़ेगा. सेहत उतार-चढ़ाव के बीच स्थिर रहेगी. प्रेम जीवन बिता रहे लोग आज के दिन को शांति से बिताएंगे और अपने प्रिय से खूब बातचीत करेंगे. गृहस्थ जीवन शांतिपूर्ण रहेगा.चींटियों को शक्कर डालें कर्ज मुक्त हो जांएगे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

रोज सुबह उठते ही धरती माता को छूकर प्रणाम करें और फिर पश्चात धार्मिक कार्यों में संलग्न हो सकतें है, जिसके कारण आपकी सामाजिक लोकप्रियता में बढ़ोत्तरी संभव है. आपका पारिवारिक-जीवन आनंदित रहेगा और आप मानसिक रूप से शांत रहेंगे. आप दूसरों के लिए मददगार सिद्ध होंगे और लोग इसके लिए आपका बहुत सम्मान करेंगे.कर्म को महत्त्व देंना चाहिए आप का भाग्य आप को खुदबखुद मालामाल बन देगा ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज दिन सफल रहेगा व्यवसायिक रुप से आप सफल भी होंगे. घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा. आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा. साथ ही दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे. आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे. परिवार में मधुरता के साथ विश्वास भी बढ़ेगा. किसी खास व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी. परिवार की जरूरत पूरी होने के बाद धन को दान के रुप मे व्यय करना चाहिए धन की शुद्धि होगी संतति भी बढेगी।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

अपने स्वभाव को सरल बनाए आप को मृदुभाषी होने की जरूरत हैं जिससे आप का समय और दिन हर्षित रहेंगा. कामों में सफलता मिलेगी जिससे आपका आत्मबल बढ़ेगा. थोड़ा गुस्सा तो दिखाएंगे लेकिन जिद पकड़ना अच्छा नहीं. गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा और प्रेम जीवन बिता रहे लोग परिजनों के विरोध का सामना कर सकते हैं, इसलिए थोड़ी सी सावधानी रखें और मर्यादा ना लांघें.रोज सुबह चहलकदमी करते रहें शरीर निरोगी रहेगा।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 16 जून 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : ज्येष्ठ , शुक्ल पक्ष
तिथि : दशमी उत्तर रात्रि 04:45 तक
नक्षत्र : हस्त प्रात: 11:13 तक
योग : वरियान रात्रि 09:01 तक
करण : तैतिल सायं 03:43 तक
चन्द्रराशि : कन्या रात्रि 12:35 तक
सूर्योदय : 05:41, सूर्यास्त 06:51 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:53, सूर्यास्त 06:47 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:45, सूर्यास्त 06:40 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:35, सूर्यास्त 06:41 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें दिन विशेष : श्री गंगा दशहरा , श्री बटुक भैरव जयंती , श्री राम शर्मा पुण्य

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

## गंगा दशहरा पर मिलेगा सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत योग और रवि योग का फल

# आज मनाया जाएगा गंगा दशहरा

सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों के लिए भवसागर से पार लगाने वाली गंगा नदी बहुत महत्व रखती है। पुराणों के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी को हस्त नक्षत्र में गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। भगवान विष्णु के अंगूठे से निकली गंगा मैया के धरती लोक पर आने का पर्व गंगा दशहरा इस साल रविवार 16 जून को मनाया जाएगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि ज्येष्ठ महीने के शुक्लपक्ष के दसवें दिन यानी दशमी तिथि को धरती पर गंगा प्रकट हुई थीं। इसलिए इस दिन गंगा दशहरा मनाया जाता है। इस साल ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि की शुरुआत 16 जून को देर रात 02.32 बजे पर होगी और इस तिथि का समापन 17 जून को सुबह 04.43 बजे होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, गंगा दशहरा 16 जून को ही मनाया जाएगा। इस अवसर पर सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ ही अमृत योग और रवि योग का अद्भुत संगम होने जा रहा है। इस दिन हस्त नक्षत्र भी है, जो इसे और खास बनाएगा। चार शुभ संयोग में गंगा दशहरा पर गंगा पूजन और स्नान से सभी मनोकामनाओं की सिद्धि होगी। हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का बहुत अधिक महत्व होता है। इस दिन विधि- विधान से मां गंगा की पूजा- अर्चना की जाती है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि भागीरथ अपने पूर्वजों की आत्मा का उद्धार करने के लिए माँ गंगा को धरती पर लाए थे, इसी कारण गंगाजी को भागीरथी भी कहा जाता है। मान्यता है कि गंगा मैया मन, वाणी और शरीर द्वारा होने वाले दस प्रकार के पापों का हरण करती हैं। ऐसा कहा जाता है कि आज के दिन गंगा स्नान से कई यज्ञ करने के बराबर पुण्य प्राप्त होते हैं, लेकिन कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए घर में ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। इस दिन दान का भी विशेष महत्व है। इस दिन शर्बत, पानी, मटका, पंखा, खरबूजा, आम. चीनी आदि चीजें दान की जाती हैं। ऐसा कहा जाता है कि व्यक्ति इस दिन जिस भी चीज का दान करते हैं वो संख्या में 10 होनी चाहिए।

स्कन्द पुराण के अनुसार गंगाजी की महिमा का गुणगान करते हुए भगवान शिव श्री विष्णु से कहते हैं- हे हरि ! ब्राह्मण के श्राप से भारी दुर्गति में पड़े हुए जीवों को गंगा के सिवा दूसरा कौन स्वर्गलोक में पहुंचा सकता है,क्यों कि माँ गंगा शुद्ध,विद्यास्वरूपा,इच्छाज्ञान,एवं क्रियारूप,दैहिक,दैविक तथा भौतिक तापों को शमन करने वाली,धर्म,अर्थ,काम एवं मोक्ष चारों पुरूषार्थों को देने वाली शक्ति स्वरूपा हैं। इसलिए इन आनंदमयी, धर्मस्वरूपणी, जगत्धात्री, ब्रह्मस्वरूपणी गंगा को मैं अखिल विश्व की रक्षा करने के लिए लीलापूर्वक अपने मस्तक पर धारण करता हूँ। हे विष्णो! जो गंगाजी का सेवन करता है,उसने सब तीर्थों में स्नान कर लिया,सब यज्ञों की दीक्षा ले ली और सम्पूर्ण व्रतों का अनुष्ठान पूरा कर लिया।

कलियुग में काम, क्रोध, मद, लोभ, मत्सर, ईर्ष्या आदि अनेकों विकारों का समूल नाश करने में गंगा के समान और कोई नहीं है। विधिहीन, धर्महीन, आ-चरणहीन मनुष्यों को भी यदि माँ गंगा का सानिध्य मिल जाए तो वे भी मोह एवं अज्ञान के संसार सागर से पार हो जाते हैं। जैसे मन्त्रों में ॐ कार,धर्मों में अहिंसा और कमनीय वस्तुओं में लक्ष्मी श्रेष्ठ हैं और जिस प्रकार विद्याओं में आत्मविद्या और स्त्रियों में गौरीदेवी उत्तम हैं,उसी प्रकार सम्पूर्ण तीर्थों में गंगा तीर्थ विशेष माना गया है। मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन गंगा नदी में स्नान और दान करने से कई महायज्ञों के फल के बराबर फल की प्राप्ति होती है एवं पाप कर्मों का नाश होता है और व्यक्ति को मरणोपरांत मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### गंगा दशहरा मुहूर्त

दशमी तिथि आरंभ: 16 जून को देर रात 02.32 बजे

दशमी तिथि समाप्त: 17 जून को सुबह 04.43 बजे

### पूजा विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। इस दिन गंगा नदी में स्नान का बहुत अधिक महत्व होता है, लेकिन इस बार कोरोना वायरस की वजह से घर में रहकर ही स्नान करें। नहाने के पानी में गंगा जल डाल लें और मां गंगा का ध्यान कर स्नान कर लें। घर के मंदिर में गंगा जल का छिड़काव करें। घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। सभी देवी- देवताओं का गंगा जल से अभिषेक करें। इस दिन भगवान शंकर की अराधाना करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। मां गंगा का अधिक से अधिक ध्यान करें। अगर संभव हो तो इस दिन व्रत भी रखें। घर में रहकर ही मां गंगा की आरती करें। मां गंगा का आवाहन करें और उन्हें भोग लगाएं। इस बात का ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है।

### गंगा दशहरा का महत्व

गंगा दशहरा का बहुत अधिक महत्व होता है। इस दिन मां गंगा की पूजा- अर्चना करने से सभी तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है। मां गंगा की कृपा से सभी तरह के दोष दूर हो जाते हैं। गंगा दशहरा के दिन मां गंगा की पूजा- अर्चना करने से मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है।



### दर्शन, स्मरण और स्पर्श से पापमुक्ति

ने बताया कि शास्त्र कहते हैं-'गंगे तव दर्शनात मुक्तिः' अर्थात निष्कपट भाव से गंगाजी के दर्शन मात्र से मनुष्यों को कष्टों से मुक्ति मिलती है। और वहीं गंगाजल के स्पर्श से स्वर्ग की प्राप्ति होती है एवं दूर से भी श्रद्धा पूर्वक इनका स्मरण करने से मनुष्य को अनेक प्रकार के संतापों से छुटकारा मिलता है। पाठ, यज्ञ, मंत्र, होम और देवार्चन आदि समस्त शुभ कर्मों से भी जीव को वह गति नहीं मिलती,जो गंगाजल के सेवन से प्राप्त होती है।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

## गंगा दशहरा - बाबा गंगाराम मंदिर स्थापना दिवस

विष्णु अवतारी श्री बाबा गंगतराम जी का पवन धाम, श्री पंचदेव मंदिर राजस्थान के झुंझुनू नगर में स्तिथ है, जिसकी स्थापना 1975 में गंगा दशहरा के दिन में हुई थी।

इस देवस्थान का निर्माण बाबा के परम आराधक भक्त शिरोमणि श्री देवकीनन्दन ने बाबा गंगतराम जी के स्वप्नादेश के पश्चात् कराया था। तत्कालीन जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निरंजनदेव तीर्थपुरी के सान्निध्य में गंगादशहरा (ज्येष्ठ शुक्ल दशमी) वि.स. 2032 (सन् 1975) के पावन दिन मंदिर का प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण वैदिक विधि से सम्पन्न हुआ था।

अभीष्ट फलदाता सत्यनारायण स्वरूप बाबा की प्रतिमा के दर्शन होते ही कदम स्वयं ही गर्भगृह की ओर बढ़ने लगते हैं एवं मंदिर में दर्शन की लालसा लेकर जाने वाला श्रद्धालू भाव-विभोर होकर नतमस्तक हो जाता है। मुख्य गर्भगृह के बाईं ओर निर्मित दो अलग-अलग गर्भगृहों में मां दुर्गा व आंजनेय हनुमान की विशाल प्रतिमाएं स्थापित है। इसी प्रकार दाहिनी ओर पद्मासन पर धन की दात्री देवी लक्ष्मी की प्रतिमा है एवं अन्य गर्भगृह में त्रिदेवों के देव भगवान शंकर का लिंग स्थापित है, जिसके साथ ही मां पार्वती, गणेश एवं कार्तिकेय आदि शिव परिवार की मूर्तियाँ है। सभी देव प्रतिमाएं सफेद संगमरमर से निर्मित है एवं कला की उत्कृष्ट कृत्तियां है। इस प्रकार इन पाँच देव मंदिरों के कारण ही इस मंदिर का नाम 'पंचदेव मंदिर' पड़ा। आज यही नाम सर्वाधिक लोकप्रिय एवं प्रचलित है। मंदिर में नियमित रूप से सात आरतियाँ होती हैं। मंदिर सभागार के ऊपर दक्षिण भारतीय शैली में गोपुरम बना हुआ है, जिसमें भगवान विष्णु की विशाल प्रतिमा गरूड़ पर विराजमान है। दोनों ओर भगवान के पार्षद जय-विजय की मूर्तियाँ है। भगवान के आयुध शंख और चक्र मूर्तिरूप में



दायें-बायें उपस्थित है। मंदिर की बाहरी दीवारों पर बनाये गये भित्तिचित्र बाबा की लीलाओं को प्रदर्शित करते हैं। इस विशाल मंदिर का कलात्मक शिल्प, मनोहारी दृश्य एवं आध्यात्मिक वातावरण ब्रह्मानंद की अनुभूति कराता है।

इस देवस्थान के प्रति लोगों की श्रद्धा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। देश के कोने- कोने से भक्तगण बाबा के दरबार में आते है और अपनी श्रद्धा व भक्ति से बाबा की आराधना करते हैं। यह भक्तों की श्रद्धा व विश्वास का ही फल है कि उनकी सभी मनोकामनायें बाबा के दरबार में अवश्य पूरी होती है। प्रथम तो बाबा की चित्ताकर्षक प्रतिमा के दर्शन से ही श्रद्धालुओं के सारे आन्तरिक क्लेष स्वतः ही नष्ट हो जाते है एवं जो दिव्यानुभूति होती है, उससे जीवन में नई शक्ति का संचार होता है। यह सब स्वयं अनुभव करके ही जाना जा सकता है।

हर साल आज के दिन झुंझुनू में बाबा गंगाराम धाम - श्री पंचदेव मंदिर में मेला भरता है और गंगा दशहरा का पवन पर्व बड़ी ही धूम धाम से मनाया जाता है। जिस में देश विदेश से आये बाबा के सैकड़ो भक्त सम्मलित हो कर बाबा के दर्शन कर अपना जीवन धन्य बनाते है। इस अवसर पर सुबह बाबा गंगाराम जी का संगीतमय अमृतवाणी पाठ किया जाता है तथा शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन तथा सभी भक्तो के लिए महा प्रसाद की वयवस्था की जाती है।

# गाय के इस अंग को छूकर आशीर्वाद लेने से दूर होता है वास्तु दोष

## आर्थिक स्थिति होती है मजबूत

धर्म ग्रंथों के अनुसार, गाय की पूजा करने से सभी देवी देवताओं की कृपा प्राप्त होती है । गाय के रीढ़ की हड्डी में सूर्य केतु नाड़ी होती है, जो सूर्य की किरणों से रक्त में स्वर्ण अक्षर बनाती है। गाय का दूध अमृत के समान होता है। गाय की सेवा करने से वास्तुदोष समाप्त होते हैं और घर की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। नवग्रहों की शांति और पितर दोष दूर करने के लिए गाय को रोटी, गुड़ और चारा खिलाना शुभ माना गया है। जिस भी घर में गाय होती है उस घर के सभी वास्तुदोष भी समाप्त हो जाते हैं। धर्म ग्रंथों के अनुसार गाय में सभी देवी देवताओं का निवास है। अतः गाय की पूजा करने से समस्त देवी देवताओं की पूजा का फल प्राप्त होता है।



पाप मुक्ति के उपाय

सनातन हिंदू धर्म में गाय, गंगा और गायत्री का धार्मिक महत्त्व सबसे अधिक है। शास्त्र के अनुसार गाय के शरीर में 33 करोड़ देवी देवताओं का निवास है और जो भी जातक नित्य गाय की पूजा करता है उस पर सभी देवी देवताओं की कृपा बरसती है। जो भी गाय की सेवा करता है उन्हें माता के समान मानता है। गौ माता उस पर आने वाले सभी संकट सभी विपदा को हर लेती है, गौ माता कामधेनु है, समस्त प्रकार के कष्ट हरने वाली है और जातक की हर मनोकामना को पूर्ण करने वाली है। कहा जाता है कि सूर्यास्त के पश्चात जब गाय वन से घर पर लौटती है तो उसके खुरों से जो धूल उड़ती है उससे मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं।

**गरीबी दूर करने का उपाय**

अगर बच्चे कहना नहीं मानते हैं, कहने से बाहर है, उनका स्वभाव क्रोधी है और बात बात पर गुस्सा हो जाते हैं तो किसी दिन द्वार पर आई गोमाता को उनके हाथ से लगा हुआ भोजन खिलाया। गौ माता की पीठ पर एक उबरा हुआ कुबड़ होता है। उस कुबड़ में सूर्य केतु नाड़ी होती है। रोजाना सुबह गो माता की इस कुबड़ पर हाथ फेरने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उसके सभी आर्थिक संकट भी दूर हो जाते हैं और गरीबी का नाश होता है। इसके साथ ही उसकी सभी रोगों का भी नाश हो जाता है। द्वार पर आई गौमाता की पीठ पर एक बार अवश्य हाथ फेराएं।

**वास्तु दोष दूर करने का उपाय**

घर बनवाने से पहले अगर उस जमीन पर गौ माता और उसके बछड़े को बांधते हैं तो इससे सभी वास्तुदोष भी दूर हो जाते हैं। जीस स्थान पर गौमाता बैठकर आराम करती है। वहां पर कभी कोई बाधा है और बुरी शक्तियां नहीं आती है। ध्यान रहे घर में बनी सबसे पहले रोटी गौ माता के लिए बनाएं और गौ मात को अवश्य खिलाएं। इससे परिवार में सुख शांति बनी रहती है और क्लेश दूर हो जाता है।

गौ माता की पंचगव्य हज़ारों रोगों की दवा है। इसका सेवन करने से आसाध्य रोग मिट जाते हैं। परिवार में गौ से प्राप्त पंचगव्य युक्त पदार्थों का उपयोग करें। पंचगव्य के बिना पूजा पाठ हवन में सफलता नहीं मिलती है।

### इसलिए गाय को रोज खिलाई जाती है रोटी, मिलते हैं कई शुभ



हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, साथ ही इसे पूजनीय भी माना गया है। गाय को रोटी खिलाने और गौ सेवा करने से पुण्यफलों की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि खाना बनाते समय पहली रोटी गाय के लिए निकाली जाती है आप भी यदि गौ सेवा करते हैं और रोज गाय को रोटी खिलाते हैं, तो आपको कई शुभ फल मिलेंगे।

### गौ सेवा से मिलते हैं ये फल

**मां लक्ष्मी का मिलता है आशीर्वाद**

गौमाता की सेवा करने और गाय को रोटी खिलाने से मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि इससे व्यक्ति को धन की कमी नहीं होती और परिवार में भी सुख एवं शांति बनी रहती है। इसके साथ ही व्यक्ति को कई पुण्यफल भी मिलते हैं।

**मिलती है सफलताएं**

**पहली रोटी गाय को खिलाने से देवताओं का आशीर्वाद मिलता है और गौमाता प्रसन्न होती है। इससे परिवार के सदस्यों को सफलता मिलती है।**

देवी देवता होते हैं प्रसन्न

गौमाता में देवी-देवताओं का वास माना जाता है। गौसेवा करने और प्रतिदिन गाय को रोटभ् खिलाने से देवता प्रसन्न होते हैं और उनका आशीर्वाद मिलता है। इससे परिवार में भी सुख-शांति बनी रहती है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

गाय को रोटी के साथ गुड़ खिलाना भी शुभ माना गया है। इसके साथ ही यदि आखिरी रोटी कुत्ते को खिलाई जाए तो इससे आर्थिक समस्याएं दूर होती है।

# इंसानों ने नहीं इन महाशक्तियों ने किया है 4 लाख टन पत्थर से बने इस शिव मंदिर का निर्माण

एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण किसने करवाया ये आज भी रहस्य बना हुआ है। कैलाश मंदिर, जो औरंगाबाद के एलोरा में स्थित है, शिव मंदिरों में अपनी भव्यता और अनोखी मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर 8वीं शताब्दी में राष्ट्रकूट राजा कृष्ण प्रथम द्वारा बनवाया गया था। माना जाता है कि इस मंदिर का निर्माण एक बड़े पहाड़ को तराशते हुए किया गया था, जो आज के युग में भी असंभव सा लगता है। इसके निर्माण में 400,000 टन पत्थर का उपयोग हुआ था और इसे बनाने में केवल 18 साल लगे थे। मंदिर के रहस्यमयी निर्माण की गुत्थियाँ विज्ञान भी सुलझा नहीं पाया है।




अगर भारत को मंदिरों का देश कहा जाए तो गलत नहीं होगा, क्योंकि यहां इतने मंदिर हैं कि अब गिनते गिनते थक जाएंगे, लेकिन गिन नहीं पाओगे। यहां ऐसे कई मंदिर हैं जो अपनी भव्यता और अनोखी मान्यताओं के लिए जाने जाते हैं। औरंगाबाद के एलोरा में स्थित कैलाश मंदिर के रहस्यों से आजतक वैज्ञानिक भी अनजान हैं। अलोरा का कैलाश मंदिर अत्यंत विशाल है और अद्भुत है। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी कि इस मंदिर का निर्माण एक बड़े पहाड़ को ऊपर से नीचे की और तराशते हुए किया गया जो आज के युग में भी नामुमकिन सी बात लगती है। यही नहीं मंदिर के निर्माण समय को लेकर भी रहस्य अभी तक बरकरार है।

कैलाश मंदिर जितना रहस्यमयी है, उतनी ही रहस्यमयी बनाने की कला भी है। इस मंदिर में किसी भी तरह की ईट या चुने का इस्तेमाल नहीं किया गया है। कहते हैं कि इसका निर्माण आठवीं शताब्दी में हुआ था और इसे बनाने में केवल 18 साल लगे थे। जबकि पुरातत्व विज्ञान की मानें तो 4,00,000 टन पत्थर को काटकर किए गए इस मंदिर का निर्माण इतने कम समय में संभव ही नहीं है। उनकी माने तो अगर 7000 मजदूर 150 वर्षों तक दिन रात काम करें तो ही इस मंदिर का निर्माण संभव है जो कि नामुमकिन सी बात है। ऐसे में इस मंदिर का निर्माण मनुष्य द्वारा तो इतने कम समय में संभव ही नहीं है।

मंदिर को लेकर जानकारी मिलती है की इसका निर्माण राष्ट्र कुल के राजा कृष्ण प्रथम ने करवाया था। कहा जाता है की एक बार राजा गंभीर रूप से बीमार हो गये थे। तमाम इलाज के बाद भी स्वस्थ नहीं हो पा रहे थे, तब रानी ने भोलेनाथ से प्रार्थना की कि वह राजा को स्वस्थ करें तो उनके स्वस्थ होते ही वह मंदिर का निर्माण करवाएगी और मंदिर का शिखर देखने तक व्रत रखेंगी। तब राजा स्वस्थ हो गए, लेकिन रानी को बताया गया की मंदिर का निर्माण और शिखर बनने में तो कई वर्ष लगेंगे। ऐसे में इतने वर्षों तक व्रत रख पाना संभव ही नहीं होगा। तब रानी ने भो-लेनाथ से मदद मांगी। मान्यता है कि तब उन्हें भूमि अस्त्र मिला जो पत्थर को भी भाप में बदल सकता था। इस अस्त्र का जिक्र ग्रंथों में भी मिलता है कि इस अस्त्र से इस मंदिर का निर्माण हुआ और मंदिर बनने के बाद उस अस्त्र को मंदिर के नीचे गुफा में रख दिया गया।

दुनिया भर के वैज्ञानिक भी यही मानते हैं कि इतने कम समय में शक्तियों द्वारा ही ऐसे मंदिर का निर्माण संभव है अन्यथा आज के समय में भी ऐसे मंदिर इतने कम समय में और एक पत्थर को ऊपर से नीचे तलाश कर बनाना संभव नहीं है। मंदिर में 100 से ज्यादा पैनल हैं। इनके ऊपर भगवान विष्णु के कई रूप और महाभारत के दृश्य चित्रित हैं। इस मंदिर की दीवारों पर अलग तरह की लिपियों का प्रयोग किया गया है। इसके बारे में आज तक कोई कुछ नहीं समझ पाया है।

कहा जाता है कि अंग्रेजी हुकूमत के दौरान अंग्रेजों ने मंदिरों के नीचे गुफाओं पर शोध कार्य शुरू किये लेकिन वहां रेडियो एक्टिविटी के चलते शोध कर पाना मुश्किल हो गया। मान्यता है की वहां पर भूमि, अस्त्र और मंदिर के निर्माण में प्रयोग किये गए अस्त्र हो सकते हैं। अब अंग्रेजों ने यहां रिसर्च बंद करके इन गुफाओं को बंद कर दिया। बता दें कि आजादी मिलने के बाद भी इन गुफाओं को बंद ही रखा गया है।

# अपना मिथुन चक्रबोरती महान



जी हाँ वह वही हैं ( मेरा कहने का मतलब अंग्रेजी में He is the One) , जो मनोरंजन जगत में आने से पहले नक्सली थे।

वह वही हैं, जिन्हें बॉलीवुड में अपनी परिचय हिन्दी भाषा फिल्म (‘मृगया’) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। 1976 जून 6 को रिलीज हुई इस मोशन पिक्चर के लिये उन्हें निर्देशक मृणाल सेन ने चयन किया था।

वह वही शख्स हैं, जिन्होंने प्रशिक्षित डान्सर न होने के बावजूद कड़ी मेहनत कर के फिल्मी डान्स के गुर सीखा और, लो, साल 1982 में रिलीज हुई उनकी फिल्म (‘डिस्को डान्सर’) ने ना केवल भारत में बल्कि समूचे दुनिया में बॉक्स-ऑफिस पर 100 करोड़ का कलेक्शन किया। वह हिन्दी फिल्म जगत की पहली फीचर फिल्म थी जिसे यह श्रेय प्राप्त हुआ।

वह वही व्यक्ति हैं, जिन्हें दो बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार (‘मृगया’ को एवं ‘तहादेर कथा’ को ) मिला; एक बार सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (‘स्वामि विवेकनंदा’ को) और दो बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया।

वह वही हैं, जिन्होंने साल 1990 में रिलीज हुई एक फिल्म (‘अग्निपथ’) में बिग बि के मुक़ाबले शाबाशियाँ चुरा लिया। उन्होंने इस एक्ट के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार भी जीता।

वह वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने हीरो होने के बावजूद नकारात्मक भूमिकाएं (यानी खलनायक की) पूरी शिद्दत से निभाईं और इसके लिए उन्हें दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। फीचर फिल्म ‘चिंगारी’ में वह वाकई आग जैसा सुलगता हैं।

वह वही है, जिसके हाथों में विभिन्न शैलियों के फिल्मी दस्ताने भरे हुए थे; चाहे वह सौम्य पारिवारिक ड्रामा हों, हाई ऑक्टेन एक्शन फिल्में हों, गुदगुदाने वाली कॉमेडी फिल्में हो, रेशमी रोमांटिक फिल्में हों, रोंगटे खड़े कर देने वाली नकारात्मक चरित्र – उन्मुख फिल्में हों.. आप इसे जो भी किरदार दें, वह उस पर खरा उतरता है।

वह वही हैं, जिनकी सन् 1989 में 19 फिल्में कतार से रिलीज हुईं, इनमें से छह फिल्मों ने जोरदार बिजनेस किया।

वह वही हैं, जो लगभग 3 दर्जन फ्लॉप फिल्मों का सामना करने के बावजूद अपने अनगिनत प्रशंसकों के प्यार की बदौलत हिंदी फिल्म उद्योग में टिके रहे। उनकी फ्लॉप फिल्में भी लगा हुआ पैसा कमा कर कमाल कर दिया।

वह वही शख्स हैं, जिनकी कई फिल्मों के निर्माण में निवेश की गई रकम से तीन गुना ज्यादा कमाई हुई। बस यह विपरीत के पीछे एक ही कारण है कि उन्हें सिनेप्रेमी बहुत पसंद करते थे।

वह वही व्यक्ति हैं, जिनके पास एक बिकाऊ हीरो होने के बावजूद लगभग 30 से अधिक unreleased/ बंद पद गई सो (shelved) फिल्म प्रोजेक्ट्स थीं; filmi circles में उनकी ऐसी थी दीवानगी. बेहद तथा बेशक़ सी।

वह वही हैं, जिन्होंने दो बार शादी करने के बावजूद उस समय के दिलों की धड़कन, बॉलीवुड की पहली महिला सुपरस्टार का दिल जीत लिया। दोनों ने गुपचुप तरीके से शादी कर ली। उन्होंने अपनी दूसरी पत्नी के प्रति समर्पण भावना के कारण अपना प्यार को खो दिया। और तीसरी पत्नी ने अपने प्रियतम से दूरी बना ली थी। वह वही हैं, जिन्होंने अत्यधिक अमीर होने के बावजूद सड़क किनारे कूड़ेदान में फेंकी गई एक बच्ची को गोद लिया और उस बच्ची को अपना उपनाम का वरदान दिया। वह वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने उम्र के बावजूद फिल्म- दर- फिल्म शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें आगे बढ़ाया। प्रोजापोटी (बंगाली) और द कश्मीर फाइल्स इस कथन का हालिया प्रमाण हैं। दोनों को ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया है। पहला उनके लिए एक और प्रतिष्ठित पुरस्कार लेकर आया।उनकी बनने वाली फिल्म 'बाप' में सनी देओल, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ भी हैं। OMG- Oh My God, (यह अभिनेता द्वारा वर्ष 2012 में अभिनीत एक और फिल्म का टाइटल है जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही), वह व्यक्ति और कोई नहीं है, जी हाँ, आपने ठीक पहचाना। वह और कोई नहीं, अपना मिथुन चक्रवर्ती ही हैं; वाह रे वाह। वह इसी तरह से आगे भी दर्शकों का मनोरंजन करते रहें।

22 अप्रैल, 2024 के दिन मान्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर कमलों द्वारा भारत गणराज्य के तीसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार, ‘पद्म भूषणण’ से मिथुन चक्रवर्ती सम्मानित हुए।16 जून 2024, को मिथुन चक्रवर्ती अपने जीवन के 75 वाँ जन्मदिन मनाने वाले हैं। इस अवसर पर उन्हें बधाई।


–दिलीप

## उर्वशी रौतेला और रवि किशन की फिल्म जेएनयू को मिली नई रिलीज तारीख, पोस्टर भी जारी



एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी जेएनयू को लेकर बेहद चर्चा में हैं। लंबे समय बाद उर्वशी बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। उर्वशी के साथ फिल्म में गोरखपुर से सांसद और मल्टीटैलेंटेड एक्टर रवि किशन नजर आएंगे। मूवी में छोटे पर्दे की फेमस एक्ट्रेस रश्मि देसाई भी इम्पोर्टेंट रोल प्ले करते हुए नजर आएंगी। डायरेक्टर्स ने जेएनयू की नई रिलीज डेट को अनाउंस कर दिया है। डेट आने से फैंस और मूवी लवर्स के बीच एक्साइटमेंट लेवल बढ़ गया है।जेएनयू अब 21 जून, 2024 को थियेटर्स में धमाका करने को बिल्कुल तैयार है। इससे पहले यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में डेट में चेंज कर दिया गया है। फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज किया गया है, जो ऑडियंस के बीच बेहद पॉपुलर हो रहा है।जेएनयू को विनय शर्मा ने डायरेक्ट किया है, जबकि प्रतिमा दत्ता ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में उर्वशी रौतेला, रवि किशन और रश्मि देसाई के अलावा पीयूष मिश्रा, विजय राज, अतुल पांडे और सोनाली सेगल जैसे मशहूर स्टार्स भी एक्टिंग करते हुए नजर आएंगे।फिल्म जेएनयू की कहानी और थीम को लेकर अभी ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इसे लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता है। उर्वशी रौतेला की वापसी और इस स्टार-स्टडेड कास्ट के साथ, फिल्म को लेकर काफी उम्मीदें हैं।फिल्म जेएनयूळ का नया पोस्टर जारी होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। उर्वशी रौतेला के फैंस उनके नए अवतार को देखने के लिए लंबे समय से वेट कर रहे हैं। रवि किशन और रश्मि देसाई की मौजूदगी ने फिल्म के लिए लोगों के इंट्रेस्ट को बढ़ा दिया है।न्यू डेट यानी 21 जून, 2024 से जेएनयू थियेटर्स में धमाल मचाने के लिए तैयार है। अब यह देखना बाकी है की उर्वशी और रवि किशन फैंस के एक्सपेक्टेशन पर कितना खरा उतर पाते हैं।






## कुंडली भाग्य फेम अंजुम फकीह करेंगी अनिल कपूर के शो में एंट्री?



खतरों के खिलाड़ी 13 में आ चुकी हैं नजर

रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 में जाने वाले कंटेस्टेंट के नाम लगातार सामने आ रहे हैं। मेकर्स लगातार एक से बढ़कर एक सेलेब्स को इस शो के लिए अप्रोच कर रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 जियो सिनेमा पर 21 जून से शुरू होगा। इस शो को अभी से ही फैंस का खूब प्यार मिल रहा है। बिग बॉस ओटीटी अभी शुरू नहीं हुआ है लेकिन अभी से ही चर्चा में है। शो का प्रोमो रिलीज हो चुका है और लोग इसे लेकर बेहद एक्साइड हैं। इस शो में एंट्री करने वालों में मीका सिंह, हर्षद चोपड़ा, भव्या गांधी, साई केतन राव, शीजान खान, तनुश्री दत्ता, अहाना देओल, त्रिशाला दत्त, सना सुल्तान, अरहान बहल, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे और कई सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस अंजुम फकीह जिन्हें आखिरी बार कुंडली भाग्य में सृष्टि अरोड़ा के किरदार में देखा गया था, उन्हें लेकर अफवाह है कि शो में जाने के लिए एक्ट्रेस का नाम फाइनल हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो अंजुम ने प्रोजेक्ट साइन कर लिया है और 21 जून को बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में एंट्री करेंगी। हालांकि अभी तक अंजुम ने रियलिटी शो में जाने को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है। अंजुम फकीह, जो टीवी इंडस्ट्री का हिस्सा रही हैं, ने 2023 में कुंडली भाग्य छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 13 में हिस्सा लिया था। एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि इस शो ने उन्हें एक मजबूत इंसान बनने में मदद की है। बिग बॉस ओटीटी 3 की बात करें तो इसका प्रीमियर 21 जून 2024 को होगा और शो को अनिल कपूर होस्ट करेंगे। इस साल यह शो अलग होगा क्योंकि दर्शकों को शो देखने के लिए चार्ज देना होगा। ये मेकर्स द्वारा पैसा कमाने के लिए नहीं बल्कि फेक फैन फॉलोइंग को कंट्रोल करने के लिए उठाया गया कदम है। इस साल कोई भी पीआर योजना काम नहीं करेगी और कथित तौर पर सलमान खान ने ये योजना बनाई है।

## निक्की तंबोली ने ब्लैक आउटफिट में गिराई बिजली



बिग बॉस 14 की फेमस कंटेस्टेंट और एक्ट्रेस निक्की तंबोली हमेशा ही अपने स्टाइलिश लुक्स और ग्लैमरस अंदाज के लिए जानी जाती हैं. सोशल मीडिया पर भी निक्की काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं. हाल ही में, निक्की ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह ब्लैक आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में निक्की तंबोली को एक स्टाइलिश ब्लैक ड्रेस पहने देखा जा सकता है. ड्रेस में डीप वी-नेकलाइन और थाई-हाई स्लिट है जो उनके लुक को और भी हॉट बना रहा है. उन्होंने अपने लुक को लाइट मेकअप और खुले बालों से कंप्लीट किया है. साथ ही एक्ट्रेस कैमरे के सामने सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं.निक्की तंबोली इन तस्वीरों में इतनी खूबसूरत लग रही हैं कि फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं. कुछ ही देर में इन तस्वीरों पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं.निक्की के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने बेहद कम उम्र में बतौर मॉडल सफर शुरू किया।

21 साल की उम्र में उन्होंने कई विज्ञापनों में काम किया। वह तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।निक्की ने साल 2019 के दौरान चिकती गदिलो चिताकोट्टु फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। वह तिप्पारा मीसम और कंचना 3 जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।वह रियलिटी शो बिग बॉस 14 की सेकेंड रनरअप रहीं। इसके अलावा वह खतरों के खिलाड़ी में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने द खतरा खतरा शो और एंटरटेनमेंट की रात हाउसफुल जैसे शो में भी खास भूमिका निभाई है।निक्की फिल्म जोगीरा सारा रा रा में एक आइटम सॉन्ग में नजर आई थी। वह बर्थडे पावरी, कल्ला रह जाएगा, रोको रोको, एक हसीना ने और बेहरी दुनिया जैसे म्यूजिक वीडियो में भी नजर आ चुकी हैं।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे

# पर्यटकों के लिए जल्द खुलेगा अयोध्या का क्वीन हो पार्क

## कोरियाई पार्क में पर्यटकों के ठहरने के लिए कॉटेज





**अयोध्या, 15 जून (एजेंसियां)।** दक्षिण कोरिया और अयोध्या के बीच मधुर संबंधों को मजबूत करने के लिए सरयू तट स्थित क्वीन हो कोरियाई पार्क जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। इसमें पर्यटकों के रुकने के लिए कॉटेज और रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। अयोध्या धाम में 2018 के दीपोत्सव आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला किम जोंग सुक ने संयुक्त रूप से क्वीन हो पार्क के नवीनीकरण का शिलान्यास किया था। इस पार्क के संचालन के लिए दिल्ली की कार्यदाई संस्था आईएचडब्ल्यूएचसी को दायित्व सौंपा गया है। सरयू तट पर 2000 वर्ग मीटर में फैले क्वीन हो मेमोरियल पार्क का निर्माण सितंबर 2019 में शुरू हुआ था। नवंबर 2021 में इसका कार्य पूर्ण हो गया। इसमें मेडिटेशन हॉल, क्वीन पवेलियन, किंग पवेलियन, वाटर टैंक, फुट ओवर ब्रिज, सब स्टेशन, ट्यूबवेल, पाथवे, शौचालय, फाउंटेन, लैंडस्केपिंग, स्कल्चर, गार्ड रूम, म्यूरल, ऑडियो-विडियो सिस्टम, बाउंड्रीवॉल, पार्किंग व तालाब का निर्माण किया गया है।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि पार्क के संचालन के लिए इसे निजी संस्था को सौंप गया है। यह पार्क दक्षिण कोरिया और भारत सरकार की संयुक्त योजना के तहत बना है। इसमें कोरिया व अवध क्षेत्र की सामाजिक व सांस्कृतिक पहलुओं को दिखाया गया है। पार्क में अवध की संस्कृति को दर्शाने के लिए अवध पवेलियन और कोरिया के कल्चर को दर्शाने वाली कोरियन पवेलियन के साथ ही समुद्र को दिखाने के लिए वाटर बॉडी बनी है।

कार्यदाई संस्था के डायरेक्टर सौरभ जैन ने बताया कि अयोध्या और कोरिया को जोड़ने वाले इस पार्क में किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नही रखे जाने पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही आने वाले पर्यटकों के माध्यम से ही यहां की व्यवस्था भी संचालित हो इसके लिए कोरियन शैली के वेज रेस्टोरेंट, कोरिया में प्रचलित सामानों की दुकानें, बाहर से आने वालों के ठहरने के लिए लग्जरी कॉटेज, कांफ्रेंस हॉल, मनोरंजन केंद्र, कोरियन-इंडियन कल्चर के कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए हॉल शामिल है।

# बसपा नेता माफिया हाजी इकबाल की 4440 करोड़ की यूनिवर्सिटी जब्त

**लखनऊ, 15 जून (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के कुख्यात खनन माफिया और बसपा के पूर्व एमएलसी हाजी मोहम्मद इकबाल पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बनाई गई यूनिवर्सिटी जब्त कर ली है। हाजी इकबाल फिलहाल फरार है। माना जाता है कि वह दुबई में छिपा हुआ है। यूनिवर्सिटी का संचालन उसके भाई और बेटे कर रहे थे। हाजी इकबाल पर अवैध खनन के अलावा, मनी लॉन्ड्रिंग सहित कई तरह के गंभीर आरोप हैं। उसके खिलाफ देश की कई एजेंसियां जांच कर रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने उसकी जिस ग्लोबल यूनिवर्सिटी को जब्त किया है, उसकी इमारत एवं जमीन की कीमत लगभग 4,440 करोड़ रुपए है। मोहम्मद इकबाल के चार बेटे हैं। बेटों और भाई के खिलाफ भी कई मामले दर्ज हैं और वे जेल में बंद हैं।

मनी लॉन्ड्रिंग केस मामले की जांच के बाद कुर्की आदेश जारी किया गया था। इस पर तामील करते हुए 121 एकड़ जमीन और ग्लोबल युनिवर्सिटी की इमारत को जब्त कर लिया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में कहा कि ये सम्पत्तियां अब्दुल वाहिद एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के नाम पर दर्ज हैं। इन पर मोहम्मद इकबाल और उनके परिवार के सदस्यों का कंट्रोल था।

हाजी इकबाल ने खनन के कारोबार हजारों करोड़ रुपए की सम्पत्ति इकट्ठा की है। राज्य की हर सरकार में उसकी पैठ रही है। हाजी इकबाल ने मिर्जापुर इलाके में लोगों को डरा धमकाकर करीब 121 एकड़ जमीन खरीदी और उस पर एक आलीशान युनिवर्सिटी बनाई थी। यह यूनिवर्सिटी शुरू से विवादों में रही है, क्योंकि इसे बरसाती नदियों पर कब्जा करके अवैध तरीके से बनाया गया है।

साल 2017 में वह चुनाव हार गया। इस बीच सरकार की नजर भी उसके काले कारनामों पर पड़ी। इसके बाद हाजी इकबाल, उसके छोटे भाई महमूद अली तथा हाजी इकबाल के चारों बेटों, रिश्तेदारों और सहयोगियों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया। हाजी इकबाल, उसके सहयोगियों और परिजनों पर अवैध खनन, मनी लॉन्ड्रिंग, डरा-धमकाकर जमीन कब्जाने के साथ-साथ दुष्कर्म के आरोप भी हैं।

हाजी इकबाल को पुलिस ने गैंग लीडर बताया है। कार्रवाई शुरू होने के दौरान हाजी इकबाल देश छोड़कर फरार हो गया। वहीं, यूपी पुलिस ने हाजी इकबाल के छोटे भाई महमूद अली और हाजी इकबाल के बेटों एवं रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, लंबे समय तक हाजी इकबाल कोर्ट में पेश नहीं हुआ तो कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। उस पर पुलिस ने लाखों रुपए का इनाम घोषित किया है।

# समयबद्धता और गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं : योगी

## निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन और नाले का निरीक्षण




**गोरखपुर, 15 जून (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन, नाला तथा तारामंडल क्षेत्र की सड़क और नाले का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार पूर्वाह्न गोरखपुर चिड़ियाघर का निरीक्षण करने के बाद सीएम योगी ने भगत चौराहे पर देवरिया बाईपास फोरलेन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने भौतिक निरीक्षण करने के साथ ही प्रोजेक्ट के ड्राइंग मैप का भी अवलोकन किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को सीएम ने निर्देशित किया कि फोरलेन के निर्माण में गुणवत्ता से तनिक भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निर्माण समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की भी हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नाला की ऊंचाई का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि इसमें आसपास के मोहल्ले का पानी आ सके। इसके साथ ही जहां जरूरी हो वहां चेम्बर बनाए जाएं। नाला को ढककर इसे फुटपाथ के रूप में इस्तेमाल करने लायक बनाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिए कि देवरिया बाईपास के शुरुआती कनेक्टिंग पॉइंट पर बन रहे नौसढ़-पैडलेगंज सिक्सलेन और फ्लाईओवर के पास सर्वे कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कहीं भी भविष्य में जाम की समस्या न रहे।

देवरिया बाईपास के बाद सीएम योगी तारामंडल क्षेत्र में बन रहे सड़क व नाला का जायजा लेने पहुंचे। तारामंडल के सामने निर्माण कार्य को देखने के बाद उन्होंने अधिकारियों से कहा कि काम में तेजी लाकर इसे जल्द पूरा किया जाए। गुणवत्ता के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इसकी ऊंचाई से आमजन को कोई असुविधा न हो।

## विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

# सीएम योगी ने दिए सख्त निर्देश

**गोरखपुर, 15 जून (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाए। हर प्रोजेक्ट की वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाए। हर परियोजना की एक समय सीमा तय होती है। उसे उसी अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।



सीएम योगी शनिवार दोपहर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एनेक्सी भवन में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जीडीए, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लाई जाए और मुआवजा वितरण भी जल्द से जल्द किया जाए। इसमें किसी तरह की शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी हर माह जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं, उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान दें।

सीएम योगी ने कहा कि बरसात का समय सन्निकट है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाए। जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी अच्छा काम हुआ है, इसे लगातार उत्कृष्टता की ओर ले जाने की आवश्यकता है। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा करने का निर्देश देने के साथ सीएम ने कहा कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गोड़धोइया नाला परियोजना पर सतत ध्यान दिया जाए।

बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा बाढ़ बचाव के कार्यों में और तेजी लाई जाए। अधिकारी, जनप्रतिनिधियों को साथ ले जाकर बंधों की स्थिति का जायजा लें। बेहतर कार्य के लिए उनसे सुझाव लें।

सीएम ने कहा कि समन्वित प्रयासों से जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया है। तैयारी ऐसी बनी रहे कि आगामी मानसून सत्र में भी इस पर नकेल कसा रहे। मुख्यमंत्री ने एकला बांध प्रोजेक्ट की भी समीक्षा की और यहां मियावाकी वन विकसित करने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पेयजल, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें। शहरों और गांवों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी जनता दर्शन में नियमित और संवेदनशील ढंग से सुनवाई करें। आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण करने के साथ शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह चेतावनी भी दी कि नागरिक समस्याओं के निस्तारण में शिथिल अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से गोरखपुर उद्यमियों के लिए पसंदीदा स्थल बनकर उभरा है। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे उद्यमियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हर माह रोजगार मेले का आयोजन करने के निर्देश भी दिए।

कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई का क्रम थमना नहीं चाहिए। उन्होंने पुलिस पैट्रोलिंग और फुट पैट्रोलिंग बढ़ाने और पीआरवी का रिस्पांस टाइम और उत्कृष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने बकरीद पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने, सड़क पर नमाज न होने देने की हिदायत देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों।

सीएम योगी ने ट्रैफिक प्रबंधन को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सड़कों पर गाड़ियां न खड़ी रहें। सभी वाहन तय पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों। टेम्पो को भी उनके लिए निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ा कराया जाए। सीएम ने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सिविल डिफेंस का सहयोग लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक राजेश त्रिपाठी, महेन्द्रपाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद समेत प्रशासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# अवध शिल्प ग्राम में जल्दी होगा यूनिटी मॉल का निर्माण

## सीएम योगी की मंशा के अनुरूप कार्ययोजना पर हो रहा काम

**लखनऊ, 15 जून (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर उसे उत्तम प्रदेश बनाने के सपने को हकीकत की शक्ल दे रही योगी सरकार प्रदेश के समेकित विकास के लिए लगातार कार्यरत है। एक ओर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर उत्तर प्रदेश ने सीएम योगी के मार्गदर्शन में कदम बढ़ा दिए हैं, वहीं प्रदेश में उत्तम नागरिक सुविधाएं व वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में भी विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत कार्य हो रहा है। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश में तीन यूनिटी मॉल के निर्माण का कार्य भी जारी है जिनमें लखनऊ, आगरा व वाराणसी मुख्य हैं। लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम के सेक्टर 9 में यूनिटी मॉल का निर्माण कार्य निरंतर जारी है तथा इस प्रक्रिया में और तेजी लाते हुए योगी सरकार ने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सल्टेंट (पीएमसी) एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को शुरू करते हुए निविदा जारी कर दी हैं जिससे कार्यावंटन का मार्ग सुनिश्चित होगा।

योजना विभाग द्वारा अवध शिल्प ग्राम के सेक्टर 9 में यूनिटी मॉल की निर्माण प्रक्रियाओं की निगरानी के लिए जिस पीएमसी को नियुक्त किया जाएगा वह कई मायने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। पीएमसी द्वारा रेगुलर मॉनिटरिंग और समय-समय पर दी जाने वाली रिपोर्ट्स न केवल इस प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता निर्धारण में निर्णायक सिद्ध होगी बल्कि इसके जरिए सभी निर्माण कार्यों को ट्रैक करने व उसी आधार पर कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा। रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से निविदा प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है और जुलाई के पहले हफ्ते में कार्यावंटन हो जाएगा। कार्यावंटन के बाद 75 दिनों में कन्सलटेंसी को आर्किटेक्चर डिजाइन प्रस्तुत करना होगा जिस पर स्वीकृति के बाद 18 महीने में सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान 36 महीने का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड (डीएलपी) भी लागू रहेगा।

यूनिटी मॉल के निर्माण व विकास के लिए परियोजना के अंतर्गत कई संरचनात्मक कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अंतर्गत रचनात्मक इनडोर स्पेसेस के निर्माण, उचित स्थान नियोजन के साथ ही यहां की जरूरतों के अनुसार विभिन्न कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाएगा। कम रखरखाव के साथ ही उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए विद्युत, यांत्रिक और अन्य सेवाओं के एकीकृत डिजाइन पर काम होगा। पर्यावरण के मानकों के पालन के साथ ही हरित भवन, उत्तम वेंटिलेशन, जलवायु अनुकूल वास्तुकला, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के साथ जल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी तमाम प्रक्रियाओं को पूर्ण किया जाएगा।

यूनिटी मॉल के विकास की जो कार्ययोजना क्रियान्वित की जा रही है, उसके अनुसार परिसर में 200 नॉन एसी तथा 34 एसी शॉप्स का निर्माण किया जाएगा। इन दुकानों को 30 वर्ष की लीज पर अलॉट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यूनिटी मॉल में एग्जिबिशन हॉल, मल्टीपर्पज हॉल, फूड कोर्ट, वातानुकूलित एट्रियम, फायर एग्जिट समेत तमाम निर्माण कार्यों को पूर्ण जाएगा। 60 करोड़ रुपए से ज्यादा व्यय के जरिए इस पूरी परियोजना पूर्ण किया जाएगा।



## संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

### भारत की दिव्या देशमुख बनी विश्व जूनियर चैम्पियन



**गांधीनगर।** भारत की नंबर चार महिला शतरंज खिलाड़ी 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने अपने खेल जीवन की एक बड़ी उपलड़ी हासिल करते हुए विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप ( बालिका ) का खिताब अपने नाम कर लिया है । अंतिम राउंड में दिव्या नें बुल्गेरिया की क्रास्तेवा बेलोस्लावा को पराजित करते हुए देश के विश्व जूनियर खिताब के 15 साल के सूखे को खत्म कर दिया है । दिव्या से पहले भारत की कोनेरु हम्पी नें एथेंस ग्रीस 2001 में , हरिका द्रोणावल्ली नें 2008 भारत में और सौम्या स्वामीनाथन नें 2009 में अर्जेन्टीना में यह खिताब हासिल किया था।

### ओलिंपिक तैयारियों के लिए राफेल नडाल विंबलडन से हटे

**मैड्रिड।** स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारी के कारण वह विंबलडन टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। राफेल नडाल ने गुरुवार को आगामी विंबलडन 2024 से हटने के अपने फैसले की आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि यह उनका आखिरी ओलंपिक होगा। उन्होंने कहा कि वह आल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले कोर्ट पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोटर् पर ही खेलना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, 'पेरिस ओलंपिक मेरा आखिरी ओलंपिक होगा।

# कनाडा के खिलाफ टीम इंडिया का मुकाबला हुआ रद्द

## सुपर 8 में कितना बड़ा फर्क पड़ेगा

**टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत और कनाडा का मैच भी बारिश और मैदान गीला होने की वजह से नहीं हो पाया। फ्लोरिडा के लॉडरहिल में लगातार तीसरा मैच बारिश की वजह से नहीं हो पाया है। इसके साथ ही भारत के ग्रुप राउंड मुकाबले भी खत्म हो गए हैं।**

फ्लोरिडा

कनाडा के खिलाड़ियों के पास भारत के खिलाफ खेलकर अच्छा अनुभव हासिल करने का मौका था। लेकिन बारिश की वजह से टी20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमों का मुकाबला नहीं हो पाया। अमेरिका के खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर नाम कमा लिया था। अब कनाडा के पास भी यह मौका था लेकिन बारिश ने उन्हें धोखा दे दिया। सुपर 8 की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी कनाडा का यह टूनार्मेंट में आखिरी मुकाबला था। दोनों टीमों को एक-एक पॉइंट से संतोष करना पड़ा।

**मैदान गीला होने की वजह से मैच रद्द**

अमेरिका और आयरलैंड का मैच भी मैदान गीला होने की वजह से ही नहीं हो पाया था। फ्लोरिडा में कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इसकी वजह से मैदान पर कई जगह दलदल जैसी स्थिति हो गई है। इसी वजह से मैच होने असंभव हो गया है। ग्राउंड स्टाफ ने उसे काफी सूखाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। श्रीलंका और नेपाल के बीच इस मैदान पर होने वाला मुकाबला भी बारिश के ही भेंट चढ़ गया था।



**दोनों टीमों के खिलाड़ी ने साथ बिताया समय**

कनाडा की टीम को भले ही भारत के खिलाफ मैच खेलने का मौका नहीं मिला। लेकिन उनके खिलाड़ियों ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों के साथ मैदान पर काफी समय बिताया। फ्लोहिडा में बारिश नहीं हो रही थी। इसकी वजह से दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर उतरे। भारतीय टीम ने फुटबॉल खेलकर अभ्यास भी किया। इसके साथ ही कनाडा के खिलाड़ी भारतीय खिलाड़ियों के साथ लगातार बात करते भी नजर आए।

**सुपर 8 पर पड़ेगा इसका असर?**

हर किसी के मन में यही सवाल है कि क्या इस मैच के नतीजे का सुपर 8 के शेड्यूल पर असर पड़ेगा? तो इसका जवाब है नहीं। शुरूआत 3 मैच जीतकर भारत ने सुपर-8 में जगह पक्की कर ली थी। यह पहला से ही तय था कि भारत सुपर 8 में पहुंचता है तो ए-1 के रूप में जाएगा। इस मैच के रद्द होने से भारत के 7 पॉइंट हो गए हैं। अमेरिका 5 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर रहा। अगर अमेरिका पहले नंबर पर भी होता तो वह ए-2 ही माना जाता और उसे उसी हिसाब से सुपर-8 में खेलना होता।

## टी-20 वर्ल्डकप के 28वें मुकाबले में इंग्लैंड ने ओमान को 8 विकेट से हराया

# इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड कप का सबसे तेज लक्ष्य हासिल किया

## ओमान को 47 रन पर समेट 3.1 ओवर में जीत की दर्ज

कंग्सिटाउन

टी-20 वर्ल्डकप के 28वें मुकाबले में इंग्लैंड ने ओमान को 8 विकेट से हरा दिया। एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में गुरुवार देर रात हुए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम महज 47 रन पर ही ऑलआउट हो गई। जवाब में इंग्लैंड के बैटर्स ने 3.1 ओवर में 2 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। यह वर्ल्ड कप का फास्टेस्ट चेज था। मार्क वुड ने शानदार कैच लिया। वहीं, फिल सॉल्ट पारी की पहली दे बॉल पर दो सिक्स लगाने के बाद बोल्ड हो गए।

### मार्क वुड ने फॉलो थ्रू में लिया शानदार कैच

ओमान की पारी में मार्क वुड ने अपने स्पेल की शुरुआत विकेट के साथ की। स्ट्राइक पर जीशान मकसूद थे। ओवर की पहली ही बॉल पर वुड ने लेथ बॉल फेंकी। मकसूद ने फ्लिक करने में जल्दी कर दी और बॉल उनके बल्ले से लगकर सामने की ओर गई। इस दौरान बॉल फेंकने के बाद फॉलो थ्रू कर रहे वुड के सामने अचानक से बॉल आई, उन्होंने अपने शानदार रिफ्लेक्स दिखाए और आगे की ओर डाइव लगाकर कैच लपक लिया। जीशान 1 रन बनाकर आउट हो गए।




### राशिद ने कलीमुल्लाह को गुगली में फंसाया

इंग्लैड के स्पिनर आदिल रशीद ने शानदार स्पेल करते हुए 4 विकेट लिए। पहले ही 3 विकेट लेने के बाद वे 13वें ओवर में अपना चौथा ओवर करने आए। कलीमुल्लाह तब क्रीज पर थे। ओवर की पांचवी बॉल पर उन्होंने गुगली फेंकी। कलीमुल्लाह को कुछ समझ नहीं आया, वे डिफेंड करने के लिए आगे आए और बॉल उनके पैड्स और बल्ले के बीच से होकर सीधे स्टंप्स पर जा लगी।

### स्कोर बोर्ड

| ओमान | रन | बॉल | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| प्रतीक कै फिलिप बो आर्चर | 5 | 3 | 1 | 0 |
| कश्यप कै लियाम बो वुड | 9 | 16 | 0 | 1 |
| आकिब कै विल बो आर्चर | 8 | 10 | 1 | 0 |
| जीशान कॉट एंड बोल्ड वुड | 1 | 5 | 0 | 0 |
| खालिद स्टंप बटलर बो रशीद | 1 | 3 | 0 | 0 |
| अयान खान बोल्ड वुड | 1 | 5 | 0 | 0 |
| शोएब कै बटलर बो आर्चर | 11 | 23 | 1 | 0 |
| मेहरान कै मोईन बो रशीद | 0 | 2 | 0 | 0 |
| फैयाज बट बोल्ड रशीद | 2 | 7 | 0 | 0 |
| कलीमुल्लाह बोल्ड रशीद | 5 | 5 | 1 | 0 |
| बिलाल खान नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |

कुल: 47/10 (13.2)

**गेंदबाजी:** रीस टॉपले (3-0-12-0), जोफ्रा आर्चर (3.2-1-12-3), मार्क वुड (3-0-12-3), आदिल रशीद (4-0-11-4)

| इंग्लैंड | रन | बॉल | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| फिलिप साल्ट बोल्ड बिलाल | 12 | 3 | 0 | 2 |
| जोस बटलर नाबाद | 24 | 8 | 4 | 1 |
| विल कै कश्यप बो कलीमुल्लाह | 5 | 7 | 1 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 8 | 2 | 2 | 0 |

कुल: 50/2 (3.1)

**गेंदबाजी:** बिलाल खान (2-0-36-1), कलीमुल्लाह (1-0-10-1), फैयाज बट (0.1-0-4-0)

**टी20 विश्व कप में सबसे छोटा स्कोर**

| टीम | स्कोर | बनाम | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| नीदरलैंड | 39/10 | श्रीलंका | चटगांव | 2014 |
| युगांडा | 39/10 | वेस्टइंडीज | गयाना | 2024 |
| नीदरलैंड | 44/10 | श्रीलंका | शारजाह | 2021 |
| ओमान | 47/10 | इंग्लैंड | एंटीगुआ | 2024 |
| वेस्टइंडीज | 55/10 | इंग्लैंड | दुबई | 2021 |

**टी20 विश्व कप में सबसे तेज लक्ष्य हासिल**

| टीम | बनाम | ओवर | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | ओमान | 3.1 | एंटीगुआ | 2024 |
| श्रीलंका | नीदरलैंड | 5 | चटगांव | 2014 |
| न्यूजीलैंड | इंग्लैंड | 5.2 | चटगांव | 2014 |
| ऑस्ट्रेलिया | नामीबिया | 5.4 | नॉर्थ साउंड | 2024 |
| वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | 5.5 | प्रोविडेंस | 2010 |

### इंग्लैंड के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर

इंग्लैंड के खिलाफ ओमान ने वर्ल्ड कप में सबसे छोटा टी-20 स्कोर बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम था। वेस्टइंडीज ने दुबई के मैदान पर 55 रन का स्कोर बनाया था।

## अमेरिका-आयरलैंड मैच बारिश के कारण रद्द

# यूएसए सुपर-8 के लिए क्वालिफाई 2009 की चैंपियन पाकिस्तान बाहर



लॉडरहिल

टी-20 वर्ल्ड कप में अमेरिका और आयरलैंड मैच बारिश के कारण रद्द हो गया है। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। ऐसे में ग्रुप-ए से होस्ट अमेरिकी टीम सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर गई है, जबकि 2009 की चैंपियन पाकिस्तान लीग राउंड से ही बाहर हो गई है। फ्लोरिडा के लॉडरहिल में यह मैच शुक्रवार रात 8:00 बजे से खेला जाना था, लेकिन वहां शुक्रवार को बारिश होने लगी। कुछ देर के लिए बारिश रुकने के बाद अंपायर्स ने 3 बार मैदान का निरीक्षण किया। आखिरकार आउट फील्ड गीला होने के कारण मैच रद्द करने का फैसला लिया गया।

### पिछली भिड़ंत- आयरलैंड ने 9 रन से जीता था मैच

आयरलैंड और अमेरिका के बीच टी-20 इंटरनेशनल्स में पिछली भिड़ंत 23 दिसंबर 2021 को फ्लोरिडा में ही हुई थी। मैच को आयरलैंड ने 9 रन से जीता था। पहले खेलते हुए आयरलैंड 18 .5 ओवर में 150 पर ऑलआउट हो गई थी। उस मैच में भी सौरभ नेत्रवल्कर ने 3 विकेट लिए थे। हालांकि, अमेरिका की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 141 रन ही बना पाई थी।

### अमेरिका के एरोन जोन्स और सौरभ नेत्रवल्कर फॉर्म में

अमेरिका अपने पहले टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर रही है। टीम के बल्लेबाज एरोन जोन्स अपनी शानदार बल्लेबाजी से चर्चा में हैं। उन्होंने कनाडा के खिलाफ 94 रन की पारी खेली थी। वहीं, पाकिस्तान के खिलाफ भी नाबाद 36 रन बनाए थे। उनके अलावा गेंदबाजी में भारतीय मूल के सौरभ नेत्रवल्कर ने भारत और पाकिस्तान के खिलाफ 2-2 विकेट चटकाए थे।

### यूएसए सुपर-8 में पहुंचने वाली छठी टीम, अब 2 जगह बाकी

होस्ट अमेरिका टूर्नामेंट के सुपर-8 में प्रवेश करने वाली छठी टीम बन गई है। वह टॉप-8 में पहुंचने वाली ग्रुप-ए की दूसरी टीम है। अब सुपर-8 में कुल 2 जगह खाली हैं। यूएसए को इस मुकाबले से एक अंक मिला और टीम के कुल 5 अंक हो गए।

## यूनियन फुटबॉल क्लब ने एक महीने तक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का सफल आयोजन किया

# स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप के समापन समारोह में वित्त सचिव ठकराल के उदगार

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के वित्त सचिव नरेश कुमार ठकराल ने कहा कि सीमित साधनों में यूनियन फुटबॉल क्लब ने एक महीने तक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। मैं विभिन्न टूर्नामेंट आयोजनों में यहां आता रहा हूं, जीवन में खुश रखने वाले चार तत्व हार्मोन्स खेल मैदान में खिलाड़ियों को स्वतः मिल जाते हैं। आगामी गुरुवार 20 जून को प्रातः 6 बजे यूनियन ग्राउंड में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री ठकराल ने हाथ खड़े करा कर सहमति ली। नरेश कुमार ठकराल ने क्लब सचिव महिपाल स्वामी , क्लब कोऑर्डिनेटर एवं स्पोर्ट्स ट्रेनिंग कैंप अभिनव स्वामी, कबड्डी कोच राजनारायण शर्मा, योग फिटनेस शिक्षक भव्या राजावत, ग्राउंड इंचार्ज विजयदीप, फुटबॉल कोच हर्षवर्धन, यशवर्धन आदि के योगदान को सरहरना की। उपस्थित अभिभावकों और खिलाड़ियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में महिपाल स्वामी ने कहा कि, प्रशासन और शासन का निश्चछल सहयोग मिलता रहा तो आगामी आठ वर्षो में यूनियन फुटबॉल क्लब वर्ल्ड कप में भारतीय फूटबॉल टीम क्वालीफाई करा देगा। स्वामी ने क्लब की मुख्य संरक्षक दिया कुमारी , उप मुख्यमंत्री के पूर्वजों की खेल प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। वित्त सचिव ठकराल ने सभी खेलों के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और प्रशिक्षकों को प्रशंशा पत्र दिए।



### डेड रबर मैच में सम्मान बचाने उतरेगा न्यूजीलैंड

**तारौबा।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में शनिवार सुबह ग्रुप डी के एक डेड रबर मुक़ाबले में युगांडा का सामना न्यूज़ीलैंड से होगा। डेड रबर इसलिए कि ये दोनों टीमें प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी हैं। भारतीय समयानुसार यह मुक़ाबला सुबह छह बजे से ट्रिनिडैड के टरूबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण आप हमारे सहयोगी चैनल स्टार स्पोर्ट्स और हॉटस्टार पर देख सकते हैं और लाइव अपडेट व गेंद-दर-गेंद कॉमेंट्री को हमारे वेबसाइट पर फ़ॉलो कर सकते हैं।

### सुमित नागल का शानदार प्रदर्शन जारी, पेरूगिया चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे



नई दिल्ली

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को पेरूगिया चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय नागल ने क्वार्टर फाइनल में गैर वरीयता प्राप्त पोलैंड के माक्स कसनिकोवस्की पर सीधे सेट में 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। शनिवार को सेमीफाइनल में नागल का सामना स्पेन के गैर वरीय बर्नाबे जापाटा मिरालेस और दूसरे वरीय सर्बिया के लास्लो जेरे के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। यह नागल की जर्मनी में हीलब्रोन चैलेंजर के शुरू होने के बाद लगातार आठवीं जीत है। नागल ने इससे पहले शुरुआती दौर में बोस्निया हर्जेगोविना के गैर वरीय नर्मन फाटिक पर और फिर प्री क्वार्टर फाइनल में इटली के गैर वरीय एलेसांद्रो जियानेसी पर जीत दर्ज की थी। पिछले हफ्ते नागल ने हीलब्रोन चैलेंजर खिताब जीता था जो उनकी इस सत्र में दूसरी चैलेंजर ट्राफी थी। उन्होंने फरवरी में चेन्नई चैलेंजर में फतह हासिल की थी।

## भारत का कोई भी खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा

# एचएस प्रणय को मिली हार , टूर्नामेंट में समाप्त हुई भारतीय चुनौती



लॉडरहिल

भारत के शीर्ष रैंकिंग के सिंग्लस खिलाड़ी एचएस प्रणय की हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। प्रणय को अपने से ऊंची रैंकिंग के जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार मिली। भारत का कोई भी खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष सिंगल्स वर्ग में समीर वर्मा और महिला सिंगल्स में आकर्षि कश्यप के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिक्स्ड जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा।

### लय बरकरार नहीं रख सके प्रणय

प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया, लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। नाराओका ने दूसरे गेम में 5-5 की बराबरी के बाद अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी लोह किन यू को हराकर उलटफेर करने वाले समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी ने उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

### सुमित-सिक्की की जोड़ी को मिली हार

मिक्स्ड डबल्स में सुमित और सिक्की की आठवीं वरीयता प्राप्त पति-पत्नी जोड़ी को भी जियान जेन बैंग और वेई या शिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से शिकस्त मिली। बैंग और शिन ने 21-12, 21-14 से आसान जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि 42 मिनट तक चले महिला सिंगल्स मुकाबले में चीनी ताइपे की यू पो पाई से 21-17, 21-12 से हार गईं।

### न्यूजीलैंड ने दो हार के बाद बड़ी जीत के साथ खोला खाता

**टरूबा (त्रिनिदाद)।** न्यूजीलैंड ने ग्रुप सी में युगांडा को 9 विकेट से रौंदकर टी20 विश्व कप 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की। कप्तान केन विलियमसन ने युगांडा के खिलाफ अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। कीवी गेंदबाजों ने युगांडा को शुरुआती झटके दिए, जिससे यह टीम उबर नहीं पाई। युगांडा के टॉप 5 बल्लेबाजों में तीन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए, जबकि अन्य दो बल्लेबाज कुल 13 रन ही जोड़ पाए। मैच में साउदी ने अपने स्पेल में मात्र 7 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। मैच में साउदी के 3 विकेट के अलावा ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर और रचिन रविंद्र ने 2-2 विकेट झटके। लॉकी फर्ग्यूसन को 1 विकेट मिला। युगांडा की टीम 18.4 ओवर में केवल 40 रन ही बना सकी। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन केनेथ वैसवा (11 रन) ने बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, डेवोन कॉनवे के नाबाद 22 रन ने उन्हें ब्रायन लारा स्टेडियम में 9 विकेट से जीत दिलाई। युगांडा से मिले 41 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 5.2 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

# अजब दुनिया गजब बातें



ये हैं दुनिया की कुछ खास खबरें। एक ओर पोलैंड में विश्व के सबसे संकरे घर का निर्माण हुआ, तो वहीं दूसरी ओर मनीला के एक चिड़ियाघर का मालिक इसी चिड़ियाघर के सांपों के साथ रहता है। चलिए, ऐसे ही हैरान कर देने वाली कुछ खबरों को विस्तार से जाना जाए।

## सांप हैं इनके साथी

मनीला, फिलीपींस के रहने वाले इमैन्युल टैंग्को यहां के प्रसिद्ध जू, 'मेलेबॉन' के मालिक हैं। लेकिन इनकी पहचान किसी और बात से है। यहां रहने वाले सांपों से टैंग्को का प्यार जगजाहिर है। वे न सिर्फ इनकी देखभाल करते हैं, बल्कि इनके साथ खाते हैं, रहते हैं, सोते हैं, पढ़ते हैं और सारा दिन बिताते हैं। उनके ऐसा करने के पीछे एक खास वजह भी थी। लूनार न्यू ईयर का आरंभ 10 फरवरी 2013 को हुआ जो 30 जनवरी 2014 को समाप्त होगा, नए वर्ष के इस खास मौके के लिए टैंग्को ने अपने जू में कुल पचास सांपों का स्वागत किया। इन सांपों से टैंग्को को कुछ खास खतरा नहीं था, क्योंकि इनमें से एक भी सांप जहरीला नहीं था। इस अनोखे कार्य के दौरान इन्होंने अपने सारे सांपों के साथ जू के स्वीमिंग पूल में काफी देर मस्ती की। नए वर्ष का जश्न कुछ इस तरह मनाना भी एक अनूठा प्रयास रहा।




## गली नहीं, यह घर है



सारी सुविधाओं से युक्त यह घर दुनिया का सबसे संकरा घर है, जिसकी चौड़ाई मात्र पांच फीट, यानी 152 सेंटीमीटर है। वॉरसॉ, पोलैंड में दो इमारतों के बीच की पतली गली में इस घर का निमार्ण किया गया है। इस घर को 'द कीरीट हाउस' नाम दिया गया है। माना जा रहा है कि यह दुनिया का सबसे संकरा घर है जिसका फ्लोर स्पेस केवल 14 वर्ग मीटर है। यहां मेहमानों को अंदर आने के लिए एक सीढ़ी का इस्तेमाल करना होता है। इतना पतला होने के बावजूद इस घर में हर सम्भव चीज मौजूद है। अंदर जाते ही एक हॉल, रसोईघर, शयनकक्ष, खानपान का कक्ष दिया गया है। सबसे खास बात तो यह है कि इस घर की छत और दीवारों को पॉलीकार्बोनेट शीट से बनाया गया है, जिसके चलते जगह भी बचाई जा सकी और इससे अधिक रोशनी भी आती है। दो बड़ी इमारतों के बीच बने इस घर में सबसे अहम सवाल रोशनी का ही था। यह घर फिलहाल दो साल के लिए कायम रहेगा। उसके बाद इसका क्या होगा, यह तय नहीं किया जा सका है।

## धरती के उस पार




1. धूमकेतू किन तत्वों से मिलकर बना होता है?
2. सूर्य के सबसे करीब कौन-सा ग्रह है?
3. हमारे सौर मंडल में दूसरा बड़ा ग्रह कौन-सा है।
4. सौर मंडल में सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?
5. सुंदर वलयों के लिए कौन-सा ग्रह जाना जाता है?
6. अंतरिक्ष में भी सामान्य रूप से सांस ले सकते हैं?
7. किस ग्रह को लाल ग्रह के नाम से जाना जाता है?
8. नासा के प्रसिद्ध टेलीस्कोप का नाम बताइए?
9. पृथ्वी किस आकाशगंगा में है?
10. अंतरिक्ष में भेजा गया पहला उपग्रह कौन-सा था?
11. गैनीमेड किस ग्रह का उपग्रह है?
12. शनि के सबसे पड़े उपग्रह का नाम बताइए?
13. सौर मंडल में किस ग्रह के सबसे यादा उपग्रह हैं?
14. अपने से आधे आकार के उपग्रह वाले ग्रह का नाम बताइए?

उत्तर- 1. बर्फ और धूल 2. बुध 3.शनि 4. शुक्र 5. शनि 6. नहीं 7. मंगल 8. हब्बल स्पेस टेलीस्कोप 9. मिल्की वे गैलेक्सी 10. स्पुतनिक 11. गुरु/ बृहस्पति 12. टाइटन 13. शनि 14. प्लूटो


## स्पाइडरमैन नहीं, विंडो क्लीनर हैं ये जनाब

हॉस्पिटल में रहना किसे पसंद है! और खासतौर पर बच्चे, उन्हें तो हॉस्पिटल सबसे ज्यादा बुरा लगता है। दिनभर उछल-कूद करने वालों को अगर चुपचाप बैठना पड़ जाए, तो मुश्किल तो होगी! और सब उदास भी हो जाएंगे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मेम्फिस, अमेरिका की एक क्लीनिंग कम्पनी ने बेहद नायाब आइडिया ढूंढ निकाला है। इस कम्पनी के तीन लोगों ने मिलकर, हॉस्पिटल के बीमार बच्चों को खुश करने की ठानी है। सुस्त पड़े बच्चे अचानक स्पाइडरमैन और सुपरमैन के कास्ट्यूम में सजे इन विंडो क्लीनर्स को देखते ही खुशी से हंस पड़ते हैं। ये तीनों बस इस छोटी-सी मुस्कान के लिए यह काम कर रहे हैं। जाहिर है, अचानक स्पाइडरमैन या कैप्टन अमेरिका कमरे की खिड़की पर ऊपर-नीचे झूलते हुए सफाई करते दिख जाएं, तो एक पल के लिए आप चकित हो जाएंगे और अगले ही पल एक मुस्कान आपके चेहरे पर आ जाएगी। अपने हीरो के रूप में इन क्लीनर्स को देखकर हॉस्पिटल का माहौल पसंद न करने वाले बच्चे भी चहक उठते हैं, यह देखकर इन कार्यकर्ताओं को लगता है कि इनका कार्य सफल हुआ। अब यही आइडिया फ्लोरिडा, पिट्सबर्ग जैसी जगहों पर भी अपनाया जा रहा है।



## बड़ा कौन?

सूरत या सीरत, किसे तरजीह देनी चाहिए? सबके अपने-अपने मत होते हैं। इसी बात पर एक दिन कार्बन के दोनों बच्चों डायमंड और ग्रेफाइट में झड़प हो गई। फैसला किसके हक में हुआ, जानने के लिए पढ़ें कहानी...



**एलीमेंटा** गांव में मां कार्बन अपने दोनों बेटों डायमंड और ग्रेफाइट के साथ रहती थी। दोनों एक-दूसरे से बहुत अलग थे। डायमंड बहुत सुंदर और सुघड़ था। उसे देखकर लोग प्रशंसा किए बिना नहीं रहते। वह मजबूत भी बहुत था। दूसरी ओर ग्रेफाइट सांवला, भोला-भाला और नाजुक था। वह डायमंड से बहुत प्यार करता था और उसके साथ सम्मानजनक व्यवहार करता था।

जैसे-जैसे वे बड़े होने लगे, डायमंड अपनी तारीफ सुन-सुन कर अहंकारी बन बैठा। वह ग्रेफाइट को हीन दृष्टि से देखने लगा। वह हर बात पर उसे नीचे दिखाता और ग्रेफाइट इसे सहन करता रहता। लेकिन एक दिन दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो हाथापाई में बदल गई। यह बात गांव की पंचायत तक पहुंच गई। सरपंच ने दोनों को समझाने की कोशिश की। पंचायत में भी डायमंड, ग्रेफाइट को अपमानित करता रहा।

सरपंच ने जैसे-तैसे करके उन दोनों को शांत करवाया। फिर कहा, 'तुम दोनों में कौन योग्य है, इसका पता अभी चल जाएगा। डायमंड यह बताओ कि तुम क्या-क्या कर सकते हो?'

डायमंड सीना तानकर बोला, 'मैं आभूषण बनाने में, कांच काटने और चट्टानों में छेद करने के काम आ रहा हूं। आजकल तो मैं चिकित्सकों के औजार बनाने में भी काम आता हूं।'


अब बारी थी ग्रेफाइट की। ग्रेफाइट बड़ी विनम्रता से बोला, 'मैं मशीनों में लुब्रिकेंट बनाने में, कारखानों में इलेक्ट्रॉड बनाने में, काला पेंट बनाने और प्रिंटर की स्याही बनाने में काम आता हूं। यहां तक कि लोगों को साक्षर बनाने में भी मेरा हाथ है। पेंसिल की लीड बनाने में मेरा इस्तेमाल होता है।'

सरपंच ने दोनों की बातें ध्यान से सुनीं और अपना निर्णय लिया। 'ईश्वर ने सबको अपना-अपना एक रूप-रंग देकर धरती पर भेजा है। इसमें किसी का कोई योगदान नहीं है जिस पर वह गर्व करे। हमें अपने कर्मों, स्वभाव, संस्कार से एक अच्छा व्यक्ति बनने के बारे में सोचना चाहिए।

डायमंड तुम अच्छे हो, लेकिन ग्रेफाइट भी बहुत अच्छा है। यह आम जन के लिए काफी काम कर रहा है। उसकी उपयोगिता बहुत अहम है, जो हमारे गांव और देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है।' सरपंच की बात सुनकर सब तालियां बजाने लगे।

डायमंड को अपनी गलती का अहसास हो गया। उसने वहां मौजूद लोगों से माफी मांगी और कहा,'मुझे समझ आ गया है कि सूरत से ज्यादा सीरत महत्व रखती है।

डायमंड ने खुशी-खुशी ग्रेफाइट को गले से लगा लिया।' मां कार्बन की आंखों से खुशी के आंसू बहने लगे।



## क्या आप जानते हैं

1. इंकलाब जिंदाबाद का नारा भगत सिंह ने दिया था।
2. भगत सिंह को फांसी की सजा सुनाने वाले न्यायाधीश का नाम जी.सी.हिल्टन था।
3. महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरू गोपाल कृष्ण गोखले थे।
4. वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि बारदोली सत्याग्रह की सफलता के बाद वहां के महिलाओं की ओर से गांधी जी ने प्रदान किया था।
5. प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत 28 जुलाई 1914 ई. को हुई। यह चार वर्षो तक चला। इसमें 37 देशों ने भाग लिया। प्रथम विश्वयुद्ध में सम्पूर्ण विश्व दो खेमों में बंट गया- मित्र राष्ट्र और धुरी राष्ट्र। धुरी राष्ट्रों का नेतृत्व जर्मनी ने किया। इसमें शामिल अन्य देश थे- ऑस्ट्रिया, हंगरी, और इटली आदि। मित्र राष्ट्रों में इंग्लैंड, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, एंव फ्रांस शामिल था।
6. प्रथम विश्व युद्ध के समय अमेरिका का राष्ट्रपति वुडरो विल्सन था। अमेरिका 6 अप्रैल 1917 को प्रथम विश्वयुद्ध में शामिल हुआ।
7. द्वितीय विश्वयुद्ध की शुरूआत 1 सितम्बर 1939 को हुई। यह 6 वर्षो तक लड़ा गया। इसका अंत 2 सितम्बर 1945 को हुआ। इसमें 61 देशों ने भाग लिया।

## रंग भरो



खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# खुशखबरी! जून में इस तारीख को किसानों के खाते में आएंगे 2 हजार रुपए, पीएम मोदी जारी करेंगे 17वीं किस्त

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता संभालने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करने वाले हैं।

**नई दिल्ली,15 जून (एजेंसियां) ।** किसानों के लिए खुशखबरी है। किसानों को काफी समय से 17वीं किस्त का इंतजार है। अब जल्द ही किसानों के खाते में किस्त के दो हजार रुपये आने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता संभालने के बाद पहली बार 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे। इस दौरान वह देश भर के 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे। मोदी स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के 30,000 से अधिक सदस्यों को प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे, जिन्हें कृषि सखियों के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, ताकि वे पैरा-विस्तार कार्यकर्ता के रूप में काम कर सकें और साथी किसानों को खेती में मदद कर सकें।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से बात करते हुए कृषि क्षेत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। चौहान ने कहा, ''पिछले दो कार्यकालों में कृषि हमेशा से ही प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता रही है। उन्होंने किसानों के हित में कई अहम फैसले लिए। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मोदी जी ने सबसे पहले पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करने से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर किए।''

साल 2019 में शुरू की गई पीएम-किसान एक प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) पहल है। इसके तहत लाभार्थी किसानों को उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तीन समान किस्तों में 6,000 रुपये की वार्षिक राशि प्राप्त होती है। चौहान ने कहा कि योजना की शुरूआत के बाद से केंद्र ने देश भर में 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य के विभिन्न मंत्री वाराणसी में होने वाले कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।कृषि मंत्री ने कृषि सखी योजना पर भी प्रकाश डाला, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ एक सहयोगात्मक प्रयास है। इस योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की 90,000 महिलाओं को अर्ध-विस्तार कृषि श्रमिकों के रूप में प्रशिक्षित करना है, ताकि कृषक समुदाय की सहायता की जा सके तथा अतिरिक्त आय अर्जित की जा सके।

अब तक, लक्षित 70,000 में से 34,000 से अधिक कृषि सखियों को 12 राज्यों- गुजरात, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश और मेघालय में पैरा-विस्तार कार्यकर्ता के रूप में प्रमाणित किया जा चुका है।

सरकार कृषि क्षेत्र के लिए 100 दिवसीय योजना तैयार कर रही है, जिसमें किसानों के कल्याण और देश में कृषि परिदृश्य के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है।

# अगले हफ्ते सिर्फ 4 दिन खुलेगा शेयर बाजार

**नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसियां) ।** शेयर बाजार में इस सप्ताह तेजी देखने को मिली है। बाजार कल कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन गिरावट के साथ बंद हुआ था। निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही थी। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए थे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान एक समय यह 270.4 अंक यानी 0.35 प्रतिशत चढ़कर 77,081.30 अंक पर पहुंच गया था।




नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। अगले सप्ताह शेयर बाजार में एक दिन छुट्टी रहने वाली है। बाजार में 4 दिन कारोबार होगा। शेयर बाजार सोमवार यानी 17 जून को बंद रहने वाला है। इस दिन बकरीद के चलते बाजार बंद रहेगा। बकरीद के दिन ट्रेडिंग हॉलिडेज पर इक्विटी सेक्टर, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट और एसएलबी सेगमेंट में कोई ट्रेडिंग नहीं होगी। इसके अलावा पब्लिक हॉलिडेज पर, कैपिटल मार्केट और फ्यूचर व ऑप्शंस सेगमेंट में भी कारोबार नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ.....

### एक ही दिन में पलट गई एलन मस्क की दुनिया, नंबर वन रईस की कुर्सी हाथ से गई

**नई दिल्ली।** दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक ही रात में भारी उलटफेर देखने को मिला है। एलन मस्क के हाथ से एक ही दिन में नंबर वन रईस की कुर्सी छिन गई है। मस्क गुरुवार को दुनिया के सबसे बड़े रईस बने थे लेकिन शुक्रवार को वह दूसरे नंबर पर खिसक गए। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन मस्क की नेटवर्थ में 3.19 अरब डॉलर की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 203 अरब डॉलर रह गई है जबकि ऐमजॉन के जेफ बेजोस 206 अरब डॉलर के साथ उनसे आगे निकल गए हैं। बेजोस की नेटवर्थ में इस साल 29.3 अरब डॉलर की तेजी आई है जबकि मस्क की नेटवर्थ 25.7 अरब डॉलर गिरी है। लंबे समय तक दुनिया के सबसे बड़े रईस की कुर्सी पर काबिज रहे बर्नार्ड अरनॉल्ट 198 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग 179 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 51 अरब डॉलर की तेजी आई है। लैरी पेज 157 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ पांचवें और माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर 155 अरब डॉलर के साथ छठे नंबर पर हैं। स्टीव बाल्मर (153 अरब डॉलर) सातवें, लैरी एलिसन (150 अरब डॉलर) आठवें, सर्गेई ब्रिन (147 अरब डॉलर) नौवें और वॉरेन बफे (134 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। एआई चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग 116 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 11वें नंबर पर आ गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 71.7 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। दुनिया के टॉप 12 अरबपतियों में 11 अमेरिका के हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी 113 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 13वें नंबर पर है। शुक्रवार को उनकी नेटवर्थ में 68.5 करोड़ डॉलर की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ इस साल 16.2 अरब रिकॉर्ड है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 107 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 14वें नंबर पर हैं। शुक्रवार को उनकी नेटवर्थ 69.6 अरब डॉलर बढ़ी और इस साल इसमें 22.3 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।



### एसबीआई बैंक ने लोन पर बढ़ा दिया ब्याज, अब चुकानी होगी ज्यादा ईएमआई




**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक ने ग्राहकों को महंगाई का झटका दिया है। दरअसल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने एमसीएलआर में 10 बेसिस प्वाइंट (बीपीएस) या 0.1 फीसदी का इजाफा कर दिया है। इसके चलते बैंक के ग्राहकों को अब ज्यादा ईएमआई का बोझ उठाना पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को अनचेंज रखा है। लेकिन कई बैंकों ने लोन पर ब्याज बढ़ाना शुरू कर दिया है। एसबीआई ने आरबीआई के मौद्रिक नीति की बैठक के कुछ दिन बाद ब्याज में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। एसबीआई के इस कदम से एमसीएलआर से जुड़े सभी तरह के लोन की ईएमआई बढ़ जाएगी। एसबीआई की इस बढ़ोतरी के बाद एक साल का एमसीएलआर 8.65 फीसदी से बढ़कर 8.75 फीसदी हो गया है। ओवरनाइट एमसीएलआर 8 फीसदी से बढ़कर 8.10 फीसदी हो गया है। एक महीने और तीन महीने का एमसीएलआर दोनों 8.20 फीसदी से बढ़कर 8.30 फीसदी हो गया है। छह महीने का एमसीएलआर 8.55 प्रतिशत से बढ़कर 8.65 फीसदी हो चुका है। इसी के साथ दो साल का एमसीएलआर 8.75 फीसदी से बढ़कर 8.85 फीसदी हो गया है। वहीं तीन साल का एमसीएलआर अब 8.85 फीसदी से बढ़कर 8.95 फीसदी हो गया है। एमसीएलआर एक बेंचमार्क ब्याज दर है जिसका इसके मुताबिक सभी बैंक अपने ग्राहकों होम लोन, ऑटो लोन समेत कई लोन देते है। बैंक इस ब्याज दर से कम पर लोन की इजाजत नहीं देते हैं। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक ने अपने बेस रेट में भी बदलाव किया है। नया बेस रेट 10.40 प्रतिशत है, जो 15 जून 2024 से लागू हो गया है। वहीं, एसबीआई बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट (बीपीएलआर)में बदलाव कर 5.15% प्रति वर्ष कर दिया गया है, जो 15 जून 2024 से प्रभावी हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### हिंदुओं को रौंदो...

यहां मुशरिकों का अर्थ उन सभी से है, जो किसी भी प्रकार की बुतपरस्ती (मूर्ति पूजा) करते हैं।

आईएसआईएस समर्थित पत्रिका के इस लेख में हिंदू नेत-ाओं में खासतौर पर भाजपा से जुड़े लोगों को मुस्लिमों पर अत्याचार करने वाला बताया गया है। लेख में मोहम्मद बिन कासिम और महमूद गज़नवी जैसे हमलावरों की तारीफों के पुल बांधे गए हैं। मुस्लिमों से उनकी जीत को याद करके उन्हीं की राह पर चलने को हिदायत दी गई है। इस जीत का एकमात्र रास्ता हिंसक जेहाद ही बताया गया है।

इस पत्रिका के आतंकवाद समर्थक लेख में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खासतौर पर निशाने पर लिया गया है। उन्हें इस्लाम का दुश्मन करार देते हुए मुस्लिमों के खिलाफ गलत व्यवहार करने वाला बताया गया है। लेख में यह भी है कि नरेंद्र मोदी इस्लामी तौर-तरीकों का मज़ाक उड़ाते हैं। मोदी के शासन को आईएसआईएस की पत्रिका ने एक चरमपंथी हिंदू राष्ट्रवादी का राज बताया है और उनकी नीतियों की आलोचना की है।

आईएसआईएस की इस पत्रिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान भारत के मुसलमानों को घुसपैठिया कहा था। हालांकि, यह कांग्रेस और भारत के कुछ कथित उदार मुस्लिमों द्वारा फैलाई गई अफवाह थी।

राम मंदिर को बाबरी मस्जिद की जगह बनवाने जैसी बातें भी इस पत्रिका में कही गई हैं। इसके लेख से लगता है कि जैसे आईएसआईएस राम मंदिर पर हमले की फिराक में था। रामजन्मभूमि पर हुए तमाम आयोजनों और भजन को आईएसआईएस की इस पत्रिका में अश्लील पार्टी और गंदे गाने जैसे शब्दों से सम्बोधित किया गया है। मंदिर परिसर में शराब परोसने जैसी बातें लिखी गईं है। इसमें आगे कहा गया है कि मस्जिद की उस पाक जमीन पर अब गाय और मूर्तियों की पूजा हो रही है।

जनवरी 2024 में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तमाम फ़िल्मी, राजनैतिक, खेल और व्यापार जगत की हस्तियों के शामिल होने पर भी आईएसआईएस की इस पत्रिका में नाराजगी जताई गई है। लेख में राम मंदिर-बाबरी केस में आए गए फैसले को भी गलत ठहराने की कोशिश की गई है।

एक लम्बे समय के बाद सार्वजानिक जीवन में फिर से दिख रहीं नूपुर शर्मा का भी जिक्र आईएसआईएस की इस पत्रिका में हुआ है। टीवी डिबेट में उनके द्वारा की गई टिप्पणी को भी दोबारा याद दिला कर कुछ लोगों को भड़काने का प्रयास हुआ है। बताते चलें कि मोहम्मद जुबैर द्वारा एडिटेड क्लिप शेयर करते ही नूपुर शर्मा को पूरी दुनिया से रेप, हत्या और सिर तन से जुदा की धमकियां मिलने लगीं थी।

हालांकि टीवी डिबेट के दौरान तस्लीम रहमानी द्वारा बार-बार ज्ञानवापी के शिवलिंग का अपमान किए जाने के जवाब में नूपुर शर्मा की कही गई तमाम बातें ज़ाकिर नाईक सहित कई कई इस्लामिक स्कॉलर के बयानों से मेल खाती हैं। इसके बावजूद नूपुर शर्मा इस्लामी कट्टरपंथियों के निशाने पर रहीं।

लोकसभा चुनाव 2024 में हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ रहीं भाजपा प्रत्याशी भी अब कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। इस लेख में दावा किया गया है कि साल 2023 में माधवी लता को किसी मुस्लिम विरोधी बयान के चलते कार्रवाई झेलनी पड़ी थी। माधवी लता को प्रत्याशी बनाने की वजह इस लेख में भाजपा द्वारा मुस्लिम विरोधी नेताओं को तरजीह देने की सोच माना गया है।

भारत और उसके आसपास के इलाकों को मुस्लिम विरोधी बताकर आईएसआईएस ने हिंदुओं को मुस्लिमों का दुश्मन बताया है। प्रधानमंत्री मोदी के शासन को इस लेख में मिस्र के फराओ का बनी इस्रायल के साथ दुश्मनी वाले दौर की तरह बताया गया है। लेख में लोगों को भड़काते हुए कहा गया है कि आज भारत के लगभग 22 करोड़ मुस्लिम हिंदुओं की गुलामी में दर्दनाक जीवन बिताने को मजबूर है।

आईएसआईएस ने अपने इस लेख में मुसलमानों से गैर मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाया है। उन्हें हिंदुओं की हत्या बम ब्लास्ट और अन्य रूपों के जरिए करने के लिए कहा गया है। इन हरकतों को लेख में बदला लेने की नीयत से किया गया मज़हबी और नेक काम वाली कोशिश कहा गया है। हिंसा के लिए मंदिरों, सार्वजनिक स्थानों और राजनीतिक हस्तियों को चुन लेने के लिए भी भड़काया गया है।

उल्लेखनीय है कि आतंकवादी संगठन आईएसआईएस समर्थित और कट्टर इस्लामिक ताकतों की आर्थिक मदद से चलने वाली पत्रिका वॉयस ऑफ खुरासान का प्रकाशन वर्ष 2021 में शुरू हुआ और कट्टर इस्लामिक ताकतों की मदद से उसका प्रकाशन जारी है। यह पत्रिका हिंदुओं और भारत सरकार पर लगातार खुला प्रहार कर रही है, लेकिन भारत सरकार इस पर नकेल कसने में अब तक विफल है।

### अहम मसलों पर...

इन सबके अलावा इस सम्मेलन की ग्रुप फोटो काफी चर्चाओं में आ गई है, जिससे साफ जाहिर होता है कि जी-7 का सदस्य न होते हुए भी भारत का दबदबा कायम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में पहुंचे। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

भारत ने जी-7 शिखर सम्मेलन में आउटरीच राष्ट्र के रूप में भाग लिया। दुनिया भर के नेताओं ने शुक्रवार रात जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच राष्ट्र सत्र में एक सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। यह तस्वीर सार्वजनिक फोरम पर आते ही भारत समेत दुनियाभर में चर्चा में आ गई। इस तस्वीर में पीएम मोदी मंच पर बीचोबीच खड़े दिखाई दे रहे हैं। जबकि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी खुद नीचे वाली लाइन में खड़ी हैं। यहां तक कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी नीचे खड़े नजर आ रहे हैं। उनके साथ अन्य देशों के प्रमुख भी दाएं-बाएं खड़े दिखे।

तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, मोदी जी, आपकी यह तस्वीर देख कर प्रत्येक भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा। वास्तव में 140 करोड़ भारतवासियों ने एक नायाब हीरा चुना है। एक अन्य यूजर ने लिखा, भारत बिना सदस्य बने जी-7 देशों में शामिल हो गया है और दुनिया के सबसे बड़े समूह के बीच में है। यह एक गौरव का पल है। एक और यूजर ने कहा, विश्व गुरु भारत। एक यूजर ने यह भी लिखा कि जलने वाले और जलेंगे इस फोटो को देखकर। एक यूजर ने लिखा, इस तस्वीर में हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी की जगह पर गौर फ़रमाइए। ये दुनिया में भारत की स्थिति को दर्शाता है, केंद्र बिंदु है भारत। तू मान या न मान, पर हकीकत यही है।

### पीएम मोदी और मेलोनी ...

जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अपने इतालवी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग को और बढ़ाने की उम्मीद जताई। बयान में कहा गया कि इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची भारत आएगा।

इसके अलावा, पीएम मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इतालवी अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया। पीएम ने बताया कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक का उन्नयन करेगा। पीएम मोदी और उनके इतालवी समकक्ष ने नियमित उच्च राजनीतिक वार्ता पर संतोष व्यक्त किया और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई भी दी।

13-15 जून तक इटली के पुगलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी इटली गए थे। पीएम मोदी 14 जून को आउटरीच सत्र में भाग लिया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर केंद्रित था। इस सम्मेलन में मध्य पूर्व, गाजा और यूक्रेन में चल रहे संघर्षों पर चर्चा हुई। विश्वभर के नेता इन जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने और समाधान के तरीकों पर बात की। इसके अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एजेंडा के प्रमुख विषयों में शामिल किया गया है।

जी-7 शिखर सम्मेलन में इटली ने भारत को अतिथि देश के तौर पर आमंत्रित किया था। दरअसल, यह पहली बार नहीं है जब भारत को जी-7 द्वारा आमंत्रित किया गया हो। 2019 से भारत को हर साल जी-7 में आमंत्रित किया जा रहा है। 2023 में जापान, 2022 में जर्मनी, 2021 में यूके और 2019 में फ्रांस ने भारत को आमंत्रित किया था। 2020 में अमेरिका ने भारत को आमंत्रित किया था लेकिन कोविड-19 के कारण सम्मेलन रद्द कर दिया गया था।

### मोदी की पहल: चीन...

शिखर सम्मेलन में चीन के विरुद्ध कड़ाई को और बढ़ाने के मुद्दे पर सहमत दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से फ्रांस, इटली, जर्मनी, ब्रिटेन के साथ अमेरिका का चीन की हरकतों पर लगाम कसने का प्रण आने वाले दिनों में विस्तारवादी कम्युनिस्ट देश के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

समिट के बाद जारी संयुक्त बयान कहता है कि दक्षिण चीन सागर में चीन के सैनिकों तथा समुद्री मिलिशिया का जिस प्रकार का खतरनाक रूप से प्रयोग करके अन्य देशों की गहन समुद्र में नौवहन की आजादी को बार-बार बाधित करना उचित नहीं है। ऐसी जोर जबरदस्ती वाली हरकतों का विरोध हर स्तर पर किया जाएगा। प्रस्ताव में कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की बात दिखाती है कि यूरोप अब चीन की हेकड़ी को सहज में मानने को तैयार नहीं है। ऐसी चीनी कंपनियों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाने का वादा किया गया है जो यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में रूस की मददगार बनी हुई हैं। इसमें चीन के ऐसे वित्तीय संस्थानों पर भी कार्रवाई करने की बात है जो हथियारों के उपकरण और ऐसी तकनीकें रूस को मुहैया करा रहे हैं जिनसे रूस यूक्रेन के विरुद्ध और मारक हथियार बना सकता है।

जी-7 नेताओं का संयुक्त वक्तव्य कहता है कि सदस्य देश यूक्रेन के विरुद्ध रूस की सहायता कर रहीं तीसरे देशों की संस्थाओं तथा व्यक्तियों की अपनी वित्तीय प्रणालियों तक पहुंच रोक देंगे। चीन जिस प्रकार का अनुचित व्यापारिक व्यवहार कर रहा है, यह कदम दरअसल उसके प्रति विरोध दर्ज कराने वाला माना जा रहा है। चीन के साथ इन देशों का जो व्यापार घाटा चल रहा है उसे भी कम करने की बात बलपूर्वक कही गई है। चीन को साफ कहा गया है कि वह निर्यात नियंत्रण के माध्यम से आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करने से बाज आए।

चीन विशेष रूप से चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्माण में लगने वाले विशेष खनिजों पर एकतरफा निर्यात प्रतिबंध लगाए हुए है जिन्हें जी-7 देश अनुचित बताते हैं। चीन की इस प्रकार की धूर्त चालों से अपने कारोबार को बचाने की बात भी जी-7 का प्रस्ताव प्रमुखता से करता है।

बयान में आगे कहा गया है कि दक्षिण चीन सागर में चीन के सैनिकों तथा समुद्री मिलिशिया का जिस प्रकार का खतरनाक रूप से प्रयोग करके अन्य देशों की गहन समुद्र में नौवहन की आजादी को बार-बार बाधित करना उचित नहीं है। ऐसी जोर जबरदस्ती वाली हरकतों का विरोध हर स्तर पर किया जाएगा।

जी-7 में एक और महत्वपूर्ण बिंदु इस बयान में स्पष्ट हुआ है। इसमें गर्भपात के अधिकार को लेकर सदस्यों की प्रतिबद्धता अब नहीं रही। गत वर्ष जापान में जो शिखर सम्मेलन हुआ था उसमें जी-7 नेताओं ने यह मुद्दा जोरशोर से उठाया था कि दुनिया में महिलाओं की सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात तक पहुंच हो। लेकिन इस बैठक में उस मुद्दे को त्याग दिया गया। यह इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलनी के विरोध के बाद संभव हो पाया, इसलिए प्रस्ताव में भी इसका जिक्र नहीं किया गया।

### रक्षा उत्पाद के...

रक्षा मंत्री के मुताबिक, मंत्रालय जल्द ही एक नई रक्षा निर्यात संवर्धन एजेंसी स्थापित करने की योजना पर काम कर रहा है, जो कि विदेशी हथियारों की बिक्री पर ध्यान केंद्रित करेगी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में भारत सरकार ने कई देशों को 155 एमएम की तोपें, ब्रह्मोस मिसाइलें, मल्टी बैरल रॉकेट सिस्टम और गोला-बारूद का निर्यात किया गया है।

### स्विस शांति ...

यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब इटली में एकत्रित जी-7 के नेता ने यूक्रेन के लिए 50 बिलियन यूरो के ऋण के लिए एक नए समझौते पर हस्ताक्षर किया है। ऋण को 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोपीय संघ और अन्य पश्चिमी देशों द्वारा फ्रीज की गई रूसी केंद्रीय बैंक की परिसम्पत्तियों पर ब्याज से होने वाले लाभ के जरिए सुरक्षित किया जाएगा। दो दिवसीय शांति सम्मेलन लुसर्न के बाहर लक्जरी बुर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में आयोजित किया जा रहा है। इसमें युद्ध को समाप्त करने के लिए यूक्रेन की प्रस्तावित 10 सूत्री योजना पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ परमाणु खतरा, खाद्य सुरक्षा और यूक्रेन में मानवीय आवश्यकताओं पर भी चर्चा की जाएगी।

यह सम्मेलन ऐसे वक्त में हो रहा है जब शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने व्लादिमीर पुतिन ने मांग की कि यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए उसे अधिक भूमि देनी होगी, अपने देश के अंदर तक मौजूद सैनिकों को वापस बुलाना होगा और नाटो में शामिल होने की अपनी कोशिशें छोड़ देनी होंगी। हालांकि, इन प्रस्तावों को यूक्रेन, अमेरिका और नाटो ने अस्वीकार कर दिया था। अब शांति सम्मेलन में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने और उसका सम्मान करने के संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों के महत्व पर चर्चा होने की उम्मीद है।

सम्मेलन के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि इसका उद्देश्य है कि किसी भी अनुपयोगी पहल के लिए जगह कम हो। इसे जेलेंस्की के लिए एक सफलता के रूप में देखा जाएगा, जो अपनी शांति योजना के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने का लक्ष्य बना रहे हैं। शांति योजना में यूक्रेन से रूसी सैनिकों की पूरी तरह वापसी और 1991 के सोवियत-पूर्व की सीमाओं पर वापसी शामिल है।

बुधवार को सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ हुई वार्ता के बाद जेलेंस्की ने उम्मीद जताई थी कि सऊदी अरब भी इसमें शामिल हो सकता है। रूस ने इस बैठक को निरर्थक बताया है। उधर चीन ने कहा कि वह इसमें भाग नहीं लेगा, क्योंकि यह सम्मेलन रूस की भागीदारी सहित उसकी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता।

यूक्रेन पर स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के लिए भारत ने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने इटली में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ बैठक को बहुत उत्पादक बताया और कहा कि भारत यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। नेताओं ने व्यापार, संबंधों के विस्तार और शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक के बाद जारी एक बयान में जेलेंस्की ने कहा, शिखर सम्मेलन में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद।

मार्च 2024 में प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से बात की थी। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई वार्ता के बारे में जानकारी देते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति ने स्विट्जरलैंड वार्ता का जिक्र किया था। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बताया था कि उनके लिए भारत को औपचारिक शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेते देखना महत्वपूर्ण होगा। स्विट्जरलैंड शांति शिखर सम्मेलन इसे समावेशी बनाना चाहता है। इसी सोच के तहत स्विस विदेश मंत्रालय ने ग्लोबल साउथ के नेताओं तक भी पहुंच बनाई है। फरवरी महीने में विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस के भारत और चीन दौरों में रूस-यूक्रेन संघर्ष सबसे बड़ा विषय था। इस कड़ी में खुद युद्धरत देश यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भारत को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। जेलेंस्की का कहना है कि यूक्रेन दुनिया के उन सभी देशों के लिए खुला है जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं।

युद्ध के शुरू होने के साथ दुनिया दो धड़ों में बंटना शुरू हो गई थी। यूक्रेन का साथ देने के लिए नाटो सदस्य देश खड़े हो गए तो अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस समेत कई देशों ने युद्ध से बाहर रहते हुए इसको मदद पहुंचानी शुरू कर दी। दूसरी ओर चीन, दक्षिण कोरिया, ईरान जैसे देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस के साथ खड़े हुए। हालांकि, भारत ने किसी का पक्ष नहीं लिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर का कहना है कि भारत सार्वजनिक रूप से इस युद्ध की समाप्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारत विरोधी अरुंधति...

उन्होंने कहा, हमारी सबसे बेहतरीन सोच रखने वाली, हमारी सबसे बहादुर आवाज़ों में से एक, अरुंधति रॉय के साथ एकजुटता में! फासीवादी सबसे बुरे एवं कायर हैं।

उल्लेखनीय है कि अरुंधती रॉय पर जिस प्रसंग में यूएपीए को मामला लगाया गया है, वह मामला साल 2010 से जुड़ा है। अरुंधति रॉय और डॉक्टर शेख शौकत हुसैन ने 21 अक्टूबर 2010 को एलटीजी ऑडिटोरियम कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में आजादी- द ओनली वे के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में उत्तेजक भाषण दिए थे। सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई और बात कही गई, उनमें कश्मीर को भारत से अलग करने का प्रचार किया गया था। सम्मेलन में भाषण देने वालों में सैयद अली शाह गिलानी, एसएआर गिलानी (सम्मेलन के एंकर और संसद हमले मामले के मुख्य आरोपित), अरुंधति रॉय, डॉ. शेख शौकत हुसैन और अर्बन नक्सल वरवरा राव शामिल थे।

आरोप है कि गिलानी और अरुंधति रॉय ने इस बात का मजबूती से प्रचार किया था कि कश्मीर कभी भी भारत का हिस्सा नहीं रहा और उस पर भारत के सशस्त्र बलों ने जबरन कब्जा किया है। उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर राज्य को भारत से आजादी दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए। इस सम्मेलन की शिकायतकर्ता की ओर से रिकॉर्डिंग की गई थी, जोकि उपलब्ध कराई गई।

इस मामले की शिकायत कश्मीरी कार्यकर्ता सुशील पंडित की ओर से कोर्ट में 28 अक्टूबर 2010 को गई थी। इसके बाद कोर्ट ने 27 नवंबर 2010 को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। शिकायत के एक माह बाद 29 नवंबर 2010 को सुशील पंडित की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था।

### मुठभेड...

उल्लेखनीय है कि 161 दिन के अंदर 141 नक्सली मारे जा चुके हैं।छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों ने 30-30 किलो विस्फोटक वाले सीरीज आईईडी और एक कुकर बम बरामद किया। जिला बल और 231 बीएन सीआरपीएफ के बम निरोधक दस्ते के संयुक्त अभियान के तहत ये कार्रवाई की गई है।

### इटली में भी...

अभी हाल में तो इटली में महात्मा गांधी की प्रतिमा को खालिस्तानी समर्थकों ने खंडित भी कर दिया, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी करने जा रहे थे। परंतु इस अपमान को लेकर गांधीवादियों से लेकर कांग्रेस के किसी भी नेता की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। क्या वह वर्ग मात्र इस कारण प्रसन्न हो रहा है कि नरेंद्र मोदी का विरोध हो रहा है? क्या नरेंद्र मोदी का विरोध महात्मा गांधी के अपमान से भी बड़ा मानक है? हालांकि, अब ऐसे प्रश्न उठने बंद हो जाने चाहिए, क्योंकि आज से तीन वर्ष पहले भी अमेरिका में महात्मा गांधी की प्रतिमा को खालिस्तान समर्थकों ने खंडित किया था।

आखिर ऐसा क्यों है कि भारत के ऐसी धरोहर की प्रतिमा के प्रति यह अपमान बहुत सहज होकर रह गया है? क्या महात्मा गांधी की प्रतिमा को खंडित करने वाले तत्वों को भी यह बात समझ में आ गई है कि गांधीवादियों और कांग्रेस के लिए केवल नरेंद्र मोदी का विरोध ही मायने रखता है, महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ किया गया अपमान नहीं?

विदेशों में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं का अपमान किए जाने की लगातार हो रही घटनाओं पर चुप्पी क्यों है? सबसे हैरान करने वाली बात यही है कि तीन वर्ष पहले अमेरिका में उत्तरी कैलिफोर्निया में महात्मा गांधी की जिस प्रतिमा को तोड़ा गया था, उसे भारत सरकार ने वर्ष 2016 में डेविस शहर को उपहार में दिया था और जब इस प्रतिमा को स्थापित किया जा रहा था तब भी भारत विरोधी एवं गांधी-विरोधी संगठनों ने इस प्रतिमा को स्थापित किए जाने का विरोध किया था।

यह घटना कुछ वर्ष पुरानी है, लेकिन अभिव्यक्ति की आजादी और महात्मा गांधी के विचारों का उत्तराधिकारी मानने वाली जमात का विरोध न तब सुनाई दिया और न अब। ऑर्गनाइज़ेशन फॉर माइनोरिटीज इन इंडिया नामक कट्टर संगठन, जिसकी प्रतिबद्धता खालिस्तानी समर्थकों के साथ है, उसने महात्मा गांधी की प्रतिमा को स्थापित किए जाने का विरोध किया था और यह ऐसा संगठन है, जिसने वर्ष 2016 में भारत शब्द का ही विरोध किया था। इस संगठन ने कैलिफोर्निया स्कूल की कक्षा छह और सात की पुस्तकों में इंडिया शब्द को हटाकर साउथ एशिया किए जाने का अभियान चलाया गया था।यह हैरानी की बात है कि भारत विरोधी, गांधी विरोधी अभियान विदेशों में इतने वर्षों से चल रहे हैं, परंतु स्वयं को गांधी जी का स्वाभाविक उत्तराधिकारी मानने वाले लोगों के द्वारा इन सभी घटनाओं का विरोध तो छोड़ ही दिया जाए, उल्लेख तक नहीं किया जाता। ऐसा क्यों? क्या उन्हें ऐसा लगता है कि इन विरोधों के चलते भारत की नरेंद्र मोदी सरकार कमजोर हो जाएगी और जिससे अंततः उनका ही लाभ होगा?ऐसी एक नहीं कई घटनाएं हुई हैं। वर्ष 2022 में न्यूयार्क में एक मंदिर के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा को अनावरण से पहले दो बार तोड़ा गया था। वर्ष 2022 में फरवरी में मैनहट्टन के यूनियन स्क्वेर में भी महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा को तोड़ दिया गया था। वह प्रतिमा काफी पुरानी थी। इसी के साथ वर्ष 2020 में वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास के सामने मौजूद बापू की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया गया। ऐसा कहा जाता है कि ये काम भी खलिस्तान समर्थकों ने किया था। लेकिन मोहब्बत की दुकान चलाने वाले चुप्पी साधे रहे।हाल ही में कनाडा से लेकर अमेरिका तक पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को लेकर जो घटनाएं हुई हैं, वे और भी खतरनाक हैं और उस पर भी इंदिरा गांधी की विरासत का दावा करने वाले हर वर्ग की चुप्पी और भी खतरनाक है। कनाडा में ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर खालिस्तान समर्थकों का जोश देखने लायक था। कनाडा में एक झांकी निकाली गई, जिसमें इंदिरा गांधी के पुतले को सिख अंगरक्षक गोली मारते दिखाए जा रहे हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि यह झांकी निकालकर किसे डराया जा रहा है? उसी अंगरक्षक का बेटा लोकसभा का चुनाव जीत कर सांसद बन जाता है। यह देश की विडंबना ही तो है।कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने इस घटना पर अपना विरोध व्यक्त करते हुए कहा, वैंकूवर में खालिस्तान समर्थक हिंदू भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शरीर पर गोलियों के निशान और हत्यारे बने उनके अंगरक्षकों के हाथों में बंदूकें लिए पोस्टर लेकर फिर से हिंदू-कनाडाई लोगों में हिंसा का डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। यह कुछ साल पहले ब्रैम्पटन में इसी तरह की धमकियों और कुछ महीने पहले सिख फॉर जस्टिस के पन्नू द्वारा हिंदुओं से भारत वापस जाने की अपील के बाद की धमकियों के आगे की कार्रवाई है। मैं फिर से कनाडा में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान करता हूं।उन्होंने कहा कि यदि इसे रोका नहीं गया तो इसके असली परिणाम भी निकल सकते हैं और उन्होंने साफ कहा कि यह हिंदुओं को डराने की कोशिश है क्योंकि इंदिरा गांधी के माथे पर बिंदी यह स्पष्ट संदेश है कि निशाना कौन है? परंतु भारत में न ही इस घटना का और उसके बाद इटली में महात्मा गांधी की प्रतिमा को खालिस्तानियों ने तोड़ दिया, उसका भी कोई विरोध नहीं आया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor, APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19), Near Bus Stand, Ranigunj, Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 16 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# सर्व राजस्थानी फाउंडेशन के जॉब मेले में 65 आवेदकों का मौके पर चयन

*** 157 आवेदकों को कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया गया * 415 आवेदकों ने नौकरी के लिए भरे आवेदन पत्र**



**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सर्व राजस्थानी फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को जॉब मेले का आयोजन ऋषि श्रृंग भवन में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि अमृत कुमार जैन एवं गोपाल बल्दवा द्वारा परशुराम पूजा व दीप प्रज्वलन कर किया गया। अध्यक्ष रामदेव नागला ने पधारे हुए अतिथि गण अमुतकुमार जैन, गोपाल बल्दवा, पंडित पुरुषोत्तम लाला, नंदकिशोर व्यास बिलाल, प्रेमलता रूपचंद व्यास, जगदीश प्रसाद वर्मा, भरत चाण्डा, विक्रम शर्मा, आशीष पंडित, अनिल जायलवाल, पवन गुरु, गोविन्द काकाणी, विनय नाहटा, अरिहंत जैन, पुरुषोत्तम पटेल, राहुल मंत्री का संयोजक मंडल के सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया।

आयोजन स्थल पर 48 आईटी तथा अन्य कंपनियों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम में 415 आवेदकों ने जॉब के लिए आ-वेदन पत्र भरे, जिसमें 65 आ-वेदकों का आयोजन स्थल पर ही चयन हो गया तथा 157 आ-वेदकों को कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है।

बड़े हर्ष की बात है कि जॉब मेले के प्रारम्भ में ही प्रथम जॉब सिखवाल समाज की ममता तिवारी को यूनिसेफ कंपनी में मिला।

इस आयोजन में हैदराबाद तथा सिकंदराबाद के अलावा तेलंगाना और महाराष्ट्र से भी इंटरव्यू के लिए आवेदक उपस्थित हुए। आयोजन स्थल खचाखच भरा हुआ था, जिसका श्रेय संदीप जायलवाल, राजेश पंडित, पवन तिवारी को जाता है। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन जोन 16 के अध्यक्ष हरिकिशन ओझा, श्री माली समाज के सागर त्रिवेदी, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के विनय शर्मा, सैनिक क्षत्रिय माली समाज के मनीष भाटी, दायमा समाज के हरिनारायण व्यास, सुरेश गांधी, गोपाल डोबा, गुजर गोड समाज के अरविन्द नारायन्या, सिखवाल समाज के सीए राजेन्द्र नागला, राजेन्द्र ओझा, राधेश्याम नागला तिवारी, सूर्यप्रकाश उपाध्याय अनुभवी, घनश्याम व्यास, सत्यनारायण उपाध्याय खारची, भगवान ओझा, पुष्करणा समाज के अर्जुन थानवी, पारीख समाज के दीपक पारीख, सिखवाल समाज से सावित्री नागला, रूचि पंडित, जमुना उपाध्याय, पराशर समाज महिला अध्यक्षा नेहा पराशर, दायमा समाज की हेमलता शर्मा, निजामाबाद से पधारे जुगलकिशोर पांड्या नेताजी, नांदेड से पत्रकार डॉ. जयप्रकाश नागला तथा सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को भव्य बनाने में रामदेव नागला, संदीप जायलवाल, राजेश पंडित, पवन तिवारी, सुनील व्यास, धर्माराम ढाका, कमल नारायण उपाध्याय, मुरलीधर तिवारी, नरपत जोशी, जुगलकिशोर उपाध्याय, भगवती प्रसाद ओझा, अजय पण्डित, अमर जायलवाल, विशाल शर्मा, लक्ष्मीकांत व्यास, नरेश पांड्या, मुकेश शांडिल्य, हरिप्रसाद शर्मा, नंदकिशोर काकड़ा, विशाल शर्मा, संतोष पंडित, सुरेश सोनी, अजय कंदोई, कांता जायलवाल, किरण व्यास, दुर्गा ओझा, राजेश्वरी उपाध्याय, उषा खरतावत, संगीता पांडिया, गायत्री तिवारी ने जॉब मेला सम्पन्न कराने में सहयोग दिया। फाउंडेशन के संस्थापक एवं महामंत्री संदीप जायलवाल ने जॉब मेला में सम्मिलित समस्त कंपनियों, आवेदकों एवं उपस्थित महिला एवं पुरुषों तथा एलएमजीएस स्मार्ट किड्स हाई स्कूल का आभार प्रकट किया।






जामबाग डिवीजन के पार्षद राकेश जयसवाल केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी.किशन रेड्डी के जन्मदिन समारोह में शामिल हुए। इस उपलक्ष्य में ईएनटी अस्पताल कोटि हैदराबाद में मरीजों को फल और ब्रेड वितरित किए। इस मौके पर उनके साथ भाजपा नेता श्रीनिवास यादव, अमर सिंह, अनिल यादव, सुरेश के टॉल्डी काजल, रेणुका, नरसिंह और अन्य कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

# एसडी सिग्नोडिया कॉलेज के एमबीए छात्रों का इंडस्ट्रियल भ्रमण सम्पन्न



**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित शंकरलाल धनराज सिग्नोडिया कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की एमबीए इकाई द्वारा इंडस्ट्रियल टूर आयोजित किया गया। कॉलेज कॉरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यूनिवर्सिटी पाठ्यक्रम में इंडस्ट्रियल टूर के अन्तर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः 8 बजे बस द्वारा करीब 50 विद्यार्थी एवं पढ़ाने वाले प्रोफेसर कोत्तूर स्थित विजय पॉली प्लास्ट लिमिटेड एवं विजय पॉली फिल्म्स में गए, जहां पॉली फिल्म्स बनाने की विधि का ज्ञान प्राप्त किया जनरल मैनेजर डी. रॉय, श्रीवास्तव एवं प्रोसेस के उपाध्यक्ष अंकित ने सभी विद्यार्थियों को फैक्ट्री में फिल्म बनाने की विधि बताई। यह फिल्म रोजमर्रा के खाने के जैसे लेज, हल्दीराम आदि कई कंपनी के समान जैसे चिप्स, खारा, मसाले एवं अन्य खाने की चीजें जिसमे पैक की जाती है उसे कैसा बनाते हैं उसे समझाया। दोपहर के भोजन की व्यवस्था इंडस्ट्री द्वारा की गई थी। संस्था के कॉरेस्पोंडेंट, डायरेक्टर, प्रोफ़ेसर्स एवं विद्यार्थियों द्वारा इंडस्ट्री के चेयरमैन विजय कुमार पित्ती का ह्रदय से धन्यवाद किया गया जिनके कारण इस इंडस्ट्रियल भ्रमण का कार्य सुनियोजित तरीके से संपूर्ण हुआ। इस भ्रमण में डिपार्टमेंट की डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. पल्लवी के. रंगनाथ, सहायक प्रोफेसर ए. वेंकटेश, टी. सत्यजीत सिंह, डी. रशमी, लाइब्रेरियन बी. सीनू, ऑफिस इंचार्ज सुनयना, कर्मचारी भाग्यलक्ष्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। धन्यवाद प्रस्ताव पत्र चेयरमैन विजय पित्ती को कॉलेज की ओर से सौंपा गया।

# सांसद कोण्डा विश्वेश्वर रेड्डी एवं सीए एसबी काबरा सम्मानित



**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउनडेशन एवं लव फॉर काऊ की ओर से शनिवार को चेवेल्ला सांसद कोण्डा विश्वेश्वर रेड्डी एवं प्रमुख चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एसबी काबरा को सम्माननित किया गया।

प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन की सहमंत्री तोरल जागीरदार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में चेवेल्ला लोकसभा से भारी बहुमत से चुनकर आने पर भाजपा नेता एवं नवनिर्वाचित सांसद कोण्डा विश्वेश्वर रेड्डी और तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश टेक्स बार असोसियेशन के चुनाव मे उपाध्यक्ष पद पर चुने जाने पर सुप्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट, समाजसेवी एसबी काबरा को लव फॉर काऊ फाउण्डेशन के ट्रस्टी व प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के मंत्री रिद्धीश जागीरदार ने उन्हे शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्माननित किया। अवसर पर जैन संस्कार मंच के संयोजक अभय चौधरी व अक्षत चौधरी, तेलंगाना गौशाला फेडरेशन के मानद अध्यक्ष महेश अग्रवाल, नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के पीआरओ भगवान प्रसाद गौड, आरएसएस सेवा भारती के संयोजक मयूर अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

रिद्धीश जागीरदार ने कहा कि सांसद कोण्डा विश्वेश्वर रेड्डी व एसबी काबरा दोनो काफी सरल व्यक्तित्व के धनी हैं और अत्यंत व्यस्त होने के बावजूद सामाजिक कार्यो के लिए हमेश समय देते है और तन, मन-धन से सहयोग करते हैं। अन्य उपस्थितों ने भी दोनो के सेवा कार्यो के लिए प्रशंसा की।उल्लेखनीय है कि एसबी काबरा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं मे अपनी सेवाएं दे रहे हैं जिनमें सेबी के नामित सदस्य (सेक्युरिटी एक्स-चेन्ड बोर्ड ऑफ इंडिया), ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टेक्स प्रैक्टिशनर संस्था में उपाध्यक्ष, हैदराबाद स्टॉक एक्सचेन्ड डीसीप्लीनेरी कमिटि के सदस्य, लायन्स क्लब ऑफ हैदराबाद, साधुराम आई हॉस्पिटल के मानदमंत्री, एसवीस चेरीटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टेक्स प्रेक्टिशनर दक्षिण भारत के सहमंत्री, राधा गोविन्द गौरक्षा समिति तिरुपति के ट्रस्टी, द हैदराबाद चिल्ड्रन्स एंड सोसायटी (राधाकृष्ण होम-नानल नगर) के कोषाध्यक्ष लव फॉर काऊ फाउण्डेशन व प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के परामर्शदाता, आ.प्र. सरकार द्वारा उस्मानिया जनरल अस्पताल के नामित स्टेट फाइनेन्स समिति सदस्य आदि प्रमुख है। हैदराबाद मैनेजमेंट असोसियेशन, बोम्बे चार्टर्ड अकाउन्टेट सोसायटी, राजस्थानी ग्रेजुएट असोसियेशन, प्रोफेशनल फोरम हैदराबाद, द वेदान्ता केसरी, चेम्बर ऑफ इन्कम टेक्स, कन्सल्टेन्ट मुंबई के आजीवन सदस्य, इन्सटीट्युट ऑफ चार्टर्ड एकाउनटेन्ट ऑफ इंडिया, दामोद-रलाल हेडा एजुकेशन ट्रस्ट, वीर हनुमान टेम्पल पब्लिक चेरीटेबल ट्रस्ट, निदेशक पब्लिक एन्ड प्राईवेट लिमिटेड कम्पनीज के सदस्य होने के साथ साथ विभिन्न संस्थाओ से जुडे हैं।

# तेरापंथ महिला मंडल की श्री उत्सव प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़



**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में श्री उत्सव एक कदम स्वावलंबन की ओर का भव्य आयोजन तेरापंथ भवन डीवी कॉलोनी में किया गया। श्री उत्सव प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी प्रदर्शनी सह बिक्री की धूम जारी रही । मंत्री सुशीला मोदी ने बताया कि तेरापंथ भवन डीवीकॉलोनी में आयोजित इस प्रदर्शनी में लगभग 1500 लोगों का आवागमन बना रहा।

मंडल की मंत्री सुशीला मोदी ने बताया कि भारत वर्ष में 444 शाखा मण्डलों द्वारा प्रतिवर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए श्री उत्सव प्रदर्शनी का लगभग 36 वर्षों से आयोजन हो रहा है। पूर्वाध्यक्ष, संयोजिकाओं तथा मंडल की बहनों द्वारा नवकार मंत्र के उच्चारण के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ।

अध्यक्ष कविता अच्छा एवं मंत्री सुशीला मोदी ने विशिष्ट महिला भगवती महेश बल्दवा, उद्घाटनकर्ता प्रभात संगीता सेठिया, अमृतलाल मीनाक्षी आंचलिया, विशेष अतिथि पुष्पा बाई आच्छा, सभाध्यक्ष बाबूलाल बैद, युवक परिषद अध्यक्ष निर्मल दूगड़, अणुव्रत समिति अध्यक्ष प्रकाश एच भंडारी, अमिता एवं भवि मुणोत का तिलक लगाकर स्वागत किया। उद्घाटनकर्ताओं ने रिबन खोलकर ऊँ अर्हम की गुंजार के साथ श्री उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया।

रीटा सुराणा ने मंच संचालन करते हुए सभी विशिष्ट व्यक्तियों को मंच पर आमंत्रित किया। शांता बैद ने महामंत्र नवकार का संगान किया। सभी संयोजिका बहनों ने प्रेरणा गीत हो संकल्प सत्य शिव सुंदर का सुमधुर संगान किया। अध्यक्ष कविता अच्छा ने पधारे हुए सभी अतिथियों का, पूर्व अध्यक्षों का, मंडल की सभी बहनों का, मेहमानों का तथा सभी स्टॉल वालों का तहे दिल से स्वागत किया।

# मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा के रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्र




**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शाखा मंत्री शीतल जैन के अनुसार शाखा अध्यक्ष रक्षा जैन की अध्यक्षता में गच्चीबावली स्थित द स्काईव्यू 10 आईटी कंपनी में विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शुरुआत शाखा की सदस्या अनीता सुराणा ने अपना रक्त देकर की। शाखा की ओर से सभी रक्तवीर एवं रक्त वीरांगनाओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। शाखा परिवार की ओर से सभी रक्त वीरों को बहुत-बहुत साधुवाद। शिविर को सफल बनाने में द स्काई व्यू 10 आईटी कंपनी के मैनेजर नीलिमा, आंध्र प्रदेश तेलंगाना प्रांत के रक्तदान संयोजक मनोज जैन, सिकंदराबाद शाखा के जन सेवा संयोजक कैलाश वैष्णव, पर्ल शाखा रक्तदान संयोजिका पूनम बोहरा, अनीता सुराणा, सिद्धि बोहरा का सराहनीय सहयोग रहा।

# मौजूदा दौर का युद्ध बहुआयामी, सिर्फ जंग के मैदान तक ही सीमित नहीं : वीआर चौधरी



**जंग जीतने के लिए प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से अपनाना और उसका लाभ उठाना सीखना होगा**

**डुंडीगल में 235 प्रशिक्षु कैडटों को प्रदान किया गया कमीशन, इनमें 22 महिला अधिकारी भी शामिल**

**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 235 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण के सफल समापन पर शनिवार को वायु सेना अकादमी (एएफए), हैदराबाद के डुंडीगल में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) आयोजित किया गया। इस अवसर पर एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को संबोधित किया। परेड को संबोधित करते हुए एयर चीफ मार्शल ने कहा कि आधुनिक उग का युद्ध बहुआयामी है जो केवल जंग के मैदान तक सीमित नहीं, बल्कि लगातार विकसित होने वाला एक परिदृश्य है। यह जटिल डेटा नेटवर्क और नए साइबर प्रौद्योगिकियों से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम पुरानी सोच के साथ कल के युद्ध को नहीं लड़ सकते। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी कहा, आधुनिक युग की लड़ाई एक गतिशील और निरंतर विकसित होने वाला परिदृश्य है। यह केवल युद्ध के क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। यह जटिल डेटा नेटवर्क और साइबर प्रौद्योगिकियों से तेजी से प्रभावित हो रहा है। एक लीडर के तौर पर आप लोगों को जंग जीतने के लिए प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से अपनाने के साथ उसका लाभ उठाना सीखना होगा।

वीआर चौधरी ने कैडरों से आगे कहा कि व्यावसायिकता, आक्रामकता और पहल एक लीडर के तीन सबसे अहम गुण हैं। ऐसे लीडरों की भी आवश्यकता है जो विचारशील हों। कैडरों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि इस असाधारण मार्ग को चुनने के लिए भारतीय वायु सेना के मूल मूल्यों-मिशन, अखंडता और उत्कृष्टता को अपना मार्गदर्शक बनाएं। इससे पूर्व एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, चीफ ऑफ द एयर स्टाफ (सीएएस), समीक्षा अधिकारी, ने प्रशिक्षण के सफल समापन पर स्नातक फ्लाइट कैडेटों को राष्ट्रपति कमीशन प्रदान किया। स्नातक अधिकारियों में 22 महिला अधिकारी शामिल हैं, जिन्हें भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला है। समारोह में भारतीय वायुसेना और सहयोगी सेवाओं के कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ स्नातक अधिकारियों के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के 09 अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के 09 अधिकारियों और मित्र विदेशी देशों के 01 अधिकारी को भी उड़ान प्रशिक्षण के सफल समापन पर विंग्स से सम्मानित किया गया। यह पहली संयुक्त स्नातक परेड थी जिसमें चार साल पहले ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए 25 कैडेटों को भी अधिकारियों के रूप में कमीशन दिया गया। इनमें से 5 अधिकारियों को प्रशासन शाखा में, 3 को रसद शाखा में तथा 17 को भारतीय वायुसेना की तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है।


वायुसेनाध्यक्ष का स्वागत एयर मार्शल नागेश कपूर, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, प्रशिक्षण कमान और एयर मार्शल एस श्रीनिवास, कमांडेंट एएफए ने किया। परेड कमांडर ने आरओ को जनरल सलामी दी। इसके बाद एक शानदार मार्च पास्ट हुआ। स्नातक परेड के दौरान चार प्रशिक्षक विमानों द्वारा तालमेल युक्त और लयबद्ध फ्लाई-पास्ट किया गया, जिसमें पिलाटस पीसी-7 एमके-11, हॉक, किरण और चेतक हेलीकॉप्टर शामिल थे।

परेड का मुख्य आकर्षण कमीशनिंग समारोह था, जिसमें स्नातक फ्लाइट कैडेटों को समीक्षा अधिकारी द्वारा उनके रैंक और विंग्स से सम्मानित किया गया। स्नातक अधिकारियों को उसके बाद अकादमी के कमांडेंट द्वारा शपथ दिलाई गई, जहां उन्होंने देश की सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान की रक्षा करने की शपथ ली।

परेड को संबोधित करते हुए, वायु सेना प्रमुख ने नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों को उनके शानदार प्रदर्शन, सटीक ड्रिल मूवमेंट और परेड के उच्च मानकों के लिए बधाई दी। वर्ष 2024 को अपस्किलिंग द्वारा परिवर्तन का वर्ष घोषित किया गया और उसी के अनुरूप, उन्होंने सभी नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों से बहुआयामी लीडर बनने के लिए विभिन्न कौशल सीखने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा, आने वाले संघर्षों को कल की मानसिकता से लड़ा नहीं जा सकता। नए मानकों के निर्माता हमेशा पुराने मानकों के अनुयायियों पर भारी पड़ेंगे। आधुनिक युद्ध के बारे में बोलते हुए, सीएएस ने पासिंग आउट कैडेट्स को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध बहुआयामी है और निरंतर विकसित हो रहा है, और जटिल डेटा नेटवर्क और उन्नत साइबर तकनीकों से तेजी से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा, नेतृत्व के रूप में, आप सभी को निर्णायक युद्ध जीतने के लिए प्रभावी रूप से तकनीक को अपनाने, अन्वेषण करने और उसका लाभ उठाने की आवश्यकता है।

# पांच हत्यारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आसिफनगर पुलिस ने दो दिन पहले हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में शनिवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति सैयद ताहिर (27), उसके भाई सैयद इमरान (24) और सैयद मुजफ्फर (32), एवं दो अन्य सैयद अमान (24) और शेख जावेद (22) हैं। पुलिस के मुताबिक, मृतक मोहम्मद कुतुबुद्दीन उर्फ कुद्दूस ने पहले किसी बात को लेकर 2023 में झिर्रा, आसिफनगर में सैयद मुजाहिद की हत्या कर दी थी। मुजाहिद ताहिर, इमरान और मुजफ्फर का भाई है और तीनों हत्या का बदला लेना चाहते थे और मौके का इंतजार कर रहे थे।



प्रभारी डीसीपी साउथ वेस्ट स्नेहा मेहरा ने बताया कि गुरुवार रात को उन्होंने कुतुबुद्दीन को आसिफनगर रोड पर देखा। ताहिर और अन्य लोगों को देखते ही कुतुबुद्दीन सड़क पर भागने लगा। पांचों लोगों ने सड़क पर उसका पीछा किया और उस पर चाकुओं और लाठियों से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क पर लोगों की भीड़ जुटने के कारण गिरोह वहां से भाग गया। कुद्दूस को अस्पताल ले जाया गया जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को पांचों लोगों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है।

# रेवंत सरकार ने व्यापक पैमाने पर किए तबादले, कई जिलों को मिले नए कलेक्टर

**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने शनिवार को एक बड़ा फेरबदल करते हुए राज्य भर में कई जिला कलेक्टरों, अतिरिक्त कलेक्टरों और विभिन्न संगठनों के प्रबंध निदेशकों को स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने इस संबंध में पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। दिसंबर 2023 में राज्य में कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने के बाद जिला कलेक्टरों का यह बड़ा फेरबदल है। जिसके तहत 20 आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इन तबादलों के अलावा कुछ ही दिनों में दो साल से अधिक समय से एक ही पद पर काम कर रहे वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के और भी तबादले हो सकते हैं। मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेशों के अनुसार पेद्दापल्ली कलेक्टर मुजम्मिक खान को खम्मम स्थानांतरित किया गया है। बदावथ संतोष कुमार को नगरकरनूल कलेक्टर के रूप में तैनात किया गया है। ट्रांसको के संयुक्त प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत संदीप कुमार झा को राजन्ना सिरिसिला कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। अनुराग जयंती को



करीमनगर कलेक्टर के रूप में तैनात किया गया है। आशीष संघवन को कामारेड्डी कलेक्टर के रूप में तैनात किया गया है। विकाराबाद के अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) के रूप में कार्यरत राहुल शर्मा को अब भावेश मिश्रा की जगह जयशंकर भूपालपल्ली कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। सिक्ता पटनायक को नारायणपेट कलेक्टर के रूप में तैनात किया गया है।

जितेश वी. पाटिल को भद्राद्री कोठागुडेम कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है, वे प्रियंका अला की जगह लेंगे। कोया श्री हर्ष कुमार को अब पेद्दापल्ली कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। पी. प्रवीण्या को वारंगल से स्थानांतरित कर हनमकोंडा जिला कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। बी. सत्य प्रसाद को जगतियाल कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। बी. विजयेंद्र, जो टीआरएंडबी विभाग में सरकार के विशेष सचिव के रूप में कार्यरत हैं, को महबूबनगर कलेक्टर के रूप में स्थानांतरित किया गया है। कुमार दीपक को मंचेरियल कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रतीक जैन को विकाराबाद जिले के कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। नारायण रेड्डी को नलगोंडा के कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है, वे हरिचंदन दासरी की जगह लेंगे। आदर्श सुरभि को वानापर्थी कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। तेजस नंदलाल पवार को सूर्यपेट कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। एम. सत्य सारदा देवी, जो कृषि और सहकारिता विभाग के संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं, को वारंगल कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। अभिलाषा अभिनव को निर्मल कलेक्टर के रूप में तैनात किया गया है।

# अधिक कीमत पर बीज बेचने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई : जिला कलेक्टर

**आसिफाबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरम भीम आसिफाबाद के जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि यदि डीलर अधिक कीमत पर बीज बेचते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर दीपक तिवारी के साथ शनिवार को आसिफाबाद मंडल के बुरुगुड़ा मेन रोड स्थित कलावती सीड्स, फर्टिलाइजर्स एवं पेस्टिसाइड्स दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि डीलरों को कंपनी द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही बीज व उर्वरक बेचने का आदेश दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अधिक कीमत पर बीज व खाद बेचा गया तो दुकान सीज कर दी जायेगी तथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी। दुकान के सामने बोर्ड पर डीलर



लाइसेंस विवरण, दुकान अनुमति विवरण, स्टॉक स्तर और मूल्य तालिका रखी जानी चाहिए। बीज विक्रेताओं को किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाने चाहिए और खरीदे गए बीज के लिए उचित रसीद लेनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि नकली बीज की बिक्री से किसानों को नुकसान हुआ तो संबंधित कंपनी के डीलरों व मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल के मौसम के अंत तक बीज के खाली बैग रखना चाहिए और यदि किसान को नुकसान होता है, तो संबंधित कंपनियों से मुआवजा पाने का मौका है। जब उन्होंने वहां बीज खरीदने वाले किसान से बात की तो उन्होंने बताया कि डीलर ऊंची कीमत पर बीज बेच रहे हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, कलेक्टर ने जिला कृषि अधिकारियों को आदेश दिया कि वे रशीदु में किसानों के कारवां के नंबरों पर कॉल करें और उन्हें उच्च कीमतों पर किसने बेचा और उनका विवरण तुरंत पता करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, कृषि विभाग और पुलिस टास्क फोर्स के अधिकारियों को समन्वय बनाकर जिले में नकली बीजों की बिक्री और परिवहन को रोकना चाहिए। इस कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी श्रीनिवास राव, सहायक कृषि निदेशक मिलिंद कुमार व अन्य शामिल हुए।

# मृतक मजदूरों के परिजनों से मिले विधायक प्रेम सागर

## दिया हर संभव मदद एवं मुआवजा दिलाने का भरोसा



**मंचेरियाल, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विधायक कोक्किराला प्रेम सागर राव ने गुरुवार को मंचेरियाल में दीवार गिरने की घटना में मारे गए तीन पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने शुक्रवार को सरकारी अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे कि मृतकों के परिवारों को वह वित्तीय सहायता मिले जिसके वे हकदार हैं। विधायक ने कहा कि मृतक के परिजनों को श्रम विभाग से दो-दो लाख रुपये मुआवजा स्वीकृत कराया जायेगा तथा घटना को अंजाम देने वाले भवन मालिकों से भी मुआवजा दिलाया जायेगा। किसी भी जरूरत के मामले में उनसे संपर्क करने की सलाह दी गई है। साथ ही विधायक प्रेम सागर राव ने दीवार गिरने के जिम्मेदार भवन स्वामियों से भी चर्चा की। वे मृतकों के परिवारों को नकद मुआवजा देने पर सहमत हुए।

# दरिंदे को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए : बोटुपेल्ली जयराम



**आसिफाबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शुक्रवार को सुल्तानाबाद मंडल के कटापल्ली गांव में हुई रेप और हत्या की हुई घटना के विरोध में कुमरम भीम जिला अध्यक्ष बोटुपेली जयराम, उपाध्यक्ष कोले बिक्काजी ने आसिफाबाद पुलिस स्टेशन में पुलिस इंस्पेक्टर को दहेगाम मंडल के एलकारी महेश की बेटी के साथ बलात्कार और हत्या करने वालों को कड़ी सजा देने की मांग की। इस अवसर पर अध्यक्ष बोटूपेली अन्ना राव, महासचिव नागपुर मारुति, प्रचार सचिव करात कर रमेश, कोषाध्यक्ष एलुमुले दिलीप, सहायक सचिव बोटुपेली प्रशांत, आसिफाबाद मंडल अध्यक्ष गेडेकर संतोष कुमार, महासचिव दानापेली श्याम राव, यूनियन नेता लोखंडे मोहन, बुरुगाडा अध्यक्ष बुजादी वेंकन्ना, सचिव सप्ते बालकिशन, बेलगाम के अध्यक्ष कोले बिज्जू, आसिफाबाद के मुख्य सचिव नागपुर मारुति, कुरातकर जिमनाजी और अन्य ने भाग लिया।

# शिक्षकों को समय का पाबंद होना चाहिए : जिला कलेक्टर

**आसिफाबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने अतिरिक्त कलेक्टर दीपक तिवारी के साथ आसिफाबाद मंडल के तुओ पेली मंडल परिषद प्राथमिक विद्यालय का दौरा किया।

इस मौके पर स्कूल के बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया गया। शिक्षकों से छात्रों को दी जाने वाली समान पोशाक, पाठ्यपुस्तकों और मध्याह्न भोजन सुविधाओं के बारे में पूछा गया।

शिक्षकों द्वारा बड़ीबाता कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले छात्रों की संख्या बढ़ाना चाहते हैं। स्कूल छोड़ चुके विद्यार्थियों की पहचान कर उनका स्कूल में नामांकन कराया जाए।

छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को समय का पाबंद होना चाहिए। शिक्षकों कहा कि कि बारिश होने पर विद्यालय भवन की छत गिर जाती है और छात्रों को परे-शानी होती है।

सूचना मिलने पर कलेक्टर ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और डम्बर शीट स्थापित की। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला ग्रामीण विकास पदाधिकारी सुरेंद्र, पंचायत राज कार्यपालक अभियंता भास्कर, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य लोगों ने भाग लिया।

# मृतक बच्चे के परिजनों को सरकार देगी मुआवजा : हरीश बाबू



**कागजनगर, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने सुल्तानाबाद में हुई दुखद घटना में मृत बच्चे के परिवार से मुलाकात की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस दरिंदगी को अंजाम देने वाले को फांसी की सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से प्रभावित परिवार के सदस्यों को मुआवजा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वह इस घटना से स्तब्ध हैं, जिससे समाज के लोगों का सिर झुक गया है।

# अब एडवांस एमआरआई से स्लीप एपनिया का पता चलेगा

**लखनऊ 15 जून (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार नवाचार और शोध पर जोर दे रहे हैं ताकि आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर प्रदेशवासियों को इसका लाभ दिया जा सके। इसी क्रम में सीबीएमआर शोधकर्ता और एसजीपीजीआई के प्रोफेसर ने एमआरआई तकनीक के जरिये स्लीप एपनिया (नींद के दौरान होने वाली समस्याएं) के एडवांस स्टेज का पता लगाने के लिए एक शोध किया, जो सफल रहा। इससे शोध से अब एडवांस एमआरआई से स्लीप एपनिया के एडवांस स्टेज का पता लगाया जा सकेगा। इसके जरिये मरीज का सही दिशा और सटीक इलाज हो सकेगा।



सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर) के शोधकर्ता डॉ. अहमद रजा खान ने एसजीपीजीआई के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर जिया हाशिम और रेडियोडायग्रोसिस विभाग के प्रोफेसर जफर नियाज के सहयोग से किए गए अध्ययन में एमआरआई तकनीक के जरिए ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) के मस्तिष्क की सूक्ष्म संरचना पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया है। इस तकनीक से कुछ माइक्रोन से लेकर 20-30 माइक्रोन तक के ऊतक परिवर्तनों की जांच की जा सकती है, जो पारंपरिक एमआरआई माप से 100 से 1000 गुना अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। डॉ. अहमद ने बताया कि डिफ्यूजन एमआरआई ऊतकों में पानी के अणुओं के प्रसार को मापता है, जिससे ऊतक सूक्ष्म संरचना के बारे में जानकारी मिलती है। डिफ्यूजन एमआरआई में प्रगति, जैसे कि डिफ्यूजन कर्टोसिस इमेजिंग (डीकेआई), जटिल ऊतक वातावरण में गैर-गौसियन जल प्रसार व्यवहार की जांच करती है। बायोफिजिकल मॉडलिंग का उपयोग करते हुए, डीकेआई पैरामीटर एक्सोनल जल अंश जैसे श्वेत-पैरामीटर प्रदान कर सकते हैं। एक्सोन न्यूरॉन्स के ट्रंक हैं। इसलिए, ऐसी जानकारी (एक्स-ोनल जल अंश), मस्तिष्क में सेलुलर स्तर की न्यूरोनल संरचना को दर्शाती है।

एसजीपीजीआई के प्रोफेसर ने बताया कि एमआरआई से ऐसी सेलुलर जानकारी (एक्सोनल जल अंश) की जांच करके, शोधकर्ता न्यूरोनल संरचना की अखंडता और रोग प्रबंधन के विभिन्न समय पर ओएसए से जुड़े संभावित परिवर्तनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन के निष्कर्ष ओएसए वाले व्यक्तियों में देखी गई संज्ञानात्मक हानि और अन्य न्यूरोलॉजिकल परिणामों के अंतर्निहित न्यूरो बायोलॉजिकल तंत्र पर प्रकाश डालते हैं। इन तंत्रों को समझना ओएसए से संबंधित जटिलताओं के प्रबंधन के लिए बेहतर नैदानिक और चिकित्सीय रणनीतियों के विकास में योगदान दे सकता है।स्लीप एपनिया एक व्यापक स्थिति है, जो सोते समय व्यक्ति की सांस को बाधित करती है। इसके कारण व्यक्ति केवल सांस लेने के लिए जागता है, जिससे उसकी नींद बाधित होती है और उसे आराम महसूस नहीं होता। समय के साथ, स्लीप एपनिया गंभीर या यहां तक कि घातक जटिलताओं को जन्म दे सकता है, इसलिए शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है।

# दिव्यांगों के लिए निःशुल्क नारायण लिंब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर आज




**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** देश और विदेश में दिव्यांग लोगों और मानवता के लिए अपनी सेवाओं के लिए जाना जाने वाला नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर यहां तेलंगाना के दिव्यांग लोगों के लिए मुफ्त नारायण लिम्ब और कैलिपर्स फिटमेंट का एक विशाल शिविर आयोजित करेगा। शिविर 16 जून को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ईडन गार्डन फंक्शन पैलेस हॉल, किंग कोठी के पास शुरू होगा।

शुक्रवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए संस्थान के ट्रस्टी निदेशक देवेन्द्र चौबीसा ने कहा कि संस्थान पिछले 39 वर्षों से विभिन्न राज्यों के दिव्यांग लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। इसी कड़ी में नारायण सेवा ने 4 फरवरी को ईडन गार्डन, किंग कोटि में निःशुल्क नारायण अंग माप शिविर का आयोजन किया था, जिसमें 1500 से अधिक मरीजों ने अपना माप दिया था। इनमें से 800 लोग ऐसे थे जो सड़क हादसों में हाथ-पैर गंवाकर विकलांगता का शिकार हो गए थे।

नारायण सेवा संस्थान की हैदराबाद शाखा के संरक्षक जसमतभाई पटेल और अलका चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि अखिल भारतीय प्राचीन मंदिर जीर्णोद्धार ट्रस्ट, हैदराबाद जयसवाल सेवा समिति, अखिल भारतीय जैन अल्पसंख्याक महासंघ, लव फॉर काउ फाउंडेशन, प्राणि मित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन, श्याम बाबा मंदिर सेवा समिति, अग्रवाल समाज अट्टापुर केंद्रीय शाखा, तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, तेलंगाना आंध्र प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन, जैन सेवा संघ महिला विभाग, जैन महिला मंच, जैन संस्कार मंच, आदिनाथ भाग्यरत्न जैन संघ, कच्छ कड़वा पाटीदार समाज, गुजराती ब्राह्मण समाज सिकंदराबाद इसके अलावा सिद्धाचल राजेंद्रसूरी जैन श्वेतांबर संघ, श्री महावीर स्वामी जैन श्वेतांबर संघ, हैदराबाद समेत 15 अन्य समाज सेवा संगठन इससे जुड़े हुए हैं।

'जनप्रिय' कर्नाटक सरकार का 'लोकप्रिय' फैसला

# कर्नाटक में बढ़ा पेट्रोल और डीजल का दाम

**बेंगलुरु, 15 जून (एजेंसियां)।** कर्नाटक की जनप्रिय सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ाने का लोकप्रिय फैसला किया है। इस फैसले से पेट्रोल और डीजल की कीमत में तीन रुपए प्रति लीटर का उछाल आया है।



कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने पेट्रोल के दाम तीन रुपए और डीजल की कीमतों को लगभग 3.05 रुपए प्रति लीटर बढ़ाने का फैसला लिया है। कांग्रेस सरकार के इस फैसले के मुताबिक कांग्रेस सरकार ने पेट्रोल का सेल्स टैक्स 29.84 फीसदी, जबकि डीजल का बिक्री कर 18.44 फीसदी बढ़ाने का फैसला लिया है। इस फैसले के असर के बारे में पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने बताया कि कर्नाटक में तत्काल प्रभाव से पेट्रोल की कीमत लगभग तीन रुपए जबकि डीजल की कीमत 3.05 रुपए बढ़ जाएगी।

इस फैसले का असर उपभोक्ताओं के आम इस्तेमाल वाली चीजों पर भी पड़ने की आशंका है। रोजमर्रा में इस्तेमाल की जाने वाली चीजों की कीमतों में उछाल आ सकती है।

सीएसआईआर-आईआईसीटी ने मेसर्स प्रीमियर एक्सप्लोसिव्स के सहयोग से विकसित की नई प्रक्रिया

# प्रमुख प्रणोदक सामग्री सीएल-20 अग्रदूत के हस्तांतरण की दी जानकारी

**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सीएसआईआर-आईआईसीटी ने मेसर्स प्रीमियर एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड, हैदराबाद के सहयोग से सीएल-20 प्रणोदक की तैयारी के लिए उपयोग की जाने वाली प्रमुख सामग्री के लिए एक प्रक्रिया विकसित की।

सीएल-20 (चाइना लेक-20) एक उच्च ऊर्जा सामग्री है जिसका उपयोग मुख्य रूप से रॉकेट और मिसाइलों के प्रणोदक में ईंधन के रूप में किया जाता है। पारंपरिक आरडीएक्स की तुलना में इसका ऑक्सीडाइज़र-से-ईंधन अनुपात बेहतर है। यह पारंपरिक एचएमएक्स-आधारित प्रणोदक की तुलना में 20% अधिक ऊर्जा जारी करता है। सीएल-20 मुख्य सामग्री से तैयार किया जाता है जिसे आमतौर पर TAIW के नाम से जाना जाता है। इसे महंगे उत्कृष्ट धातु उत्प्रेरकों की उच्च सांद्रता का उपयोग करके तीन चरणों वाली प्रतिक्रियाओं द्वारा तैयार किया जाता है। यह प्रमुख सामग्री TAIW सीएल-20 बनाने के लिए भारत द्वारा आयात की गई है।




सीएसआईआर-आईआईसीटी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एन. लिंगैया और उनकी टीम ने टीएआईडब्ल्यू तैयार करने के लिए कम सामग्री और आसानी से सुलभ उत्प्रेरक के साथ एक उत्प्रेरक प्रक्रिया विकसित की। आईआईसीटी द्वारा विकसित उत्प्रेरक प्रक्रिया को मध्यम प्रतिक्रिया स्थितियों में केवल थोड़ी मात्रा में उत्प्रेरक की आवश्यकता होती है। विकसित प्रक्रिया आर्थिक और पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल है। यह विकसित तकनीक अन्य देशों से आयात पर भारत की निर्भरता को दूर करेगी। यह विकास रणनीतिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की ओर है। TAIW की व्यावसायिक तैयारी और उसके बाद सीएल-20 संश्लेषण से भारत को अपने मिसाइल और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए प्रणोदक के विकास में आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। यह विकसित प्रक्रिया प्रौद्योगिकी मैसर्स प्रीमियर एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड, हैदराबाद को हस्तांतरित कर दी गई। इस अवसर पर सीएसआईआर-आईआईसीटी के निदेशक डॉ. डी. श्रीनिवास रेड्डी और मेसर्स प्रीमियर एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. टी. वी. चौधरी दोनों पक्षों के अन्य वैज्ञानिकों के साथ उपस्थित रहे।

# योगी और कंगना का फर्जी वीडियो डालने वाले पर एफआईआर

**लखनऊ, 15 जून (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा सांसद कंगना राणावत का वीडियो एडिट कर उसे वायरल करने वाले यूजर के खिलाफ हजरतगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। वहीं, एक अन्य एक्स यूजर ने भी सीएम का एडिट वीडियो वायरल किया है।



गोमतीनगर स्थित गोल्डन क्रश अपार्टमेंट निवासी रवि प्रकाश के मुताबिक एक्स पर एक यूजर ने अपने अकाउंट से एक एडिट वीडियो पोस्ट की। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषण के अंश के साथ ही सांसद और अभिनेत्री कंगना राणावत के वीडियो को एडिट कर उसे आपत्तिजनक बनाकर दिखाया गया है। महिलाओं का भी गलत तरीके से चरित्र चित्रण किया गया है। इस कारण लोगों की धार्मिक भावना आहत हो रही है।

एक्स पर इजहार आलम नामक युवक ने अपने अकाउंट से मुख्यमंत्री का एक और एडिट वीडियो पोस्ट किया है। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय में चल रहे चतुर्वेद पारायण पाठ की हुई पूर्णाहुति





**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गायत्री वेद फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय मोईनाबाद में दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्व कल्याणार्थ उत्तम आयु आरोग्य ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए शुक्ल चतुर्वेद पारायण तृतीय ब्रह्मोत्सव वेद पारायण पाठ की पूर्णाहुति शनिवार को पूर्वान्ह 11.31 बजे हुई।

इस अवसर पर ट्रस्टी पंडित आशीष शर्मा, पंडित जगदीश शर्मा, अक्षय शर्मा, वेद मूर्ति सागर शिरीष कुलकर्णी, वेद विद्यालय के प्रधान अध्यापक वेद मूर्ति आदित्य पाठक, अध्यापक वेद मूर्ति आकाश शुक्ल, वेद पारायण में उपस्थित पंडित वैद्यनाथ पाठक, पद्माकर कुलकर्णी, सूरज शर्मा, मिथिलेश, रिषभ जोशी एवं समस्त विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

IN THE COURT OF THE HON'BLE
1st SENIOR CIVIL JUDGE,
CITY CIVIL COURT
AT HYDERABAD
S.O.P. No. 61 of 2024

Between

Raj Kumar Sharma & another ... Petitioners
AND
JSW Steel Limited ... Respondents
and others

To
All concerned
Whereas above named Petitioners have filed the above petition against you and others for grant of Succession Certificate in favour of Petitioner No.1 by directing the Respondent No.2 to transfer the 80 Shares of Respondent No.1 in the demat account of Petitioner No. 1. That the said case is posted on **09-07-2024** for objection if any. Therefore, all concerned are hereby summoned to appear in the above court on the above said date at 10:30 A.M. to answer the said case. Failing which the matter will be decided as per law.

**(By order of the court)**
Sd/-
**KISHORE SINGH**
Advocate
(Counsel for Petitioners)

# श्री गणेश मित्र मंडल ने विद्यार्थियों में किया नोट बुक और पेन वितरण




**हैदराबाद, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री गणेश मित्र मंडल द्वारा विवेक वर्धिनी स्कूल ध्रुव बाजार में नोटबुक और पेन वितरण किया, जिससे 60 से ज्यादा बच्चे लाभान्वित हुए। इसके अलावा जिन बच्चों ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया उनको स्कूल बैग और टिफिन बैग प्रदान करके उन्हें पुरस्कृत किया गया। उपस्थित हेडमास्टर और शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

विजय जैन ने बच्चों को अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक वर्ग में हेड मास्टर अमराज जोशी, जयश्री, सदानंद, जी भारत अम्मा आदि उपस्थित थे श्री गणेश मित्र मंडल के विजय जैन, दिलीप जैन, धर्मेंद्र झावक, श्रीनिवास, कमलेश प्रजापत, दशरथ राजपुरोहित और लीला देवी आदि उपस्थित थे। हेडमास्टर ने श्री गणेश मित्र मंडल का धन्यवाद व्यक्त किया।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, No.16112904K L/Nk GOVINDA RAO BHIMI REDDI, R/o.5-26, Vill:Bheemireddipalem, Po:Pamulavaka, Teh:Kotauratla, Dist:Visakhapatnam, Andhra Pradesh-531117 have changed my name from **GOVINDA RAO BHIMI REDDI** to **BHIMIREDDI GOVINDA RAO** vide affidavit dt:13-6-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME AND DOB**
I, No.15323228N Hav SURESH BABU P, R/o.99/1, 4th Cross, Jai Jawan Nagar, Vill:Subbannapalya, Po:Banaswadi, Teh:Bangalore North, Dist:Bangalore Urban, Karnataka-560043 that my mother name and DOB is to be changed from **G.NALANI**, DOB:**01-07-1957** to **G NALINI**, DOB:**01-01-1964** vide Affidavit dt:15-6-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No.JC 731590X Sub Jitendra Kumar Dwivedi of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my mother name is changed from **SURSATI DEVI** to **SUMAN** and my daughter name is to be changed from **KUMARI MAHAK DWIVEDI** to **MAHEK DWIVEDI**.

LIC एजेंट क्यों बनें.. ?
दोस्तो, हर कोई सुखी आरामदायक शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहता है...! है ना !
लेकिन हर व्यक्ति को यह नही मिलेगा इसके लिए इसे पाना जरूरी है
❖ अच्छी मासिक आय ❖ बंगला / फ्लॅट ❖ मोटारसायकल / कार
❖ आकर्षक पेंशन ❖ स्थायी आय स्त्रोत ❖ नाम और प्रसिध्दी
इसे हासिल करने के लिए कई लोग
❖ उनके परिवार को छोड दो ❖ लाखों और करोडों का निवेश करे
❖ मालिक और समय का गुलाम ❖ बहुत मेहनत करों
इस पृष्ठभूमि में बिना कोई जोखिम उठाए, बिना कोई पूंजी निवेश किए, अपने परिवार के साथ समय गुजारे 5 साल में, उपरोक्त सभी चिजे हासिल करने का .. जल्द से जल्द कमाने का तरीका LIC एजेंसी हैं.
LIC एजन्सी का लाभ
आर्कषक कमीशन दर
स्थायी नवीकरण आयोग
मोटरसायकल, कार, विवाह, त्यौहार लॅपटॉप आदि के लिए ब्याज मुफ्त अग्रिम
रियायत दर पर गृह ऋण
परिक्षा के माध्यम से द्वितीय श्रेणी अधिकारी बनने का अवसर
अतिरिक्त 2.50 लाख प्रतिवर्ष
5 लाख रू. ग्रॅच्युटी, समुहबिमा मेडीक्लेम
विभिन्न स्तरो पर विभिन्न पुरस्कार
LIC - जीवन बीमा में, भारत सरकारकी सबसे भरोसेमंद ब्रँड, एकमात्र कंपनी गारंटी के साथ ...!
पात्रता : 10 वी / 12 वी पास + पैसा कमाने की तलाश + फीस रू. फक्त
दस्तावेज : 10 वी बोर्ड प्रमाणपत्र, 12 वी मार्कशीट, आधारकार्ड, पॅनकार्ड झेरॉक्स, बँक पासबुक झेरॉक्स, 2 पासपोर्ट फोटो
विशेष अवसर
बँक कर्मचारी, टॅक्स कन्सल्टंट, अकाऊंटंट, व्यापारी, बीसीए, स्नातक छात्र, गृहिणी, शिक्षक, सेल्समैन, व्यवसायी, अनुभवी विपणक, सामान्य बीमा का एजेंट, हेल्थ इन्शुरन्स, रिअल इस्टेट एजेंट, RD एजेंट, ब्रोकर, अस्थाई कर्मचारी, स्वयरोजगार, निजी कर्मचारी एवं सेवानिवृत कर्मचारी, पशु चिकित्सक
Cell : 9100963055, 6305756906

A PROJECT BY
BASAI GROUP

hmda Growing Global




TG RERA APPROVED

Telangana Real Estate Regulatory Authority (TG RERA) is granted certificate under section 5 to the following project.

Pushpa Residency-1 (Regn. No. P02200008353) | Pushpa Residency-2 (Regn. No. P02200008349)

# PUSHPA RESIDENCY- 1

Quality Living Starts Here




## Ready to occupy @ Thumkunta <<SHAMIRPET

TYPICAL FLOOR PLAN



- 2 Bhk
- Parking 2 wheeler & 4 Wheeler
- 100% Vaastu



SCAN FOR SITE LOCATION

Everyone love to live in a beautiful & luxurious home where elders are happy & children grow up in a healthy environment. To experience the comfort of a spacious flat in a good neighbourhood, where fresh air & abundant water & the blissful silence of environment invites your family to live in comfort. Pushpa Residency is a prestigious project by Basai Group who have executed several successful projects. Their strength in the construction field can be gauged by the quality and dedication they bring to every project. we work hard to ensure customer satisfaction ... So why to wait now we provide you the luxurious flat in Thumkunta, Shamirpet .

FOR DETAILS
+91 77991 23471
94901 18708
Email : pushparesidency1@gmail.com


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.